गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

आज

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, शनिवार 17 अक्टूबर ,2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

सप्तमं कालरात्रि

मां दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गापूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन 'सहस्रार' चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्माण्ड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। कहा जाता है कि कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्माण्ड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं। नाम से अभिव्यक्त होता है कि मां दुर्गा की यह सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है अर्थात जिनके शरीर का रंग घने अन्धकार की तरह एकदम काला है। नाम से ही जाहिर है कि इनका रूप भयानक है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। अन्धकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति हैं कालरात्रि। काल से भी रक्षा करने वाली यह शक्ति है। इन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने का मंत्र है-

'एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥'

लोकतंत्र में जनादेश से निकलता है सत्ताका मार्ग, अराजकता से नहीं-योगी

भारत का लोकतंत्र जनविश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वट वृक्ष

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस सहित विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि हमारी युवाशक्ति भारत का भविष्य संवारने के लिए है, किसी की सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहीं। उन्होंने एक्स पर बयान देकर कहा कि लोकतंत्र में सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चुनाव सुधार का मुखौटा, न्याय का नारा और लोकतंत्र की दुहाई देकर देश में अस्थिरता के बीज बोने वालों को समझना होगा कि भारत का लोकतंत्र जन-विश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है, जिसे षड्यंत्रों के अंधड़ हिला नहीं सकते। उन्होंने एक्स पर बयान दिया कि लोकतंत्र में सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं। बांग्लादेश की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन का स्वप्न देखने वाली शक्तियां युवाओं के हाथों में राष्ट्र निर्माण की मशाल के स्थान पर अराजकता के औजार थमाना चाहती हैं। चुनाव सुधार का मुखौटा, न्याय का नारा और लोकतंत्र की दुहाई देकर देश में अस्थिरता के बीज बोने वालों को समझना होगा कि भारत का लोकतंत्र जन-विश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है, जिसे षड्यंत्रों के अंधड़ हिला नहीं सकते। हमारी युवाशक्ति भारत का भविष्य संवारने के

लिए है, किसी की सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहीं। जनता-जनार्दन ने राजनीति के इन मारीचों-कालनेमियों को पहचानकर ही सत्ता से दूर रखा है। अब ये देश को अराजकता की आग में झोंककर कुर्सी हथियाना चाहते हैं। उनकी इस सियासी साजिश को देश कभी सफल नहीं होने देगा। कांग्रेस समेत विपक्ष भाजपा सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहा है। इसे लेकर प्रदर्शन जारी है।

यूपी में पदक लाओ, पद पाओ' के तहत खिलाड़ियों की सीधी भर्ती

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की षष्ठी तिथि की बधाई दी। उन्होंने कहा कि समस्त बाधाओं और आसुरी प्रवृत्तियों का संहार करने वाली मां कात्यायनी नारीशक्ति के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और अजेय पराक्रम का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने आस्था, विकास व विरासत के जरिए राज्य में आये बदलाव से अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश में अब 'पदक लाओ, पद पाओ' के तहत खिलाड़ियों की सीधी भर्ती हो रही है।

तिरंगा मार्च से पूर्व दिपके-नेहा बोरा समेत 150 हिरासत में

ममता-केजरीवाल समेत विपक्ष ने कहा-यह अघोषित इमरजेंसी

नयी दिल्ली (आससे)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संयोजक अभिजीत दीपके और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। नेहा को मंडी हाउस से हिरासत

में लिया गया है। अभिजीत दीपके तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क जा रहे थे। दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अबतक 150 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया जा चुका है।तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए अभिजीत दीपके घर से निकले ही थे कि इससे पहले ही हिरासत में ले लिया गया। दीपके को 6 दिन में दूसरी बार हिरासत में लिया गया है। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दीपके को हिरासत में लिए जाने पर कहा है कि यह अघोषित इमरजेंसी है तो वहीं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवा ने कहा है कि यह तानाशाही है। हिरासत में लिए जाने से पहले ही दिल्ली पुलिस की एक टीम अभिजीत दीपके के पास पहुंच गई थी। दिल्ली पुलिस की टीम ने दीपके को नोटिस थमाया। इस नोटिस में तिरंगा मार्च न करने की बात कही गई है। नोटिस में बताया गया है कि जहां वे तिरंगा मार्च निकालने जा रहे हैं वहां पर धारा 163 लागू है और अगर वे मार्च निकालते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं एक अन्य नोटिस में एक साल वाली शर्त का जिक्र है।

आदेश अनुचित मिला तो व्यापारियों को होगी नुकसानकी भरपायी-सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को व्यापारियों को आश्वासन दिया कि अगर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क को बंद करने संबंधी एनडीएमसी का आदेश अनुचित या जरूरत से अधिक सख्त पाया गया, तो उन्हें हुए नुकसान की भरपाई के लिए कदम उठाये जायेंगे।

कनाट प्लेसका सेन्ट्रल पार्क बन्द करने का मामला

अखिलेश ने चुनाव आयोग को फिर घेरा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएससे जोड़ दिया। उन्होने कहा कि एसएसआर का उल्टा क्या होता है आरएसएस। ये अनरजिस्टर्ड और नकारात्मक लोग हैं, जो जानते हैं कि सीधा मुकाबला नहीं हो सकता। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अगर अगर एसएसआर हो रहा है फिर तो एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) जीरो हो गया। अखिलेश ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग से सवाल पूछने पर भाजपा जवाब देने लगती है। सपा अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 17 और 24 अक्टूबर को बूथों पर चलने वाले अभियान के दौरान मतदाताओं के नाम जुड़वाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और काटने की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। अखिलेश ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने 100 विधानसभा क्षेत्रों का डेटा तैयार कर चुनाव आयोग को दिया है, जिसमें एक ही युवक के कई जगह वोट बने होने का मामला सामने आया है।

दिल्ली पुलिसकी बर्बरताको अनदेखा नहीं करेंगे-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस काररवाई में कई विद्यार्थियों के घायल होने का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि 'अमित शाह की दिल्ली पुलिस की बर्बरता को अनदेखा नहीं किया जायेगा' और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ हर कानूनी रास्ता अपनाया जायेगा। गांधी ने इन विद्यार्थियों से हाल ही में हुई मुलाकात का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया। इनमें कुछ का संबंध कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने केरल की अथिरा और राजस्थान की रितु समेत कई विद्यार्थियों की पिटाई की, लेकिन इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार किया जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से बात की तथा उनसे संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ अपने यहां मामला दर्ज कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि केरल में पहले ही 'जीरो एफआईआर' दर्ज की जा चुकी है ।

जित्त्मेदार अधिकारियोंके खिलाफ अपनायेंगे कानूनी रास्ता

मेरठ सांप कांड के दोषी रविता-अमरदीप को फांसी की सजा

मेरठ। मेरठ के बहसूमा क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात निवासी अमित कश्यप उर्फ मिक्की कश्यप हत्याकांड में अदालत ने उसकी पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। मेरठ के चर्चित सर्पदंश हत्याकांड में दोनों को पहले ही हत्या और साक्ष्य मिटाने का दोषी करार दिया गया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-12) जयवीर सिंह नागर की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। अमित की हत्या को सांप के काटने से हुई मौत दिखाने की कोशिश की गयी थी। शुरुआत में परिवार को भी यही बताया गया कि अमित की मौत सर्पदंश से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच में हत्या की बात सामने आयी। मामले में अभियोजन पक्ष ने 12 गवाहों के बयान दर्ज कराये थे।

बुलंदशहर : पेड़से टकरायी कार, पांच मरे

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शुक्रवार को तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। ये सभी मंदिर दर्शन को जा रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की मृतकों की पहचान करने में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की। साथ ही अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल ने बताया कि यह हादसा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास में हुआ ।कासगंज जिले के सिढ़पुरा का रहने वाला परिवार वैन कार में बुलंदशहर जिले में नरौरा के पास बेलोन गांव में सर्वमंगला माता (बेलोन माता) के दर्शन के लिए जा रहे थे। जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई।

अमेरिका : 16 साल के स्कूली लड़के ने की फायरिंग, 3 मासूमों समेत 5 की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिका के ओरेगन राज्य के बेंड शहर में प्राइमरी स्कूल में 16 साल के एक लड़के ने गोलीबारी की। गोली लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक टीचर भी शामिल है। वहीं, जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी मारा गया। बेंड पुलिस चीफ माइक क्रांट्ज़ ने बताया कि गोलीबारी की सूचना मिलने के कुछ ही मिनटों बाद, पुलिस को संदिग्ध व्यक्ति स्कूल के अंदर मृत मिला। बेंड पुलिस चीफ क्रांट्ज़ ने बताया कि मारे गए तीन बच्चों की उम्र 5, 8 और 11 साल थी। 7 साल का एक और बच्चा और 54 साल के एक टीचर घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार, हमलावर बेंड का ही रहने वाला था। उसने स्कूल के बंद दरवाज़ों पर गोली चलाकर अंदर जबरन प्रवेश किया। पुलिस प्रवक्ता शीला मिलर ने बताया कि पुलिस अधिकारियों के पहुंचने के कुछ ही देर बाद, हमलावर को गोली लगी और वह स्कूल के अंदर ही गिर गया। क्रांट्ज़ ने बताया कि दोपहर 1 बजे से ठीक पहले 911 पर पहली कॉल आई। यह कॉल 'सिल्वर रेल एलिमेंट्री' स्कूल के बाहर एक गाड़ी में बैठे व्यक्ति ने की थी, जिसने बताया कि किसी ने लंबी बंदूक से उस पर गोली चलाई है। पुलिस के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। बेंड पुलिस की प्रवक्ता शीला मिलर ने बताया कि गुरुवार दोपहर 12.59 बजे अधिकारियों को सूचना मिली कि 'सिल्वर रेल एलिमेंट्री' स्कूल में गोलीबारी हुई है। मिलर ने बताया कि पुलिस के पहुंचने के कुछ ही देर बाद हमलावर को गोली लगी और वह स्कूल के अंदर ही गिर गया। यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है कि उसे पुलिस ने गोली मारी, वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने, या उसने खुद को गोली मार ली। घटना के बाद स्कूल को बंद कर दिया गया। ओरेगन शिक्षा विभाग के अनुसार, पोर्टलैंड से 100 मील (160 किलोमीटर) दूर दक्षिण-पूर्व में स्थित बेंड के इस स्कूल में पिछले साल 459 छात्र नामांकित थे। इस स्कूल में किंडरगार्टन से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चे पढ़ते हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इससे पहले अमेरिका के एक हिंदू मंदिर में हमले की बड़ी साजिश नाकाम हुई थी।

हमलावर भी ढेर

पिनाराई विजयन की मासिक भुगतान मामले में ईडी ने भेजा समन

तिरुवनंतपुरम । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मासिक भुगतान मामले के सिलसिले में विपक्ष के नेता पिनाराई विजयन को समन जारी किया है। पिनाराई को अगले शुक्रवार पूछताछ के लिए पेश होने को कहा गया है। माना जा रहा है कि पेश होने के बारे में फैसला बाद में लिया जाएगा, क्योंकि यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है। साथ ही, विधानसभा सत्र चलने का हवाला देते हुए ईडी को पेश होने में आ रही कठिनाई के बारे में सूचित करने की भी योजना है। ईडीने बताया कि ये समन प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जारी किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, 81 वर्षीय विजयन को 23 अक्तूबर को कोच्चि स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। केरल विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन ब्यूरो (वीएसीबी) ने हाल ही में कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले के संबंध में विजयन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की हैं।

माता कात्यायनी की पूजा अर्चना कर दीर्घायु की कामना

बरेली(आज समाचार सेवा) । शारदीय नवरात्र के छठे दिवस आज भक्तों ने माता कात्यायनी की पूजा अर्चना की। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में भी भक्तों ने माता कात्यायनी के दर्शन कर उनसे जायकारे लगाये। तथा सुख और उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घआयु की कामना की, देवी मंदिरों में देर रात तक माता कात्यायनी के जयकारे गूंजते रहे। शारदीय नवरात्र के छठे दिन को भक्तों ने माता कात्यायनी की विधि विधान से पूजा अर्चना की पौराणिक कथाओं के अनुसार मां दुर्गाजी की इस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में अवस्थित होता है। नवरात्रि में छठे दिन देवी को माता कात्यायनी के रूप में पूजा जाता है। नवरात्रि का छठे दिन माता कात्यायनी की उपासना का दिन होता है। मान्यता के अनुसार राक्षस महिषासुर का नाश करने के लिए देवी पार्वतील ने मां कात्यायनी का रूप धारण किया था यह मां पार्वती का सबसे हिंसक रूप है और इसे योद्धा देवी के रूप में भी जाना जाता है ऐसा माना जाता है कि इस रूप में मां पार्वती ने ऋषि कात्या के घर जन्म लिया था और उनहें कात्यायनी के नाम से जाना जाने लगा। उस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से आर्थ धर्म काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक,संताप और भव्य नष्ट हो जाते है।

श्री सनातन धर्म मंदिर में धार्मिक उत्साहपूर्वक सप्तम दिवस का बताया महत्व

बरेली(आज समाचार सेवा) । श्री सनातन धर्म मंदिर पंजाबी कॉलोनी मॉडल टाउन में मां दुर्गा के नवरात्रि बहुत धार्मिक एवं उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है आज माता की भेंटे आरंभ होने से पूर्व मंदिर के मुख्य पुजारी जी ने सप्तम दिवस पर बताया कि मां कालरात्रि का वर्ण घने अंधकार काले रंगके समान है। इनके बाल खुले और बिखरे हुए हैं, गले में बिजली जैसी चमक वाली माला है, और इनके तीन नेत्र हैं। इनकी सांसों से अग्नि की लपटें निकलती हैं भले ही इनका स्वरूप अत्यंत उग्र और भयानक है, लेकिन ये अपने भक्तों को हमेशा शुभ फल देती हैं, इसलिए इन्हें 'शुभंकरी' भी कहा जाता है संक्षिप्त इतिहास बताते हुए पंडित जी ने बताया कि रक्तबीज नामक एक महादैत्य से सभी देवता और तीनों

लोक त्रस्त थे। रक्तबीज का यह वरदान था कि उसके खून की एक भी बूंद जब धरती पर गिरती, तो उससे एक नया रक्तबीज पैदा हो जाता था। तब भगवान शिव के अनुरोध पर मां दुर्गा ने अपना अत्यंत उग्र रूप धारण किया, जो मां कालरात्रि कहलाया। मां कालरात्रि ने युद्ध में रक्तबीज का वध किया और उसके सारा रक्त जमीन पर गिरने से पहले ही अपने मुख मेंपान कर लिया, जिससे तीनों लोकों को उसके आतंक से मुक्ति मिलीमहिला मंडल द्वारा माता की सुंदर-सुंदर भेंटे गयी अंबे तू है जगदंबे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली कालरजिय-जय-महाकाली काल के मुह से बचाने वाली।दुष्ट संघारक नाम तुम्हारा।महाचंडी तेरा अवतारनवदुर्गा में भवानी सातवाँ तेरा स्था महामाया महाकाली शक्ति तेरी महानसातवें नवरात्रे को पूजी तुम जाती मॅमनवांछित फल देती तुम सबको दातीदुर्गा है मेरी मां; दुर्गा है मेरी मां, अम्बे है मेरी मां। जो भी दर पे आए, वो खाली न जाए, सबके काम है करती, सबके दुख ये हरती प्रमुख रूप से प्रेमलता अरोड़ा प्रेम धवन सीमा परिहरती ममता बंगा चंचल अरोड़ा सोनिया भसीन राशि धमीजा पूजा चांदना सुनीता मानिकतला मधु कथूरिया ममता खन्ना प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

बीडीए बोर्ड की बैठक में कई प्रस्तावों को हरी झंडी

बरेली (आज समाचार सेवा)। बरेली विकास प्राधिकरण की 96वीं बोर्ड बैठक में प्रमुख विकास परियोजनाओं समेत कई प्रस्तावों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।बैठक में सप्तनाथ ईको सिटी , विज्ञान पार्क एवं नक्षत्रशाला और कैनाल फ्रंट विकास पर विशेष जोर दिया गया।बरेली विकास प्राधिकरण की 96वीं बोर्ड बैठक आयुक्त एवं बोर्ड अध्यक्ष शंभू कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री सौम्या पांडेय ने विभिन्न प्रमुख विकास परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण करते हुए उनके उद्देश्यों, प्रस्तावित सुविधाओं एवं शहर के समग्र विकास में उनकी भूमिका से बोर्ड सदस्यों को अवगत कराया। बैठक में प्रस्तुत परियोजनाओं से संबंधित प्रस्तावों को बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक में सप्तनाथ ईको सिटी को बरेली के भविष्य के सुनियोजित विस्तार की प्रमुख परियोजना के रूप में प्रस्तुत किया

गया। बरेली की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान 'नाथ नगरी' को ध्यान में रखते हुए योजना में थीम आधारित हरित क्षेत्र, आकर्षक लैंडस्केपिंग, पार्क एवं ब्लू-ग्रीन कॉरिडोर जैसी अवधारणाओं को भी शामिल किया गया है। इस योजना का लक्ष्य आधुनिक सुविधाओं, पर्यावरण संरक्षण और समावेशी आवासीय विकास के समन्वय से एक सुव्यवस्थित एवं नागरिक-केंद्रित शहरी क्षेत्र विकसित करना है।रामगंगा नगर के सेक्टर-8 में प्रस्तावित विज्ञान पार्क एव नक्षत्रशाला बरेली में विज्ञान शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है।लालपुर एवं अढलखिया क्षेत्र में प्रस्तावित ओमैक्स इंटीग्रेटेड टाउनशिप में आवासीय, व्यावसायिक, सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक उपयोगों के साथ हरित क्षेत्रों और आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के समन्वित विकास की परिकल्पना की गई है। योजना का उद्देश्य सुनियोजित विकास के माध्यम से आधुनिक शहरी सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।बरेली विकास प्राधिकरण की ये विकास परियोजनाएँ शहर में आवासीय सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक आधारभूत संरचना के विकास, पर्यावरण के अनुकूल सार्वजनिक स्थलों के निर्माण तथा विज्ञान एवं शिक्षा को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। विशेष रूप से सप्तनाथ ईको सिटी का विकास समावेशी शहरी नियोजन की अवधारणा को साकार करने में सहायक होगा। इन पहलों के माध्यम से बरेली को अधिक सुव्यवस्थित, आधुनिक, हरित एवं नागरिक-केंद्रित शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

बोले डीएम, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

बरेली (आज समाचार सेवा)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उक्त योजना से संबंधित शासनादेशों

का अनुपालन सुनिश्चित करने, निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति तथा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत कार्य कर रहे वेंडर्स द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत विभाग द्वारा सोलर पैनल स्थापित होने के बाद समय से निरीक्षण नहीं किए जाने के कारण विद्युत कनेक्शन एवं सब्सिडी प्राप्त करने में आवेदकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेंडर्स द्वारा स्थापित सोलर प्रणालियों का निरीक्षण निर्धारित समय में सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को सब्सिडी का लाभ समय से प्राप्त हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकिंग कार्यों की समीक्षा के दौरान बैंकों में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित फाइलें लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि योजना की प्रगति एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा के लिए सप्ताह में एक बार बैंकर्स के साथ बैठक अवश्य आयोजित की जाए, जिससे लंबित मामलों का निस्तारण कर पेंडेंसी समाप्त की जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, एएसडीएम सदर पूनम भास्कर, लीड बैंक मैनेजर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं यूपीनेडा के समस्त इम्पैनल्ड वेंडर्स उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब बरेली साउथ का 40वां विराट दशहरा मेला 23 से

बरेली (आज समाचार सेवा)। रोटरी क्लब बरेली साउथ की ओर से विगत 39 वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस

वर्ष 40वें विराट दशहरा मेले का आयोजन 23, 24 एवं 25 अक्टूबर को बरेली क्लब मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले में जहां विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं और मनोरंजक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र होंगे, वहीं शानदार आतिशबाजी, लंका दहन और रावण दहन के आयोजन भी किए जाएंगे।मेला डायरेक्टर अंकुर बंसल ने बताया कि 23 अक्टूबर को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और 'डांस बरेली डांस' सोलो परफॉर्मेंस का आयोजन होगा। 24 अक्टूबर को 'वॉइस ऑफ बरेली' गायन प्रतियोगिता के साथ डांस बरेली डांस' ग्रुप कंपटीशन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं, 25 अक्टूबर को बेस्ट कपल प्रतियोगिता और बरेली की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 'मेला क्वीन का आयोजन होगा।इस दौरान क्लब अध्यक्ष रोहित जिंदल,क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉ. आई.एस. तोमर,पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल,पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर रवि मेहरा घनश्याम खण्डेलवाल ने जानकारी दी।

छावनी परिषद में स्वच्छता ही सेवा अभियान का भव्य समापन

बरेली (आज समाचार सेवा) ।छावनी परिषद, बरेली द्वारा संचालित 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान का आज उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में समापन किया गया। समापन समारोह में डॉ. तनु जैन, मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद बरेली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा स्वच्छता को जनभागीदारी के माध्यम से एक स्थायी जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करना रहा।समारोह के दौरान अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेलकूद एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डॉ. तनु जैन द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ एवं रिले रेस जैसी खेल प्रतियोगिताओं के विजेता शामिल रहे। इसके अतिरिक्त 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' (कबाड़ से जुगाड़) प्रतियोगिता में अनुपयोगी वस्तुओं से आकर्षक एवं उपयोगी कलाकृतियाँ तैयार करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपशिष्ट के पुनः उपयोग, संसाधनों के संरक्षण एवं रचनात्मक सोच का प्रेरणादायक संदेश दिया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण आर.एन. टैगोर इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वच्छता गीत एवं नुक्कड़ नाटक रहा।

आयुष इंटर्न के मासिक मानदेय बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

बरेली (आज समाचार सेवा)। आयुष इंटर्न का मानदेय हुआ दोगुना राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय बरेली की प्राचार्य प्रो0 प्रीति शर्मा ,शिक्षकों एवं छात्रों ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं विभागीय अधिकारियों का किया आभार व्यक्त उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयुष इंटर्न के मासिक मानदेय को 7,500 से बढ़ाकर 15,000 किए जाने के निर्णय का राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालयए बरेली ने स्वागत किया है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोण् प्रीति शर्मा ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे आयुष इंटर्न के हित में सरकार का सराहनीय एवं सकारात्मक कदम बताया।प्रो0 प्रीति शर्मा ने कहा कि आयुष इंटर्न लंबे समय से अपने मानदेय में वृद्धि की मांग कर रहे थे। प्रदेश सरकार द्वारा उनकी मांग पर संवेदनशीलता दिखाते हुए मानदेय दोगुना करने का निर्णय लेना सराहनीय है। इससे इंटर्न चिकित्सकों को आर्थिक संबल मिलेगा और उनका मनोबल भी बढ़ेगा।उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के दौरान इंटर्न चिकित्सक अस्पतालों में रोगियों की देखभालए नैदानिक कार्यों तथा अन्य चिकित्सकीय गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनके योगदान को सम्मान देना आवश्यक है। मानदेय में वृद्धि से उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में प्रोत्साहन मिलेगा।प्राचार्य प्रो0 प्रीति शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आयुष मंत्री डॉ0 दयाशंकर मिश्र 'दयालु' , प्रमुख सचिव आयुष श्री रंजन कुमार, महानिदेशक आयुष श्री जी0 एस0 प्रियदर्शी, विशेष सचिव आयुष श्री मदन गर्बियाल एवं निदेशक आयुर्वेद डॉ0 नारायण दास के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शासन एवं विभागीय अधिकारियों के समन्वित प्रयासों के साथ ही आयुष इंटर्न की मांग के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण निर्णय संभव हुआ है। यह कदम आयुष इंटर्न के आर्थिक हितों के प्रति संवेदनशीलता और आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी प्रदेश सरकार एवं आयुष विभाग आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सकीय प्रशिक्षण और आयुष चिकित्सकों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाते रहेंगे, जिससे प्रदेश में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को और अधिक मजबूती मिल सकेगी।

ट्रेन के चपेट मे आकर अज्ञात की दर्दनांक मौत

बहेडी(आज ब्यूरो) । थाना बहेडी क्षेत्र के ग्राम मण्डनपुररेलवे क्रासिंग के समीप एक अज्ञात व्यक्ति की मालगाडी ट्रेन की चपेट मे आकर कटकर दर्दनाँक मौत हो गई।मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष आंकी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार लगभग 3 बजे हल्द्वानी से बरेली की ओर जा रही एक मालगाडी पिलर संख्या 35 / 10 के पास से गुजर रही थी । इसी दौरान वहाँ से गुजर रहा एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट मे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड एकत्र हो गई । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान कर लेकिन कोई उसकी शिनाख्त नही कर सका। समाचार लिखे जाने तक मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नही हो पाई थी। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

कपड़ा उद्योग को नई दिशा देगा इंडिया आईटीएमई

मेरठ/हापुड़। वैश्विक वस्त्र उद्योग के तकनीकी नवाचार और व्यापार का प्रमुख मंच इंडिया आयटीएमई 2026 इस दिसंबर में दुनिया भर के कपड़ा मशीनरी निर्माताओं, अभियांत्रिकी विशेषज्ञों और उद्योग जगत के दिग्गजों को एक साथ लाने के लिए तैयार है। 4 से 9 दिसंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड (आयईएमएल) में आयोजित होने वाला यह भव्य आयोजन वस्त्र मशीनरी और अभियांत्रिकी क्षेत्र के संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को एक ही छत के नीचे लाएगा। यह मंच उद्योग जगत के लिए नई तकनीकों, नवाचारों, व्यावसायिक अवसरों और वैश्विक साझेदारियों के नए रास्ते खोलेगा। भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इंडियाआईटीएमई 2026, 80 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय इंडस्ट्री एसोसिएशनों के समर्थन और सहभागिता के साथ, वस्त्र मशीनरी एवं कपड़ा अभियांत्रिकी क्षेत्र को एक साझा मंच पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। दुनिया के 40 से अधिक देशों की भागीदारी और 20 प्रदर्शनीश्रेणी में कपड़ा मशीनरी के 3,600 से ज़्यादा लाइव प्रदर्शन के साथ, यह आयोजन वैश्विक वस्त्र उद्योग में भारत की बढ़ती अहमियत को दर्शाता है। वस्त्र मशीनरी, अत्याधुनिक तकनीक, उत्पादन संबंधी और नवाचार के क्षेत्र में भारत तेजी से एक प्रमुख बाज़ार के रूप में उभर रहा है। यह आयोजन न केवल नई तकनीकों और समाधानों को करीब से जानने का अवसर देता है, बल्कि प्रदर्शकों को और आगुन्तकों को नए बिजनेस अवसर तलाशने, रणनीतिक साझेदारियाँ विकसित करने और वैश्विक व्यापारिक संबंधों को और मज़बूत बनाने के लिए एक प्रभावी मंच भी प्रदान करता है।

स्वास्थ्य टीम को देखते ही झोलाछाप डॉक्टर दुकानें बंदकर भागे

आंवला(आज ब्यूरो)। तहसील क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने फर्जी डॉक्टरों और अवैध चिकित्सा केंद्रों पर कार्रवाई की। अलीगंज और आंवला में एसीएमओ डॉ. सुचित्रा गंगवार अपनी टीम के साथ अचानक जांच करने पहुंचीं।टीम के आने की खबर मिलते ही फर्जी डॉक्टर और अवैध पैथोलॉजी संचालक अपनी दुकानें व क्लीनिक बंद कर भाग गए। इस वजह से टीम मौके पर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं कर पाई।डॉ. सुचित्रा गंगवार ने बताया कि हाल ही में आंवला के एक अस्पताल में एक मरीज की मौत हुई थी। परिजनों ने डॉक्टरों पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया था।इस मामले में अस्पताल संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। उनसे पूरे घटनाक्रम की लिखित रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही जांच आगे बढ़ेगी।

सूचना
मेरा हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2007 अनुक्रमांक नं. 0762210 अंक पत्र सह अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **गजराम सिंह पुत्र श्री सोमपाल सिंह** करनपुर,पोस्ट मुरैना जिला रामपुर।
पीसीन.8771

सूचना
सिख एजुकेशन ट्रस्ट (बन्नू) बरेली की सदस्यता हेतु सिख संगत (केशधारी/सहजधारी) से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक सिख संगत के व्यक्ति (पुरूष/महिला) जिनकी न्यूनतम आयु 21 वर्ष से अधिक हो। अपना प्रार्थना पत्र विज्ञापन की तिथि से दस दिन (10 दिन) के भीतर ट्रस्ट कार्यालय से प्राप्त कर कार्यालय में जमा करें। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा और ना ही उस पर विचार किया जायेगा।
प्रेसीडेन्ट/आनरेरी सेक्रेट्री
सिख एजुकेशन ट्रस्ट (बन्नू) बरेली
कार्यालय- 148, सिविल लाइन्स स्टेशन रोड, बरेली।
पीसीन 8772

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T14 Date - 16.10.2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।
कार्य का नाम : स्पोर्टस इन्फ्रास्ट्रकचर विकास के अंतर्गत इज्जतनगर के रोड नंबर 02 स्थित ऑफिसर क्लब के स्विमिंग पूल के लिए हीट पंप प्रणाली के प्रावधान से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T14, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 49,93,171.75, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 99,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 10.11.2026, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 06 माह। ● खुली ई-निविदा दिनांक 10.11.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/
मुजाधि/विद्युत -229 टीआरडी/इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

बरेली सिनेमा
जगत में
ता 16 से रोजाना 3 शो
रेट 30 50
(भोजपुरी)
मुझसे शादी करोगी

हलचल

शारदीय नवरात्रि: भक्ति से संस्कार तक

शारदीय नवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है। इन नौ दिनों में हम मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करते हैं और उनसे सुख, शांति, शक्ति तथा खुशहाली की प्रार्थना करते हैं। घरों और मंदिरों में पूजा-पाठ होता है, भजन गाए जाते हैं और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। लेकिन नवरात्रि का महत्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। यह पर्व हमें अपने जीवन में अच्छे बदलाव लाने और समाज को बेहतर बनाने की प्रेरणा भी देता है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां दुर्गा ने महिषासुर का वध करके बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। इस संदेश को अपने जीवन से जोड़कर देखें, तो हमें अपने भीतर की बुराइयों के साथ-साथ समाज में फैली बुराइयों को भी दूर करने का प्रयास करना चाहिए। क्रोध, अहंकार, लालच, भेदभाव और अन्याय ऐसी बुराइयां हैं, जो व्यक्ति और समाज दोनों को नुकसान पहुंचाती हैं। यदि हम नवरात्रि पर इनमें से



किसी एक बुराई को भी छोड़ने का संकल्प लें, तो इस पर्व की सार्थकता बढ़ जाएगी।नवरात्रि हमें सबसे पहले नारी सम्मान का संदेश देती है। इन दिनों हम मां दुर्गा की पूजा करते हैं और कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनका पूजन करते हैं। लेकिन हमें यह भी सोचना चाहिए कि क्या हम रोजमर्रा के जीवन में महिलाओं और बेटियों को वही सम्मान देते हैं? क्या उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलते हैं? यदि हम देवी की पूजा करते हैं, तो हमारा व्यवहार भी महिलाओं के प्रति सम्मान से भरा होना चाहिए। दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा और महिलाओं के साथ भेदभाव जैसी बुराइयों को दूर करने के लिए परिवार और समाज को मिलकर प्रयास करना चाहिए। बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज की ताकत समझना चाहिए। समाज के उत्थान के लिए शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है। आज भी अनेक बच्चे गरीबी के कारण अच्छी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। नवरात्रि के धार्मिक आयोजनों के साथ हम ऐसे बच्चों की मदद करने का संकल्प ले सकते हैं। कोई उन्हें किताबें और कॉपियां दे सकता है, कोई फीस में सहयोग कर सकता है और कोई उन्हें पढ़ाने के लिए समय निकाल सकता है। यदि हर मोहल्ले के कुछ लोग मिलकर किसी जरूरतमंद बच्चे की शिक्षा की जिम्मेदारी उठा लें, तो उसका भविष्य बेहतर बनाया जा सकता है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देना केवल परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। नवरात्रि हमें सेवा और सहयोग की भावना भी सिखाती है। हमारे आसपास ऐसे बुजुर्ग हैं, जो अकेले रहते हैं या जिन्हें दूसरों की सहायता की जरूरत होती है। कई परिवार आर्थिक परेशानी से गुजरते हैं और कुछ लोग बीमारी या दिव्यांगता के कारण दूसरों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे लोगों की मदद करना हमारी सामाजिक और मानवीय जिम्मेदारी है। त्योहारों पर केवल अपने घर में खुशियां मनाने के बजाय हमें यह भी देखना चाहिए कि हमारे आसपास कोई जरूरतमंद तो नहीं है। किसी गरीब को भोजन देना, बीमार व्यक्ति का हाल पूछना और अकेले रहने वाले बुजुर्ग के साथ समय बिताना भी सेवा के अच्छे उदाहरण हैं।नवरात्रि जैसे पर्व हमें जाति, धर्म, भाषा और अमीरी-गरीबी के भेदभाव से ऊपर उठने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजन ऐसे होने चाहिए, जिनमें सभी लोग प्रेम और सम्मान के साथ शामिल हो सकें। किसी व्यक्ति की जाति या आर्थिक स्थिति के कारण उसका अपमान नहीं होना चाहिए। इंसान की पहचान उसके अच्छे व्यवहार, ईमानदारी और कामों से होनी चाहिए। जब हम एक-दूसरे का सम्मान करेंगे, तभी समाज में आपसी विश्वास और भाईचारा मजबूत होगा। धर्म का उद्देश्य लोगों को जोड़ना है, उनके बीच दूरियां बढ़ाना नहीं।नवरात्रि के आयोजनों में युवाओं की भागीदारी भी बहुत महत्वपूर्ण है।हमें धार्मिक आयोजनों में दिखावे और अनावश्यक खर्च से भी बचना चाहिए। त्योहार मनाना अच्छी बात है, लेकिन यदि खर्च का कुछ हिस्सा गरीब परिवारों की मदद, बच्चों की शिक्षा या किसी सामाजिक काम में लगाया जाए, तो उसका लाभ लंबे समय तक मिल सकता है। उत्सव के साथ सेवा को भी स्थान देना चाहिए। खुशी तब और बढ़ जाती है, जब हमारी खुशियों में दूसरे लोग भी शामिल होते हैं।नवरात्रि हमें अन्याय के सामने चुप न रहने की सीख भी देती है। यदि किसी महिला के साथ गलत व्यवहार हो रहा है, किसी बच्चे से बाल मजदूरी कराई जा रही है या किसी कमजोर व्यक्ति का शोषण हो रहा है, तो हमें अपनी सामर्थ्य के अनुसार उसकी मदद करनी चाहिए। सही जानकारी देना, संबंधित लोगों तक बात पहुंचाना और पीड़ित का साथ देना भी महत्वपूर्ण कदम हैं। समाज तभी आगे बढ़ता है, जब उसके लोग दूसरों के दुख को अपना समझते हैं।अंत में, शारदीय नवरात्रि हमें केवल मां दुर्गा की आराधना करने का ही नहीं, बल्कि अपने जीवन और समाज को बेहतर बनाने का संदेश भी देती है। इस पर्व पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम महिलाओं का सम्मान करेंगे, बच्चों की शिक्षा में सहयोग देंगे, जरूरतमंदों की मदद करेंगे, स्वच्छता बनाए रखेंगे और भेदभाव को बढ़ावा नहीं देंगे।मां के मंदिर में दीप जलाना आस्था है, लेकिन किसी जरूरतमंद के जीवन में उम्मीद जगाना भी भक्ति है। मां दुर्गा की सच्ची आराधना तभी सार्थक होगी, जब हमारी आस्था सेवा बने, हमारी पूजा अच्छे व्यवहार में दिखाई दे और हमारे प्रयासों से समाज में प्रेम, समानता तथा सहयोग बढ़े। यही सनातन संस्कृति की वास्तविक शक्ति है। यही नवरात्रि का सच्चा संदेश और एक अच्छे, आधुनिक तथा संस्कारवान समाज के निर्माण का मार्ग है।

मुकेश जौहरी

न्यूज अपडेट

एसपी नार्थ पहुँचे बहेडी, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बहेडी(आज ब्यूरो) । पीपीएस अधिकारी संतोष कुमार ने गुरुवार को बरेली के एस पी नॉर्थ का पदभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले वह अचानक बहेडी थाने पहुंचे । और थाने का निरीक्षण करने के बाद उन्होने पैदल ही नगर के मुख्य बाजार नैनीताल रोड,माथूर रोड, होते हुए वह रामलीला गाउन्ड पहुंच गए। उन्होने मेले मे पुलिस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। और मेले मे खाए टिक्की बटाशे की तारीफ,उनके साथ सीओ अरुण कुमार और कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी नगर तेजपाल सिंह सहित भारी पुलिस बल साथ रहा। एसपी साउथ ने नगर मे नवरात्रो और दशहरे की तैयारियो की समीक्षा की 7 एस पी नार्थ संतोष कुमार अपने लाव लशकर के साथ दुर्गा होटल, नैनीताल मुख्य बाजार, मीना बाजार गेट, होते हुए बापस थाना कोतवाली पहुंचे । बाद मे एस पी नार्थ संतोष कुमार ने कोतवाली की मैस मे पुलिस कार्मियो मे साथ खाना खाया। एसपी नार्थ सन्तोष कुमार बरेली आने से पूर्व पुलिस मुख्यालय मे तैनात थे। एस पी नार्थ मुकेश चन्द्र मिश्रा के स्थानातरण . के बाद उन्हे यह जिम्मेदारी सौपी गई है। एसपी नार्थ 2010 वैज के पी पी एस अधिकारी है।

संभावित भाजपा प्रत्याशी डॉ महेंद्र देव ने किया जनसंपर्क

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र में आज फरीदपुर विधानसभा 122 क्षेत्र के ग्राम कमनपुर में किया जनसंपर्क भाजपा से संभावित प्रत्याशी डॉ महेंद्रदेव ने विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव का भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।इस दौरान केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की

संदिग्ध को तमंचे सहित दबोचा

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र में पुलिस के अनुसार उप निरीक्षक चंद्रपाल सिंह अपनी टीम के साथ रात्रि में क्षेत्र में गस्त कर रहे थे इसी दौरान ग्राम मटैनिया से जिगनिया जाने वाले रास्ते पर मटैनिया गांव के आगे पुलिया के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया पुलिस टीम को देखकर युवक भागने लगा पुलिस टीम ने युवक को घेर कर पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक 315 वोट तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पूछताछ पर युवक ने अपना नाम जयवीर पुत्र चेतराम निवासी ग्राम मटैनिया थाना फतेहगंजपूर्वी बताया आरोपी से जब पुलिस ने अवैध शस्त्र का लाइसेंस मांगा तो आरोपी युवक लाइसेंस नहीं दिखा सका पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर अवैध शस्त्र रखने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा है टीम में उप निरीक्षक चंद्रपाल सिंह शैलेंद्र सिंह सीमांत पवार एवं अजय कुमार शामिल रहे।

युवक की हत्या में वांछित महिला गिरफ्तार

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के गांव इटौरिया में 28 अगस्त को लालू का शव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था इसके बाद लालू के पिता उमेश की तहरीर पर प्रेम प्रसंग सबंध के चलते एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ हत्या करने मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया था इसके बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जुटी हुई थी विवेचना में पुलिस ने हत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित आरोपी महिला रिंकी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया इसके बाद न्यायालय ने महिला को जेल भेज दिया।इंस्पेक्टर पवन कुमार सिंह ने बताया कि वांछित महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है अन्य आरोपी पहले ही जेल भेजे गए हैं।

एबीवीपी कार्यकर्ता बिफरे प्रबन्धक का किया घेराव

नवाबगंज(आज ब्यूरो) । हाफिजगंज क्षेत्र में चल रहे कृतिका आयुर्वेदिक कालेज प्रबन्धन पर अग्रसारण शुल्क के नाम पर छात्रों से अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने विद्यालय संचालक का घेराव कर हंगामा किया । घेराव की सूचना पर पहुंची हाफिजगंज पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास भी किया लेकिन एबीवीपी कार्यकर्ता अवैध वसूली रोकने की मांग पर अड़ गए । एबीवीपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि एक दिन पूर्व संचालक व विद्यालय के स्टाफ द्वारा एक कार्यकर्ता के साथ बदसलूकी की गई थी जिसका बदला लिया जाएगा । काफी देर तक चले हंगामे के बाद संचालक केपी गंगवार द्वारा खेद व्यक्त कर अग्रसारण शुल्क न लिए जाने के आश्वासन पर ही मामला शान्त हो सका । आरोप है कि कालेज में आनलाइन के बजाय छात्रों से नकद भुगतान लेकर घोटाला किया जा रहा है । प्रदर्शन व घेराव में एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री विकास गोला, विभाग संयोजक प्रद्युम्न गंगवार, जिला संगठन मंत्री अरुण पाल, संयोजक सचिन गंगवार, पुष्पेन्द्र गंगवार, संजीव गंगवार, शिवांश मिश्रा, शेखर , अभिषेक, मोन्टी व प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य राहुल आदि शामिल रहे ।

परिवार परामर्श केन्द्र में कई मामले निबटे, सीओ ने किया सम्मानित

नवाबगंज (आज ब्यूरो)। परिवार परामर्श केन्द्र की अच्छी प्रगति पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने केन्द्र के काउन्सलर्स के साथ ही समझौते के बाद साथ रह रहे पांच दम्पतियों को सम्मानित किया ।केन्द्र संचालकों के अनुसार पिछले 11 माह में आए 231 मामलों में से 61 मामलों में पति - पत्नी के बीच चल रहे विवादों का निबटारा कर समझौते कराए गए तो 11 मामले निरस्त करने के साथ ही बाकी पर कार्यवाही की गई है। सीओ नीलेश मिश्र अच्छी कार्यशैली पर केन्द्र के काउन्सलर्स नत्थू लाल आर्य, गोपाल कृष्ण शर्मा, अधिवक्ता सुधाकर लाल रस्तोगी, विमला शुक्ला व निशात बानो को रामनामी पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया और समझौते के बाद साथ रह रहे पति - पत्नियों जरेली के शोषब व निदा, रजा हैदर - सबीर जहरा, नगर की प्रीति - नरेश, प्रवेश कुमारी व सर्वेश तथा शकुन्तला देवी व लोकेश सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, अपराध निरीक्षक लव सिरोही व महिला डेस्क प्रभारी उपनिरीक्षक आयशा खान मौजूद रहीं ।

जुआ खेलते छः जुआरियो को किया गिरफ्तार

विशारतगंज(आज ब्यूरो) । वार्ड नं0 8 में ब्रजेश नेताजी के मकान के सामने खाली पड़ा प्लॉट ताश के पत्तो से जुआ खेलते हुए मुखबिर की खास सूचना पर थाना पुलिस टीम द्वारा कस्बे 06 नफर अभियुक्तगण 1.अन्जार पुत्र मौ0 हनीफ नि0 वार्ड न0 8 2.असलम पुत्र शफी अहमद निवासी वार्ड 3.उवैश पुत्र जमील नि0 वार्ड नं 8,4.फुरकान पुत्र अलाउद्दीन नि0 वार्ड न0 3 5.जमील पुत्र वहीद नि0 वार्ड न0 3 6.नाजिम पुत्र प्यारे हसन निवासी वार्ड न0 8 को मय 52 ताश के पत्ते व कुल 1270 रुपए के धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया तथा दाखिला फर्द के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 199/2026 धारा 13त्त एक्ट पंजीकृत किया गया।

द्वारिकेश चीनी मिल में किसान गोष्ठी आयोजित

फतेहगंजपूर्वी (आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र में द्वारिकेश चीनी मिल की ओर से शुक्रवार को ग्राम उचसिया स्थित ललोरिया पब्लिक स्कूल में शरदकालीन गन्ना बुवाई गोष्ठी का आयोजन किया गया।इसमें क्षेत्र के करीब 450 किसान व नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी के चेयरमैन संजय पाठक ने भाग लिया।गोष्ठी में किसानों को गन्ने की अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने,उन्नत प्रजातियों के चयन,संतुलित खाद के प्रयोग तथा मिट्टी की जांच कराने की सलाह दी गई।गोष्ठी में शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक संजीव पाठक ने किसानों को ट्रेंच पद्धति,सिंगल बड विधि और एफआरबी विधि से गन्ना एवं गेहूं की सहफसली खेती करने की जानकारी दी।

आईडीबीआई बैंक की हिस्सेदारी विदेशी कंपनी को बेचने के विरोध में काला फीता बांधकर जताया विरोध

बरेली। सरकार की हिस्सेदारी विदेशी निजी कंपनी को बेचे जाने के प्रस्ताव के विरोध में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (स्न्नक्क) के आह्वान पर आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया गया। बैंक में भारत सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम की हिस्सेदारी के मद्देनजर इसे विदेशी निजी स्वामित्व में देने का प्रस्ताव सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग व्यवस्था और व्यापक जनहित से जुड़े गंभीर सवाल खड़े करता है इस दौरान नवींद्र कुमार,पीके महेश्वरी अध्यक्ष ,रश्मि शर्मा संयोजक संतोष तिवारी, आदि ने सरकार से मांग की है कि आईडीबीआई बैंक के सार्वजनिक चरित्र, राष्ट्रीय हित और आम जनता की बैंकिंग आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हिस्सेदारी बिक्री के प्रस्ताव पर पुनर्विचार किया जाए। फोरम ने बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से 16 अक्टूबर को काले फीते बांधकर विरोध दर्ज कराने तथा आम जनता को इस विषय के प्रति जागरूक करने की अपील की।

दो सगी बहनें घर से लापता गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

बरेली (आज समाचार सेवा । बारादरी क्षेत्र से दो सगी बहनें बुधवार रात करीब आठ बजे लापता हो गईं। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मां ने बारादरी थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने आशंका जताई कि कोई उनकी दोनों बेटियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। मामला बारादरी थाना क्षेत्र के दुर्गा नगर मोड़ के पास का है। पीड़ित मां के मुताबिक 14 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे उनकी दोनों बेटियां लापता हो गईं। जब काफी देर तक दोनों घर नहीं लौटीं तो परिवार को उनकी चिंता होने लगी। इसके बाद परिजनों ने आसपास के इलाकों और संभावित स्थानों पर उनकी तलाश की लेकिन दोनों का कहीं पता नहीं चला। दोनों बेटियों के अचानक लापता होने से परेशान मां ने अपने स्तर से उन्हें खोजने की कोशिश की। रिश्तेदारों और परिचितों से भी जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। काफी तलाश के बाद भी दोनों का पता नहीं चलने पर मां ने पुलिस की मदद लेने का फैसला किया। मां ने बारादरी थाने में दिए प्रार्थना पत्र में आशंका जताई है कि कोई उनकी दोनों बेटियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उन्होंने पुलिस से मामले में कार्रवाई करने और दोनों बेटियों को जल्द तलाशने की गुहार लगाई है। हालांकि उन्हें किसने और किन परिस्थितियों में अपने साथ ले जाने की आशंका है इस बारे में अभी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दोनों बहनों की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस उनके लापता होने से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। परिवार को उम्मीद है कि पुलिस जल्द ही दोनों बहनों का पता लगा लेगी। फिलहाल दोनों के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

नवविवाहिता का शव कमरे में फंदे से लटका मिला परिजनों ने लगाया ससुरालियों पर हत्या का आरोप

बरेली (आज समाचार सेवा)। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के पीपलसाना चौधरी गांव में शुक्रवार सुबह एक नवविवाहिता का शव घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। छह महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फील्ड यूनिट के साथ मौके से साक्ष्य जुटाए। वहीं मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे आत्महत्या के बजाय हत्या बताया है। मृतका के ससुर परमानंद के मुताबिक वह रोज की तरह सुबह करीब पांच बजे टहलने के लिए घर से निकले थे। घर के निचले कमरे में उनकी बहू अनुराधा अकेली सो रही थी जबकि वह अपनी नेत्रहीन पत्नी और 18 वर्षीय बेटी के साथ छत पर बने कमरे में सो रहे थे। टहलकर लौटने के बाद जब अनुराधा काफी देर तक नहीं उठी तो उसकी सास उसे देखने कमरे में पहुंचीं। कई बार आवाज देने के बाद

मृतक विवाहिता का फाइल फोटो

भी कोई जवाब नहीं मिला। सास ने बिस्तर के पास हाथ से टटोला तो अनुराधा खड़ी अवस्था में निष्प्राण मिली। उनकी पुकार सुनकर ससुर कमरे में पहुंचे तो अनुराधा को साड़ी के फंदे से लटका देखकर घबरा गए। परिजनों ने हंसिए से फंदा काटकर शव को नीचे उतारा और पुलिस के साथ मायके वालों को सूचना दी। अनुराधा मूल रूप से थाना सीबीगंज क्षेत्र के दौली मुरावपूरा की रहने वाली थी। उसकी शादी छह महीने पहले पीपलसाना चौधरी निवासी अमन साहू से हुई थी। अमन पिछले 15 दिनों से दिल्ली में रहकर सब्जी बेचने का काम कर रहा है। घटना के समय वह घर पर मौजूद नहीं था। ससुर परमानंद के अनुसार घटना से एक दिन पहले अनुराधा ने उन्हें बताया था कि कोई अज्ञात व्यक्ति फोन पर मैसेज भेजकर उसे लगातार परेशान कर रहा है। हालांकि मैसेज भेजने वाले व्यक्ति की पहचान और इस मामले का घटना से कोई संबंध है या नहीं यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर सकती है। घटना की जानकारी मिलने पर मायके पक्ष के लोग गांव पहुंचे। उन्होंने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए अनुराधा की मौत को आत्महत्या मानने से इनकार किया और हत्या की आशंका जताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस फील्ड यूनिट और सीओ हाईवे देवेश सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सीओ हाईवे देवेश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

आधा दर्जन दबंगों ने युवक पर बोला फरसे व लोहे की रॉड से हमला

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। पुरानी रंजिश के चलते से अपने घर लौट रहे युवक को हिस्ट्रीशीटर ने करीब आधा दर्जन दबंगो के साथ मिलकर रास्ते में रोक लिया और लोहे की रॉड व फरसे से हमला करते हुए जमकर मारा पीटा।

जिसमें वह घायल हो गया। पीड़ित ने हिस्ट्रीशीटर समेत आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीबीगंज के गांव अटरिया निवासी मोहम्मद अली पुत्र रहमत शाह ने दर्ज मुकदमे में आरोप लगाते हुए बताया है कि वह गुरुवार शाम करीब 4 बजे बिधौलिया से लौट रहे थे जैसे ही वह अटरिया गांव स्थित एक स्कूल के पास पहुंचे कि गांव का ही हिस्ट्रीशीटर आबिद अली सोहेल अली जावेद अली अब्बास अली साकिब नाहिद अली ने रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड व फरसे से हमला कर दिया जिसमें पीड़ित घायल हो गया। शोर मचने पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी अकेले मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर हिस्ट्रीशीटर आबिद अली समेत आधा दर्जन आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिशन शक्ति 6.0 के बीच स्वास्थ्य केंद्र पर लटका ताला, जागरूकता अभियान की खुली पोल

जोगीठेर में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेने पहुंचीं छात्राएं बैरंग लौटीं, हड़ताल का हवाला देकर जिम्मेदारी से किनारा

बरेली (आज समाचार सेवा)। मिशन शक्ति 6.0 के तहत जानकारी लेने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर की छात्राओं को वहां ताला लटका मिला। नतीजतन, छात्राओं को बिना जानकारी हासिल किए ही वापस लौटना पड़ा। इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और जागरूकता अभियान के जमीनी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। **जानकारी लेने पहुंचीं छात्राएं, केंद्र पर नहीं मिला कोई**

बालिकाओं को सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने के दावों के बीच क्यारा ब्लॉक के जोगीठेर गांव से सरकारी व्यवस्था की हकीकत सामने आई है। स्वास्थ्य सेवाओं की **जिम्मेदार अधिकारी** जानकारी के मुताबिक, छात्राएं प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक डॉ. लाल बहादुर गंगवार के नामित सहायक अध्यापक मोहन सिंह और अनुदेशक गौरव गंगवार के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थीं। भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं, उपचार व्यवस्था और केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं से रूबरू कराना था। लेकिन केंद्र बंद मिलने से उनका यह प्रयास अधूरा रह गया। **हड़ताल का मिला हवाला, शिक्षक ने दी वैकल्पिक जानकारी** स्वास्थ्य केंद्र पर ताला मिलने के बाद सहायक अध्यापक मोहन सिंह ने एएनएम सिमरन से संपर्क कर स्थिति की जानकारी ली। उन्हें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के हड़ताल पर होने की बात बताई गई। इसके बाद शिक्षक छात्राओं को लेकर विद्यालय लौट आए। वहां उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यप्रणाली और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। हालांकि, छात्राओं को मौके पर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति देखने और संबंधित कर्मचारियों से सीधे जानकारी लेने का अवसर नहीं मिल सका। **अभियान के दावों और जमीनी हकीकत में अंतर** मिशन शक्ति 6.0 का उद्देश्य बालिकाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और सरकारी सुविधाओं के प्रति जानकारीपूर्ण बनाना है। ऐसे में जागरूकता के लिए निकली छात्राओं को स्वास्थ्य केंद्र बंद मिलना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सवाल यह भी है कि यदि किसी कारण से केंद्र पर नियमित सेवाएं प्रभावित थीं, तो क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी और क्या इसकी जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध कराई गई। अब स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे केंद्र बंद मिलने के कारणों की जांच कराएं और यह स्पष्ट करें कि संबंधित समय पर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या व्यवस्था थी। साथ ही, भविष्य में ऐसे शैक्षिक भ्रमणों के दौरान संबंधित विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि जागरूकता अभियान केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए।

अंडर-14 टीम चयन ट्रायल मेच आयोजित

बरेली (आज समाचार सेवा)। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बरेली जिले की अंडर-14 टीम चुनने

हेतू बरेली क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जीपी स्टेडियम में बरेली ए का मुकाबला बरेली बी टीम के मध्य खेला गया। पहले बरेली ए ने खेलते हुए 5 विकेट खोकर 187 रन बनाये अभिमन्यू ज्वाला ने 64 नवादा तथा अनंत कौशिक ने 42 रन बनाये जबाव में बरेली बी ने 90 रन पर समाप्त हो गई। अभिनव राठौर ने 26 भरत भट्ट ने 24 रन बनाये दक्ष शर्मा ने 4 विकेट और आराध्या शुक्ला ने 1 विकेट लिया। मैच का संचालन ओपी कोहली तथा संचित शर्मा ने किया। सचिव सीताराम सक्सेना ने अवगत कराया है कि कल मैच सुबह 8.30 से होगा। उक्त जानकारी सीताराम सक्सेना ने दी।

सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र ने आयोजित की नृत्य व दोहा व श्लोक रेसिटेशन प्रतियोगिता

बरेली (आज समाचार सेवा)। जनकपुरी स्थित सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र में युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें गायन में बच्चों के द्वारा दोहे और श्लोक प्रस्तुत किए गए और नृत्य का थीम भक्ति या लोक नृत्य था। निर्णायक मंडल में सुरमणि अवधेश कुमार गोस्वामी जी, सुप्रसिद्ध डांस टीचर श्रीमती अंकिता बिंद्रा जी तथा सुप्रसिद्ध वोकल टीचर शिल्पा मिश्रा जी रहे। सभी विद्यार्थियों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। नृत्य में प्रथम स्थान पीहू चौधरी, द्वितीय स्थान युविका और तृतीय स्थान अवनी ने प्राप्त किया। श्लोक या दोहा रेसिटेशन में प्रथम स्थान इनाया, द्वितीय स्थान अर्विका का तथा तृतीय स्थान रेबिका ने प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिए गए। सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र अपने 21 वर्ष पूरे हो जाने के उपलक्ष्य में इस तरह के कार्यक्रम लगातार करवा रहा है इससे पहले प्रयाग संगीत समिति से संबद्ध इस संस्थान द्वारा डांडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें स्त्रियों तथा लड़कियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सेंटर इंचार्ज श्रीमती मोनिशा मलिक ने बताया कि सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र का मुख्य उद्देश्य

विद्यार्थियों को अपनी भारतीय संस्कृति से जोड़ना और ललित कलाओं को जीवंत बनाए रखना है। साथ ही आज की वर्तमान पीढ़ी को कलयुग के कलुषित प्रभाव से बचा मानवीय मूल्यों के प्रति जागृत करना है। संगीत कला केंद्र में गायन नृत्य वाद्य यंत्र जुम्बा योगा आदि की क्लासेस नियमित रूप से लगाई जाती हैं। साथ ही मेडिटेशन एवं आत्मिक ज्ञान की क्लासेस भी विद्यार्थियों को समय समय पर दी जाती हैं ताकि वे अपने असलियत निज स्वरूप की पहचान करने में सक्षम हो सकें और अपने जीवन के असली लक्ष्य को पहचान सकें। कार्यक्रम में संगीत कला केंद्र के सदस्य आशा गेरा, प्रीति दीवान और अध्यापिका संजना ढींगरा भी उपस्थित रहे।

दहेज में कार न मिलने पर दहेज लोभियों ने विवाहिता को पीटा

क्योलड़िया।थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर दानकुंवर की रहने वाली अनुराधा को दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकालने का गंभीर मामला सामने आया है पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेतनौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी पीड़िता अनुराधा का विवाह 16 अप्रैल 2025 को रिछा थाना भुता के शिवम के हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ था शादी में वधू पक्ष ने अपनी हैसियत के मुताबिक करीब 12 लाख रुपए खर्च किया आरोप है कि दिए गए दान दहेज में ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थी और शादी के बाद ही लगातार कार की मांग कर रहे थे मांग पूरी न होने पर पति शिवम ,सास सोमवती,ससुर छविनाथ, देवर निगम ,नंद,रोली ,निशु सहित मौसा बेदराम हेमंत और मौसी सुनीता उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे प्रताड़ना की हद तब पार हो गई जब 25 जुलाई 2026 को आरोपियों ने गर्भवती विवाहिता के साथ बेरहमी से मारपीट की ओर उसे घर से निकाल दिया विवाहिता तभी से अपने मायके में रह रही है आरोपहै अब पति शिवम फोन पर विवाहिता को धमकी दे रहा है यदि उसने लड़की को जन्म दिया तो उसे जान से मार देगा इस पर विवाहिता ने पुलिस को आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी जिस पर पुलिस ने आरोपीयो पर दहेज एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी।

विश्व खाद्य दिवस पर पीजी फोरम छात्र-छात्राओं ने किया अनाथालय का भ्रमण

बरेली (आज समाचार सेवा)। विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर जनसंचार पत्रकारिता विभाग बरेली कॉलेज बरेली के तत्वाधान में पी जी फोरम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने अनाथालय का भ्रमण किया एवं वहां रहने वाले बच्चों के साथ वार्तालाप किया तथा उनके जीवन शैली को जानने का प्रयास किया और साथ ही उनकी दिनचर्या के अंतर्गत उनका पठन-पाठन कैसे होता है उस पर विस्तृत अवलोकन करने का कार्य किया। इस अवसर पर बरेली कॉलेज बरेली के प्राचार्य प्रोफेसर ओ. पी. राय, उप प्राचार्य प्रोफेसर वंदना शर्मा, जनसंचार पत्रकारिता विभाग के प्रभारी डॉ रमेश त्रिपाठी, शिक्षिका सुश्री चेतना तिवारी इत्यादि उपस्थित रहे। बच्चों से वार्ता के क्रम में प्राचार्य प्रोफेसर ओ. पी राय ने उनके जीवन शैली एवं पठन-पाठन पर चर्चा की और उनके जीवन में उन्नति के मार्ग में बरेली कॉलेज बरेली का जो भी योगदान हो सकता है उसकी भविष्य में देने का आश्वासन दिया साथ ही व्यक्तिगत स्तर पर उन्होंने आगामी ठंड के सीजन में उनके लिए गर्म वस्त्र की व्यवस्था के लिए डॉ रमेश त्रिपाठी को नामित किया जो उसका प्रबंध कराएंगे। इसी क्रम में उप प्राचार्या प्रो वन्दना शर्मा ने प्राचार्य जी द्वारा इस सहायता की प्रशंसा करते हुए बच्चों से संवाद के क्रम में उनके जीवन में किसी भी कठिनाई में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए इस अवसर को उनके मध्य आने को एक सौभाग्य के रूप में मानते हुए भविष्य में बरेली कॉलेज परिवार को उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया कार्यक्रम के अगले भाग में विशिष्ट अतिथि के रूप में आयीं पी एम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बरेली की प्रवक्ता डॉ नमिता त्रिपाठी ने बच्चों आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हुए उनके बीच मिष्ठान इत्यादि का वितरण किया। इसी क्रम में जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर प्रत्येक छात्र के लिए खाद्य किट की व्यवस्था की गई थी जो उनके मध्य पीजी फोरम द्वारा वितरित किया गया और भविष्य में समय-समय पर उनके मध्य जाकर उनके अनुभव एवं उनकी कठिनाइयों के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में पत्रकारिता विभाग के प्रभारी के पुत्र प्रनील एवं पुत्री नयनिका द्वारा भी बच्चों की रोजमर्रा की जरूरत से संबंधित वस्तुओं का वितरण उनके मध्य किया गया। कार्यक्रम के अंत में इस संस्था से जुड़े श्री अनिल सक्सेना जी एवं श्री के.एल. गुप्ता जी द्वारा बरेली कॉलेज बरेली के पत्रकारिता विभाग एवं बरेली कॉलेज की मुक्त कंठ से इस बात के लिए प्रशंसा की गई कि यदि कोई संस्थान इन बच्चों के साथ खड़ा होने का आश्वासन देता है और उसके लिए प्रयास करता है तो निश्चय ही आने वाले भविष्य में यह बच्चे पूरे आत्मविश्वास के

साथ आगे बढ़ेंगे और इस हेतु उन्होंने प्रोफेसर प्राचार्य प्रोफेसर ओ पी राय एवं उप प्राचार्या प्रोफेसर वंदना शर्मा एवं जनसंचार के प्रभारी डॉक्टर रमेश त्रिपाठी का धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर संस्था के प्रमुख श्री ओमकार जी, मंत्री एवं अन्य शिक्षक गण भी उपस्थित थे जिन्होंने बरेली कॉलेज के इस प्रयास को और उनके मध्य आने को बच्चों के मध्य आत्मविश्वास बढ़ाने का एक कदम बताते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर पत्रकारिता विभाग से विनय, तनिष्का, अरविंद, अरुण, आदर्श, सोनू, जीशान, अभिषेक, आशी, मेधाव्रत, शालिनी, धर्मदास, गौरव पाल, एहसान, नदीम इत्यादि बहुत से लगभग 25 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जूनियर बालक वास्केटवाल प्रतियोगिता चयन ट्रायल 19-21 को

बरेली (आज समाचार सेवा)। अलीगढ़ में 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक वास्केटवाल प्रतियोगिता का जिला व मण्डलीय चयन ट्रायल स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। जिला स्तरीय ट्रायल 19 को सांय 3 बजे से व मण्डलीय ट्रायल 21 को सांय 3 बजे से होगा उक्त जानकारी क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी चंचल मिश्रा ने दी।

जूनियर बालक-बालिका टीटी चयन ट्रायल 21 को

बरेली (आज समाचार सेवा)। वाराणसी में 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक बालिका टेबिल टेनिस प्रतियोगिता के जिला चयन ट्रायल 21 को व मण्डल चयन ट्रायल भी 21 को अपराह्न 1.00 बजे से होंगे।

कैकई ने दशरथ से मांगे दो वर एक से राम वनवास दूसरे से भरत का राजतिलक

बरेली (आज समाचार सेवा)। कुर्मांचल नगर में आयोजित पर्वतीय समाज की 60वीं रामलीला में मुख्य आकर्षण कैकई मंथरा संवाद,दशरथ कैकई संवाद,राम सीता लक्ष्मण संवाद,राम लक्ष्मण सीता बनवास,केवट प्रसंग,सुमन मिलाप और लीला का विशेष आकर्षण दशरथ मरण है।मुख्य अतिथि प्रदीप सक्सेना भावी

विधायक प्रत्याशी और विशिष्ट अतिथि डॉ.अनुराग सक्सेना ने दीप प्रज्वलन कर तीसरे दिवस की रामलीला का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक प्रभारी/उद्घघोषक पूरन दानू और सोमा परिहार ने मुख्य अतिथि का परिचय लोगों से करवाया।अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दियोलिया ने बताया कि प्रशासन और मीडिया बंधुओं का हमें भरपूर सहयोग मिल रहा है और हम रामलीला को और भव्य रूप देना चाहते हैं।महासचिव डॉ.नरेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि रामलीला का पूरे बरेली में प्रचार हो रहा है कैंट,लाल फाटक,सुभाष नगर,कुर्मांचल नगर से जनता रामलीला देखने के लिए आ रही है। केवट के रूप में डॉ.नरेंद्र बिष्ट और दशरथ के रूप में उमेश बिनवाल ने बहुत मार्मिक अभिनय किया।इस अवसर पर अध्यक्ष व महासचिव एवं कमेटी ने ने बुजुर्ग महिलाओं को सम्मानित किया। निर्देशक उमेश बिनवाल और आनंद सिंह मेहता के दिशा निर्देशन में कलाकार अपनी भूमिकाओं से न्याय कर रहे हैं।इस अवसर पर कुंवर सिंह बिष्ट,मदन सिंह बिष्ट पूर्व सभासद कैंट,इंदर सिंह बिष्ट, गिरीश पांडे,चंद्र प्रकाश जोशी,जगदीश बिष्ट,तारा जोशी,संजय सिंह और मीडिया प्रभारी देवेंद्र रावत जी का विशेष योगदान रहा है।

अपना दल एस जिलाध्यक्ष के साथ बरेली से सैकड़ों कार्यकर्ता प्रतापगढ रवाना

बरेली (आज समाचार सेवा)। अपनादल के संस्थापक यशःकायी डा.सोनेलाल पटेल जी के परिनिर्वाण दिवस पर प्रतापगढ के जी आई सी ग्राउंड पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे भाग लेने जनपद बरेली से सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जिलाध्यक्ष अपनादल (सोनेलाल) एड अनुज कुमार गंगवार के नेतृत्व में प्रतापगढ के लिए ट्रेन एवं निजी वाहनों रवाना हुये। वहां सभी लोग पार्टी संस्थापक डा सोनेलाल पटेल जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे जिलाध्यक्ष बरेली अनुज कुमार गंगवार द्वारा बताया गया कि जनपद बरेली मे डा साहब को मानने बाले काफी संख्या मे हैं जनपद प्रतापगढ की श्रद्धांजलि सभा मे अपनादल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मन्त्री भारत सरकार आदरणीय अनुप्रियापटेल जी, प्रदेश सरकार मे कैबिनेट मन्त्री आदरणीय आशीष पटेल जी सहित पार्टी के सभी विधायकगण, ब्लाक प्रमुख, जिलापंचायत अध्यक्ष एवं जिलापंचायत सदस्यगण, प्रधान एवं पार्टी के समस्त जिलाध्यक्ष, प्रदेशीय, राष्ट्रीय जिला, बिधानसभा के पदाधिकारीगण सम्मिलित होंगे। जिलाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि जनपद बरेली के कार्यकर्तागण पूरे श्रद्धाभाव से पार्टी संस्थापक को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है और जनपद बरेली मे आने बाले बिधानसभा चुनाव में पार्टी का विधायक वनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए दृढ़संकल्पित हैं। जनपद बरेली से प्रतापगढ रवाना होने बालों मे प्रदेश सचिव अनुसूचित जाति/ जनजाति मंच सतीश

ऋषिवाल, जिलामहासचिव एड गोपेन्द्रपाल, जिलामहासचिव अजय प्रतापगंगवार, जिलासचिव परितोष विजेयता, जिलासचिव अमित गंगवार, जिलाअध्यक्ष युवामंच अतुल पटेल, जिलाध्यक्ष छात्रमंच पंकज गंगवार, बिधानसभा अध्यक्ष नबावगंज सुरेंद्र गंगवार, युवामंच उपाध्यक्ष विनोद यादव, बिधानसभा उपाध्यक्ष भोजीपुरा सुनील गंगवार सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर**-बैंक रोड, **प्रयागराज**-3 लीडर रोड, **कानपुर**-बांस मण्डी, **झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।
सम्पादकः
शार्दूल विक्रम गुप्त
स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी
वर्ष-37 पूर्ण संख्या-13266
आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189
दूरभाष
9412293665
ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com
रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99
पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

एमजेपीआरयू के क्षेत्रीय अर्थशास्त्र विभाग में दो दिवसीय वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

बरेली (आज समाचार सेवा)। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के क्षेत्रीय अर्थशास्त्र विभाग में आंतरिक मूल्यांकन के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। विभाग द्वारा यह प्रतियोगिता दिनांक 15 एवं 16 अक्टूबर 2026 को विभागीय सभागार में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में विभाग के समस्त छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम दिवस (15 अक्टूबर) को क्षेत्रीय अर्थशास्त्र से संबंधित विषय 'वैश्वीकरण का प्रभाव - सकारात्मक या नकारात्मक' पर वाद-विवाद आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्रीय अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने पक्ष एवं विपक्ष दोनों में अपने तर्कपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। वैश्वीकरण से क्षेत्रीय असमानता, रोजगार और स्थानीय उद्योगों पर पड़ने वाले प्रभावों पर गहन चर्चा हुई। इस प्रतियोगिता में रीजनल अर्थशास्त्र की विद्यार्थी प्रिंस कुमार

गुप्ता ने प्रथम तथा अमन बौद्ध ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय दिवस (16 अक्टूबर) को दो विषयों पर वाद-विवाद हुआ। प्रथम सत्र में 'कैशलेस अर्थव्यवस्था - वरदान या अभिशाप' विषय पर वित्तीय अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों ने डिजिटल लेन-देन, साइबर सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े तथ्य रखे। द्वितीय सत्र में 'भारत की स्वास्थ्य प्रणाली में सार्वजनिक निजी भागीदारी की भूमिका 'स्वास्थ्य अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। इस प्रतियोगिता में वित्तीय अर्थशास्त्र में शिवम पाल को प्रथम तथा आराधना शर्मा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ तथा स्वास्थ्य अर्थशास्त्र में मोहम्मद अजीम को प्रथम तथा आर्यन सिंह चौहान को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के नियमानुसार प्रत्येक वक्ता को 5 मिनट (4+1) का समय दिया गया था और पेपर पढ़ने की अनुमति नहीं थी, जिससे विद्यार्थियों की मौलिक अभिव्यक्ति और तार्किक क्षमता का सही मूल्यांकन हो सका। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर भोला खान ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों मैं रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और विषय की गहरी समझ विकसित करती हैं, जो आंतरिक मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रोफेसर एम एल मौर्य डॉ सुबोध धवन डॉ कामिनी विश्वकर्मा डॉ पवन कुमार निर्णायक की भूमिका में रहे। इस अवसर पर प्रोफेसर आशुतोष प्रिया प्रोफेसर अजीत सिंह डॉक्टर मोहम्मद इसरार खान डॉक्टर रुचि द्विवेदी डॉक्टर जानकी राजपूत एवं रिजवान सभी ने सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रस्तुतिकरण की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्राथमिक विद्यालय कलापुर में लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन की टीम ने किया शैक्षणिक अवलोकन

बरेली (आज समाचार सेवा)। विकासखंड बिथरी चैनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय कलापुर में लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन की टीम ने शैक्षणिक भ्रमण कर विद्यालय की शिक्षण गतिविधियों एवं कक्षा-कक्ष में संचालित शिक्षण प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस अवसर पर संस्था के फाउंडर एवं डायरेक्टर डॉ. धीर जिंगरान, उत्तर प्रदेश के स्टेट प्रोग्राम लीड मो. इकबाल खान तथा डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीड मो. आरिफ ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों के साथ बैठकर शिक्षण गतिविधियों को नजदीक से देखा। टीम ने शिक्षिकाओं शोभना सक्सेना एवं दीपाली सक्सेना की कक्षाओं में बैठकर उनकी शिक्षण कार्यप्रणाली, शिक्षण-अधिगम सामग्री, शिक्षक संदर्शिका के प्रभावी उपयोग तथा बच्चों की सहभागिता का बारीकी से अवलोकन किया। टीम ने बच्चों के साथ संवाद कर उनके

आत्मविश्वास, सीखने की क्षमता और कक्षा में उनकी सक्रिय भागीदारी को भी परखा। अवलोकन के दौरान टीम के सदस्यों ने दोनों शिक्षिकाओं की उत्कृष्ट शिक्षण शैली, बच्चों के प्रति सहज एवं आत्मीय व्यवहार, सकारात्मक कक्षा-कक्ष वातावरण तथा विद्यार्थियों के आत्मविश्वास की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों को सहज, रोचक एवं सहभागितापूर्ण वातावरण में सीखने के अवसर उपलब्ध कराना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। टीम ने शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए उपयोगी सुझाव भी साझा किए। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यालय में संचालित शिक्षण गतिविधियों को समझना, प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को प्रोत्साहित करना तथा बच्चों के भाषा एवं अधिगम कौशल को और बेहतर बनाने की दिशा में सहयोग प्रदान करना रहा। इस अवसर पर एआरपी सौरभ शुक्ला, मुनब्बर अब्दुल्लाह, शबनम जैदी, प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्रा, भावना मौर्या एवं राकेश यादव, मलका उपस्थित रहे। लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन की टीम के इस भ्रमण से विद्यालय परिवार का उत्साहवर्धन हुआ तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को और बल मिला।

10 साल के इंतेज़ार के बाद कलीनगर में उप-निबंधन कार्यालय का हुआ शुभारंभ

पूरनपुर (पीलीभीत)।10 साल के इंतेजार के बाद आखिरकार तहसील कलीनगर क्षेत्र वासियों को उप निबंधक कार्यालय की सौगात मिल ही गई। बीते दिन जनप्रतिनिधियों ने उप निबंधक कार्यालय का शुभारंभ किया।

तहसील कलीनगर क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना इंतजार आखिरकार शुक्रवार को खत्म हो गया। कलीनगर में उप-निबंधन कार्यालय का शुभारंभ विधायक बाबूराम पासवान और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह ने वर्चुअल माध्यम से स्टांप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल की मौजूदगी में किया। कार्यालय शुरू होने से तहसील क्षेत्र के 169 राजस्व गांवों के लोगों को जमीन की रजिस्ट्री और अन्य निबंधन संबंधी कार्यों के लिए अब पूरनपुर नहीं जाना पड़ेगा।जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह ने कहा कि कलीनगर में रजिस्ट्री कार्यालय खुलना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कुछ दिन पहले सम्मान समारोह में अधिवक्ता संघ कलीनगर ने उप-निबंधन कार्यालय की मांग की थी। शासन स्तर पर इसकी पैरबी की गई।इससे 169 राजस्व गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। तहसील भवन बनने के बावजूद रजिस्ट्री कार्यालय की सुविधा नहीं मिलने से लंबे समय से क्षेत्रवासी इसकी मांग उठा रहे थे।कलीनगर की पूर्व चेयरमैन अनीता कैलाश सक्सेना के पुत्र एवं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नवनीत सक्सेना के साथ अधिवक्ता संघ कलीनगर ने कार्यालय खुलवाने के लिए शासन स्तर पर पैरवी की थी। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पूर्णेन्द्र शर्मा एडवोकेट ने कार्यालय शुरू होने पर खुशी जताते हुए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और इसके लिए प्रयास करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था के लिए जनप्रतिनिधियों से अधिवक्ता हॉल बनवाने की मांग भी की। जयसिंह यादव ने कलीनगर में अस्पताल खुलने की मांग उठाई। कलीनगर के उप-निबंधक का दायित्व विजय कुमार सिंह को सौंपा गया है। कार्यालय में पहली रजिस्ट्री टांडा छत्रपति निवासी प्रकाश नारायण की हुई।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश भारती, पूर्व चेयरमैन सुनील कटियार, नवनीत सक्सेना,पवन जायसवाल, डाक्टर रामबहादुर शर्मा, शांति स्वरुप वर्मा, भाजपा जिला मंत्री सृष्टि गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, भगवती सिंह, अजय सिंह, अवधेश जायसवाल, तेजराम पासवान, शिवम जायसवाल, अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयदेव पासवान, पूर्व अध्यक्ष बीके पासवान, कोषाध्यक्ष जयपाल सिंह यादव, विष्णुकांत यादव, एमजेड खान, प्रशांत सिंह, राजेश सिंह, प्रिंस कुमार, मनोज मिश्रा, अनुज पांडेय, विजय कुमार, वसीम खान, हरीश बाबू, धर्मपाल वर्मा, दोदराज कुशवाह, संदीप जायसवाल और धीरज शर्मा सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

भाकियू (अरा0) ने प्रदर्शन कर किसानों की समस्याओं को लेकर डीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

पूरनपुर (पीलीभीत)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय आवाहन पर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एसडीएम न्यायिक सदर पीलीभीत को दिया गया।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा किए जाने वाले प्रदर्शन की अध्यक्षता वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बाबूराम वर्मा के द्वारा की गई तथा संचालन जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने किया। संगठन जिलाध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि गन्ना किसानों को बढ़ी हुए चीनी मूल तथा लागत के आधार पर 600 रुपये घोषित किया जाए। खेती के लागत मूल्य से बहुत ही घाटे में जा रहा है। मौसम की खराब स्थिति को देखते हुए किसानों को धान खरीद के मानक में छूट दी जाए तथा बिचौलियों से बचाने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएं। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बाबूराम वर्मा ने अपने संबोधन में सरकार से मांग की कि देश में मौजूदा कानून व्यवस्था किसानों को समय पर न्याय दिलाने में पूरी तरह अक्षम है। जिससे किसान भारी आर्थिक और मानसिक पीड़ा में जी रहा है। राजस्व न्यायालय धनबल राजनीतिक संरक्षण में माफियाओं को खुला संरक्षण दे रहे हैं। मौजूदा कानून व्यवस्था जमीन विवाद के लिए जिम्मेदार है, लेकिन उसके बाद भी किसानों केसुझावों पर कानून में अपेक्षित सुधार नहीं किया गया। जिला उपाध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह ने शासन प्रशासन से मांग की कि लगातार बारिश से किसान परेशान है। प्रशासन की गलत नीतियों के कारण किसानों के खेतों में जल भराव की बड़ी समस्या है। किसानो के बड़े पैमाने पर धान की फसल को क्षति हो रही है। लेकिन जिला प्रशासन शासन की नीतियों के विपरीत जल निकासी जैसी महत्वपूर्ण समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। किसानों की समस्याओं के समाधान में प्रभावशाली लोगों के दबाव में फर्जी निस्तारण किया जा रहा है। जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि जंगल की तार फेंसिंग बहुत ही घटिया किस्म की तार से अधूरी की गई है। जिससे जंगली जानवर किसने की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं तथा उनकी जान भी ले रहे हैं। यदि वन विभाग ने किसानों की जान माल और फसल की समुचित सुरक्षा का प्रबंध नहीं किया तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा।

पंचायत में किसानों ने एक स्वर में पराली के नाम पर किसानों के उत्पीड़न का विरोध किया। किसानों ने कहा कि लगातार हो रही बारिश से खेतों में जल भराव तथा कीचड़ की स्थिति लगातार बनी हुई है। इसलिए किसान इस परिस्थिति में पराली निकालना और उसका प्रबंधन करने में पूरी तरह अक्षम है। यदि किसानों को पराली जलाने पर प्रताड़ित किया गया तो अगली फसल बुरी तरह प्रभावित होगी। इसलिए प्रशासन को किसानों को पराली जलाने पर किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई ना की जाए अन्यथा किसानों को सड़क पर उतरकर समस्या का विरोध करना पड़ेगा। किसान पंचायत में बालक राम वर्मा अमरिया तहसील महामंत्री डोरी लाल पाल हरे राम अशोक हरेंद्र जानती गुरजंट सिंह संजीव परमजीत सिंह मंड श्री कृष्णा शर्मा चंद्र सेन ज्वाला प्रसाद सोना देवी तहसील अध्यक्ष रेशमा देवी सोमवती सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 17 और 24 अक्टूबर को लगेंगे विशेष कैंप

लखीमपुर खीरी। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे लोगों और पहली बार मतदान के लिए पात्र युवाओं को पंजीकरण का अवसर देने के लिए जिले में 17 और 24 अक्टूबर को विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन दोनों दिनों में सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक मौजूद रहेंगे। इच्छुक पात्र नागरिक फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

इस संबंध में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने विशेष कैंपों के आयोजन और मतदाता पंजीकरण अभियान के संबंध में जानकारी साझा की।

डीएम ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के 13 अक्टूबर 2026 के पत्र के क्रम में प्रदेश में 17 अक्टूबर (शनिवार) और 24 अक्टूबर (शनिवार) को विशेष कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इन कैंपों का उद्देश्य निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे पात्र नागरिकों और प्रथम बार मतदाता बनने वाले युवाओं के नाम सूची में शामिल करना है।

विशेष कैंपों के दौरान बीएलओ के पास फार्म-6 के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली भी उपलब्ध रहेगी। पात्र नागरिक अपने संबंधित बूथ पर पहुंचकर फार्म-6 भरकर बीएलओ को सौंप सकते हैं।

एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि निर्वाचन संबंधी इस अभियान के तहत पात्र युवाओं और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित लोगों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने बूथ पर पहुंचकर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके।

-सूचना खोया-पाया-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2001 अनुक्रमांक 0711490 का मूल अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

सुमित कुमार मिश्रा पुत्र महेंद्र पाल मिश्रा निवासी मोहल्ला बमनपुरी, पूरनपुर (पीलीभीत)

विधायक पुत्र ने विधानसभा भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं का कराया निस्तारण

पूरनपुर (पीलीभीत)।129, विधानसभा पूरनपुर में क्षेत्र भ्रमण एवं ग्राम चौपालों के माध्यम से विधायक बाबू राम पासवान के पुत्र ऋतुराज पासवान ने जनता के बीच जाकर संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया तथा अन्य समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर उचित एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा है। विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान ने कहा कि उनके लिए जनसेवा केवल आश्वासन देना नहीं, बल्कि जनता के बीच उपस्थित रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना है। उन्होंने जनता के सुख-दु:ख में सहभागी बनने और उनके विश्वास पर खरा उतरने का संकल्प लेने की बात कही है। इस दौरान उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पीटीआर की बराही रेंज में धान की फसल के बीच से गुजरा हाथियों का झुंड

पूरनपुर (पीलीभीत)। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज के पूर्वी क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात तीन प्रवासी हाथियों के झुंड की दस्तक से ग्रामीणों में हलचल मच गई। हाथियों का यह झुंड आबादी क्षेत्र के नजदीक से गुजरते हुए खेतों में पहुंच गया, जहां धान की फसल के बीच हाथियों की मौजूदगी की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और बाघ मित्र सक्रिय हो गए। सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारियों और बाघ मित्रों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। टीम ने टॉर्च की रोशनी की मदद से हाथियों को आबादी क्षेत्र से दूर रखते हुए जंगल की ओर खदेड़ दिया। इस दौरान वन विभाग की टीम लगातार हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए रही। अभियान में डिप्टी रेंजर विशाल सिंह, क्षेत्र प्रभारी एवं वन दरोगा सुरेंद्र गौतम, फॉरेस्ट गार्ड विकास सिंह, भगवान दीन, खुशनुद खान, ज्वाला प्रसाद तथा बाघ मित्र अतुल सिंह और सनबील हुसैन सहित आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि हाथियों को देखकर उनके करीब न जाएं, शोर मचाकर घेरने या खुद उन्हें भगाने का प्रयास न करें। सुरक्षित दूरी बनाए रखें, ग्रामीणों को सतर्क करें और तुरंत वन विभाग को सूचना दें। हाथियों के आवागमन वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतें।

दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक की मौत, दो गंभीर घायल

पूरनपुर (पीलीभीत)। दो बाइकों की आमने-सामने की भिडन्त में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

थाना घुंघचिहाई क्षेत्र के गांव लुकटिहाई के पास शुक्रवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जिला शाहजहांपुर के अंतर्गत आने वाले पुवायां थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी रामनाथ (45) पुत्र छविनाथ अपने भाई अवधेश के साथ बाइक से पूरनपुर की ओर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के गांव लुकटिहाई निवासी राजू पुत्र प्रमोद खेत से बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। गांव के पास पहुंचते ही दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने रामनाथ को मृत घोषित कर दिया, जबकि अवधेश और राजू की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

भाजपा नेता प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा केंद्रीय मंत्री से की गई वार्ता के बाद लोगों को मिला रास्ता

पूरनपुर (पीलीभीत)। रेल विभाग द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर अपना आधिपत्य जताते हुए दीवार निर्माण हेतु खुदाई का कार्य शुरू करवा दिया गया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भाजपा नेता प्रफुल्ल मिश्रा ने केंद्रीय मंत्री से बात की। जिसके बाद लोगों को रास्ता मिल गया। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने भाजपा नेता प्रफुल्ल मिश्रा को सम्मानित कर उनका आभार जताया है।

ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात के मोहल्ला अहमदनगर में रेल विभाग की ओर से पैमाइश के बाद रास्ता बंद कर दीवार बनाने के लिए खुदाई शुरू कराए जाने से स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ गई थी। समस्या को लेकर लोगों ने क्षेत्रीय भाजपा नेता प्रफुल्ल मिश्रा को अवगत कराया। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से दूरभाष पर वार्ता कर स्थानीय लोगों की समस्या रखी। बताया जाता है कि केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने मामले में रेल मंत्री को अवगत कराने के साथ ही बरेली के डीआरएम से फोन पर वार्ता की। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्या का समाधान कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री के प्रयास के बाद रेल विभाग की ओर से स्थानीय लोगों को आवागमन के लिए करीब 12 फीट रास्ता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। रास्ते की समस्या के समाधान की उम्मीद मिलने पर स्थानीय लोगों ने शुक्रवार दोपहर तीन बजे भाजपा नेता प्रफुल्ल मिश्रा को सम्मानित किया। लोगों ने उनकी पहल के लिए आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि रास्ता बंद होने से आवागमन में परेशानी होती और आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता था। अब रेल विभाग की ओर से रास्ता देने के आश्वासन के बाद लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। इस दौरान जहीरुल खां, कासिम खान एडवोकेट, गुड्डू, कामरान, फरहान, शादाब, जाहिद, इमरान, रियाज, लल्ला, शकील सहित आदि लोग मौजूद रहे।

धनाराघाट पर अभी शुरू नहीं होगा नाव का संचालन

पूरनपुर (पीलीभीत)। धनाराघाट से थाना हजारा क्षेत्र की ओर जाने वाले लोगों को फिलहाल नाव संचालन शुरू होने के लिए इंतजार करना पड़ेगा। रास्ते में छोटे नाले के पास दलदल होने के कारण बाइक फंसने का खतरा बना हुआ है। इसके चलते अभी नाव संचालन शुरू करने की स्थिति नहीं बन सकी है।

धनाराघाट पुल पर तैनात मुंशी बबलू माझी ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि छोटे नाले के पास जमीन दलदल होने से आवागमन में परेशानी हो सकती है। ऐसे में जल्दबाजी में नाव संचालन शुरू करना जोखिम भरा साबित हो सकता है। रास्ते की स्थिति सामान्य होने के बाद ही संचालन शुरू करने पर विचार किया जाएगा। धनाराघाट से हजारा क्षेत्र के बीच आवागमन करने वाले लोगों को नाव सेवा शुरू होने का इंतजार है। नाव का संचालन बंद रहने से क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।हालांकि, 20 अक्टूबर से नाव संचालन शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। अब लोगों की निगाहें निर्धारित तिथि पर टिकी हैं। नाव सेवा बहाल होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में राहत मिलने की उम्मीद है।

थाना सम्पूर्णानगर में पारिवारिक विवादों का सफलतापूर्वक निस्तारण

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी %मिशन शक्ति अभियान 6.0% के अंतर्गत आज जनपद खीरी के थाना सम्पूर्णानगर में एक सराहनीय पहल की गई। थाना परिसर में संचालित मिशन शक्ति केंद्र /परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से लंबित पारिवारिक मामलों का सफलतापूर्वक समाधान कराया गया तथा इस दौरान सराहनीय सहयोग देने वाले अभिभावकों एवं परिजनों को सम्मानित कर उनसे फीडबैक लिया गया।

कार्यक्रम के दौरान थाना सम्पूर्णानगर पर लंबित पारिवारिक प्रकरणों से संबंधित वादिनी व प्रतिवादी दोनों पक्षों को आमंत्रित किया गया। पुलिस टीम और परामर्शदाताओं के प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच आपसी संवाद स्थापित कराकर लम्बित पारिवारिक विवादों का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया गया। इस सकारात्मक पहल में सहयोग देने वाले दोनों पक्षों के अभिभावकों एवं परिजनों को थाना पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया तथा उनके संबंधों में आए सुधार का फीडबैक प्राप्त किया गया।

वर्तमान समय में बढ़ते डिजिटल अपराधों और ऑनलाइन ठगी को ध्यान में रखते हुए महिलाओं और बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों तथा किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

संकुल स्तरीय प्राथमिक स्तर की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पूरनपुर (पीलीभीत)। संकुल स्तरीय प्राथमिक स्तर की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता कम्पोजिट विद्यालय रघुनाथपुर के प्रांगण में आयोजित हुई। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ नोडल संकुल शिक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया। संकुल के सभी विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

विकास क्षेत्र पूरनपुर अंतर्गत आने वाले संकुल रघुनाथपुर क्षेत्र की प्राथमिक स्तर की संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता रघुनाथपुर के कम्पोजिट विद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुई। इसमें 12 प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हुई। इसमें 50, 100, 200, 400 मीटर की दौड़, लम्बीकूद, ऊंची कूद, कबड्डी, खो-खो आदि प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्राथमिक स्तर की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग में 50 मीटर की दौड़ में कम्पोजिट विद्यालय अमरैया कलां के अभय और रघुनाथपुर की मुस्कान ने प्रथम, प्राथमिक विद्यालय खाता के संदीप सिंह और रघुनाथपुर की सविता द्वितीय, 100 मीटर की दौड़ में खाता के संदीप सिंह और रघुनाथपुर की रिद्धि प्रथम, इंद्रानगर के इस्माइल और रघुनाथपुर की नेहा द्वितीय, 200 मीटर में खाता के संदीप सिंह और रघुनाथपुर की शिवानी प्रथम, खाता के अजय और रघुनाथपुर की रचना द्वितीय, 400 मीटर में रघुनाथपुर के जतिन व शिवानी ने प्रथम, कम्पोजिट विद्यालय अमरैयाकलां के अभय व रेनू द्वितीय स्थान पर रही। खो-खो में बालक व बालिका वर्ग में रघुनाथपुर प्रथम और प्राथमिक विद्यालय खाता द्वितीय स्थान पर रही। कबड्डी में दोनों वर्गों में रघुनाथपुर प्रथम स्थान पर रही।लंबी कूद में रघुनाथपुर के दीपक व रिद्धि प्रथम, खमरियापट्टी के प्रिंश और रघुनाथपुर की रचना द्वितीय, ऊंची कूद में रघुनाथपुर के जतिन व शिवानी प्रथम, रघुनाथपुर के दीपक व अमरैयाकलां की रेनू द्वितीय स्थान पर रही। रचना एंड पार्टी प्रथम, इंद्रानगर के मो. रेहान प्रथम और खमरियापट्टी की नैना द्वितीय स्थान पर रही।प्रतियोगिता के समापन पर नोडल संकुल शिक्षक ऋषि सक्सेना, संकुल शिक्षक सुमनलता, शेखर दीक्षित ने सभी विजेता छात्रों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में नोडल संकुल शिक्षक ऋषि सक्सेना, शेखर दीक्षित, राधाकृष्ण कुशवाहा, धर्मेन्द्र कुशवाहा, विकास आर्य, सुमनलता, पारुल गुप्ता, इसहाक अहमद, परमजीत कौर, अंजली वर्मा, ममता देवी, पुनीत वर्मा, संजीव अग्रवाल, विजय सोनी, महिपाल, निधि, मो. नूर आदि मौजूद रहे।

शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने की बैठक

पूरनपुर (पीलीभीत)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक कार्यकारिणी की बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक में समस्याओं को शीघ्र हल कराने का निर्णय लिया गया।

नगर के बीआरसी परिसर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक ब्लाक अध्यक्ष सूर्यप्रकाश गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षकों के अवशेष भुगतान, परिवर्तन लागत, फल वितरण लागत सहित वर्ष 2026 की सदस्यता अभियान सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में संघर्ष समिति के तहसील अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान ने कहा कि शिक्षकों को वर्ष 2026 में अधिक से अधिक शिक्षकों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराने के लिए अभियान चलाकर उनको प्रेरित कर संगठन में सदस्यता ग्रहण कराने पर बल दिया गया। बैठक का संचालन ब्लाक मंत्री विमल कुमार ने किया। बैठक में शिक्षक ऋषि सक्सेना, विवेक जैसवार, अर्जुन सिंह गंगवार, पूरनलाल, श्रीपाल मौर्य, मनोज कुमार, देवेश कुमार, शब्बीर अहमद, रोहिताश कुमार, मुकेश बाबू, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

स्थायी बीडीओ की तैनाती के बावजूद जिला स्तरीय अधिकारी को लम्बे समय तक बीडीओ का चार्ज देना कहाँ तक सही

प्रशासनिक असमंजस और सियासी खींचतान का केंद्र बना विकास खण्ड पूरनपुर

(आज समाचार सेवा)

पूरनपुर (पीलीभीत)। ब्लॉक में स्थायी या नियमित खंड विकास अधिकारी की तैनाती होने के बावजूद किसी अन्य जिला स्तरीय अधिकारी (उपश्रमायुक्त मनरेगा) को अतिरिक्त चार्ज दिया जाना प्रशासनिकए कानूनी और व्यावहारिक दोनों दृष्टिकोणों से बहस का विषय हो सकता है। जब एक पूर्णकालिक बीडीओ पहले से तैनात हो और उसके ऊपर या उसके समानांतर किसी अन्य को वित्तीय व प्रशासनिक चार्ज दे दिया जाएए तो ब्लॉक स्तर के कर्मचारियों और ग्राम प्रधानों (प्रशासकों) के बीच यह असमंजस पैदा करता है कि अंतिम प्रशासनिक निर्णय किसका मान्य होगा। पूरनपुर ब्लॉक में पहले भी जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक नियुक्तियों के बीच खींचतान की खबरें सामने आती रही हैंए जिससे विकास कार्य प्रभावित होते रहे हैं। यही नही उत्तर प्रदेश सरकार के प्रशासनिक नियमों के अनुसार किसी विशेष अभियान को गति देने, जांच पूरी करने या वित्तीय पारदर्शिता लाने के लिए उपश्रमायुक्त मनरेगा हेमंत यादव को बीडीओ बनाया जाना एक अस्थायी कदम हो सकता है, और इसे प्रशासनिक रूप से उचित ठहराया जा सकता है। लेकिनए यदि नियमित अधिकारी के होते हुए भी इसे लंबे समय तक खींच तान या राजनीतिक दबाव के तहत जारी रखा जाता हैए तो यह पूरी तरह से अनुचित ही नही बल्कि यह पूरी तरह से असामान्य और प्रशासनिक नियमों के विपरीत है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग के नियमों के अनुसार, किसी जिला स्तरीय अधिकारी को ब्लॉक का अतिरिक्त चार्ज केवल एक अस्थायी व्यवस्था के तहत दिया जाता है। यदि यह व्यवस्था लम्बे समय से खिंच रही हैए तो यह शासन स्तर पर प्रशासनिक विफलता या स्थानीय खींचतान का संकेत देती है। बताते चलें कि जनपद पीलीभीत अंतर्गत आने वाला विकास खंड पूरनपुर भी इन दिनों प्रशासनिक असमंजस और सियासी खींचतान का केंद्र बना हुआ है। हैरानी की बात यह है कि ब्लॉक में दो.तीन अधिकारियों तीसरे के ट्रेनिंग पर जाने की जानकारी की तैनाती के बावजूद न तो स्थायी नेतृत्व स्पष्ट है और न ही योजनाओं को अपेक्षित गति मिल पा रही है। अंदरखाने राजनीतिक हस्तक्षेप और विभागीय स्तर पर तालमेल की चर्चा ने पूरे प्रकरण को और संवेदनशील बना दिया है। अतिरिक्त चार्ज बनाम अधूरे अधिकार जानकारी के अनुसारए जिला स्तर पर तैनात उपश्रम आयुक्त मनरेगा हेमंत यादव के पास पूरनपुर ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार है। जिले भर की योजनाओं की निगरानी के बीच उन्हें पूरनपुर की फाइलों और बैठकों के लिए अलग से समय निकालना पड़ता है। कई कई दिन तक पूरनपुर ना आ पाने के कारण फरियादियों और सचिवों को काफी परेशानी हो रही है। दूसरी ओर तैनात बीडीओ संजय कुमार के पास पूर्ण वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार न होने की बात सामने आ रही है। ऐसे में वह कई मामलों में अंतिम निर्णय लेने की स्थिति में नहीं हैं। परिणाम स्वरूप, निर्णय प्रक्रिया धीमी हो गई है और फाइलें लंबित पड़ी हैं। स्थायी और पूर्ण अधिकारों वाले बीडीओ के अभाव में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवासए शौचालय निर्माणए सड़क मरम्मत और अन्य विकास योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर नहीं हो पा रहा।

ग्राम विकास अधिकारी नियमों और अनुमोदन की प्रक्रिया में उलझे हुए हैं। कई ग्राम पंचायतों की फाइलें मंजूरी के इंतजार में पड़ी रहती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी डीसी मनरेगा की अनुपस्थिति के चलते कई कई बार ब्लॉक के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। भुगतान, स्वीकृति और निरीक्षण जैसी प्रक्रिया, समय से पूरी नहीं हो पा रहीं, जिससे लाभार्थियों को आर्थिक और सामाजिक दोनों स्तर पर नुकसान झेलना पड़ रहा है। वहीं डीसी मनरेगा हेमंत यादव के मूल विभाग पूरे जिले का मनरेगा कार्य और ब्लॉक स्तर के रोजमर्रा के प्रशासनिक कार्यों जैसे पेंशनए पीएम आवास, ए.डी.ओ. ग्राम प्रधानों के समन्वय दोनों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस पूरे मामलें में एक बड़ा सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि जब ब्लॉक में तीन अधिकारी तैनात हैं तो अंतिम निर्णय और जिम्मेदारी किसकी मानी जाए घ् यदि अधिकार बंटे हुए हैं तो विकास की रफ्तार कैसे बढ़ेगी घ् पूरनपुर ब्लॉक की स्थिति यह संकेत दे रही है कि जब तक स्पष्ट प्रशासनिक व्यवस्था और पूर्ण अधिकारों के साथ स्थायी नेतृत्व नहीं मिलेगाए तब तक योजनाओं की गति कागजों से आगे नहीं बढ़ पाएगी। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस प्रशासनिक उलझन को सुलझाकर करीब 1 वर्ष तक जिले की एक बड़ी जिम्मेदारी होने के बावजूद एशिया के सबसे बड़े ब्लॉक में बीडीओ बनकर काम करने वाले डीसी मनरेगा हेमंत यादव को राहत देते हुए स्थाई बीडीओ को वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सौंपकर विकास को पटरी पर लाने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है।

जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत। जनपद में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय, जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। जनपद में पर्यावरण संरक्षण, गंगा एवं अन्य नदियों की स्वच्छता, वृक्षारोपण कार्यों तथा पर्यावरणीय व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नदियों में प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में समीक्षा की गई। इस दौरान अधिशासी अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि नदियों में कूड़ा एवं अपशिष्ट जाने से रोकने के लिए प्रमुख नालों पर जाल लगाए गए हैं तथा नियमित निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नदियों में कूड़ा डालना किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नालों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने तथा नदी प्रदूषण रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्देश दिए गए कि वृक्षारोपण से संबंधित अवशेष कार्यों को आगामी 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए। साथ ही पौधों के संरक्षण एवं उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में भारत सरकार को भेजे गए तेंदुआ सफारी पार्क के प्रस्ताव पर चर्चा की गई तथा प्रस्ताव के संबंध में आवश्यक कार्यवाही पर विचार-विमर्श किया गया। नौगवां पकड़िया स्थित एमआरएफ (एमआरएफ) सेंटर में विद्युत संयोजन सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, जिससे केंद्र का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके। इसके अतिरिक्त, वाहनों की फिटनेस से संबंधित व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। नदियों के प्रवाह क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नदी प्रवाह क्षेत्रों की निगरानी करते हुए अतिक्रमण की स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण कार्यों की समयबद्ध पूर्णता तथा संबंधित व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, डीएफओ सामाजिक वानिकी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, नगर मजिस्टेªट, उप निदेशक कृषि, अधिशासी अधिकारी सहित समिति सदस्यगण उपस्थित रहे।

पीडीए पंचायतों में गूंजे जनसमस्याओं के मुद्दे, दिव्या गंगवार ने ग्रामीणों से किया संवाद

पीलीभीत, बीसलपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 130 विधानसभा बीसलपुर क्षेत्र में पीडीए जन-जागरूकता अभियान के तहत पंचायतों और चैपालों के माध्यम से जनसंवाद किया जा रहा है। महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं बीसलपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी. गंगवार के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया गया। जनसंवाद के दौरान क्षेत्र के किसानों की समस्याएं प्रमुखता से उठाई गईं। किसानों को गन्ने का समय पर भुगतान दिलाने, धान खरीद केंद्रों पर उपज की उचित खरीद सुनिश्चित कराने तथा छुट्टा पशुओं से फसलों को बचाने की मांग की गई। इसके अलावा गांवों की खराब सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई और जलभराव की समस्या से निजात दिलाने का मुद्दा भी उठाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, युवाओं को रोजगार के अवसर देने तथा पात्र परिवारों को आवास और पेंशन का लाभ दिलाने की जरूरत पर भी चर्चा हुई। विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर दिव्या पी. गंगवार ने कहा कि गांवों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को सुनना और उनकी आवाज को संबंधित स्तर तक पहुंचाना जरूरी है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य, युवाओं को रोजगार और जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने समाजवादी सरकार के कार्यकाल में संचालित समाजवादी पेंशन, कन्या विद्याधन, लैपटॉप वितरण और 108 एम्बुलेंस सेवा जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए जनहित एवं सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर संवाद जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीडीए जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझने और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का प्रयास किया जा रहा है। जनसंवाद में चैधरी प्रदीप सिंह पटेल, रूप लाल महातिया, सालिक राम गंगवार, ओम पाल, प्रमोद कुमार, अरुणेश कुमार, पाती राम सागर, मुकेश भटनागर, कंसल गौतम, निमेष कुमार मौर्य, राकेश प्रजापति, भूदेव गंगवार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फूलबाबू ने अखिलेश यादव से की पुनः मुलाकात, पीलीभीत के जनहित मुद्दे उठाने का संकल्प दोहराया

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री अनीस अहमद खान 'फूलबाबू' ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से पुनः मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद फूलबाबू ने अखिलेश यादव का प्रेस कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश साझा की गई वीडियो क्लिप में स्पष्ट रूप से देखा और सुना जा सकता है। अनीस अहमद खान 'फूलबाबू' ने पीलीभीत की जनता के सम्मान, जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े विषयों को मजबूती से सामने रखना और क्षेत्र के विकास के लिए काम करना उनका संकल्प है। मुलाकात के बाद साझा किए गए संदेश में उन्होंने अखिलेश यादव के प्रति आभार जताते हुए लोगों से वीडियो क्लिप के माध्यम से उनका पूरा संदेश सुनने की अपील की। इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक हलकों में भी चर्चा हो रही है।

नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में सभासदों का छल्का दर्द ,विकास कार्यों लिए तरसते लोग

निगोही ।शाहजहांपुर । सोमवार को नगर पंचायत की बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। उस बैठक की अध्यक्षता चैयरमेन मनोज कुमार ने की ।बोर्ड बैठक आरम्भ होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गई अधिकांश सभासदों ने अपने अपने वार्ड के तमाम समस्याओं के मुद्दे उठाए गए और एक सभासद भावुक होकर फफक फफक कर रो पड़े ।वार्ड नंबर 2 अशफाक नगर की महिला सभासद रविन्द्र कौर ने चेतावनी देते हुए कहा कार्य प्रणाली में सुधार नही किया गया तो धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर हो गए। सभासद अनुज यादव , गुलशन बानों ने मुख्य रोड़ ख़राब स्थिति का मुद्दा उठाया। सभासद सतीश कुमार ने आवारा पशुओं और बंदरो के हमले से निजात पाने के लिए मुद्दा उठाया। सभासद मुमताज उप जिला अधिकारी/ अधिशासी अधिकारी सदर प्रभात राय के सामने फफक फफक कर रो पड़े नगर पंचायत में रुके हुए विकास कार्यों को लेकर उधर चैयरमेन मनोज कुमार वर्मा ने बैठक में आये हुए सभासदों और तमाम लोगों का आभार व्यक्त किया।

नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता के द्वारा नवीन स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण किया गया

पुवाया शाहजहांपुर। नगर पालिका परिषद पुवायां द्वारा नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज निगोही रोड पर समसुलखान के मकान तक नवनिर्मित स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन किया ट्रीट लाइटों के स्थापित होने से निगोही रोड पर रात्रि के समय आवागमन करने वाले राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों को विशेष सुविधा प्राप्त होगी। इससे मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था बेहतर होने के साथ-साथ यातायात एवं नागरिकों की सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर समस्त सम्मानित सभासदगण, नगर पालिका के समस्त कर्मचारीगण तथा नगर के सम्मानित नागरिकगण उपस्थित रहे।

फसल बर्बाद होने से परेशान किसान की आत्महत्या की खबर को प्रशासन ने बताया निराधार

पीलीभीत। फसल बर्बाद होने से परेशान किसान द्वारा आत्महत्या किए जाने और आवारा गोवंश से गन्ने की फसल नष्ट होने की खबर को सदर तहसील प्रशासन ने असत्य एवं निराधार बताया है। उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि 15 अक्टूबर 2026 को प्रिंट मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्राप्त खबर के संबंध में तहसीलदार सदर से जांच आख्या मांगी गई थी। तहसीलदार की आख्या के अनुसार, मृतक महेश कुमार (28) पुत्र स्वर्गीय भगवान दास, निवासी ग्राम वनौसा, तहसील व जिला पीलीभीत के मामले में उसकी माता सोमवती और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए। प्रशासन के अनुसार, मृतक की माता और ग्रामीणों ने अपने बयानों में बताया कि महेश कुमार नशा करने का आदी था। उसके नाम पर कोई कृषि भूमि नहीं थी और न ही उसके पिता के नाम कृषि भूमि दर्ज थी। हालांकि, उसके दादा के नाम कृषि भूमि होने की जानकारी दी गई। बयानों के अनुसार, महेश कुमार एक निजी कंपनी में काम करता था और खेती नहीं करता था। तहसीलदार की आख्या के मुताबिक, 14 अक्टूबर 2026 को महेश कुमार कथित तौर पर नशे की हालत में घर आया था। इस दौरान घर में मौजूद सदस्यों से उसका विवाद हुआ, जिसके बाद उसने क्रोध में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। प्रशासन ने जांच आख्या के आधार पर फसल बर्बाद होने और आवारा गोवंश से गन्ने की फसल नष्ट होने के कारण किसान द्वारा आत्महत्या किए जाने संबंधी प्रकाशित खबर को असत्य एवं निराधार बताया है।

आईजीआरएस की समीक्षा में लापरवाही पर कार्रवाई, मरौरी के बीडीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि

पीलीभीत। मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र ने आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणों और असंतुष्ट फीडबैक के निस्तारण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विभिन्न विकासखंडों की प्रगति खराब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। समीक्षा में विकासखंड मरौरी की प्रगति 82.60 प्रतिशत खराब पाए जाने पर खंड विकास अधिकारी मरौरी को मध्यावधिक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई। वहीं, विकासखंड ललौरीखेड़ा, बीसलपुर और अमरिया की प्रगति 50 प्रतिशत खराब पाए जाने पर संबंधित खंड विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के स्तर पर आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा में विकासखंड बीसलपुर की प्रगति 71.43 प्रतिशत खराब पाए जाने पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कृष्णा देवी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। इसके अलावा विकासखंड पूरनपुर, ललौरीखेड़ा और मरौरी में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की प्रगति क्रमशः 46.58 प्रतिशत, 46.67 प्रतिशत और 47.06 प्रतिशत खराब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों और सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) को निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता बरतने और निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बीसलपुर मंडी सचिव के स्थानांतरण की मांग, अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराने की उठाई आवाज

बीसलपुर, पीलीभीत। बीसलपुर कृषि उत्पादन मंडी समिति में लंबे समय से तैनात मंडी सचिव नाजिम अली के स्थानांतरण की मांग तेज हो गई है। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष, बरेली संचित दीक्षित ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर मंडी सचिव का स्थानांतरण करने, उनके स्थान पर नए अधिकारी की नियुक्ति करने और मंडी की कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। शिकायत में धान की तुलाई में किसानों को परेशानी होने, आढ़त लाइसेंस आवंटन में कथित भेदभाव, मंडी शुल्क में अनियमितताओं तथा आय से अधिक संपत्ति से जुड़े आरोपों की जांच कराने का अनुरोध किया गया है। संचित दीक्षित ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि मंडी सचिव नाजिम अली पांच वर्षों से अधिक समय से बीसलपुर मंडी में तैनात हैं। उन्होंने लंबे कार्यकाल की समीक्षा कराने के साथ मंडी की प्रशासनिक व्यवस्था और कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि धान की तुलाई और बिक्री के दौरान किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। उन्होंने संबंधित अभिलेखों की जांच कराकर तुलाई और खरीद व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग उठाई है। शिकायत में आढ़त लाइसेंस आवंटन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए हैं। संचित दीक्षित ने स्वीकृत और निरस्त आवेदनों की समीक्षा कराकर कथित भेदभाव के आरोपों की जांच कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने धार्मिक आधार पर भेदभाव किए जाने की आशंका भी जताई है। इसके अलावा मंडी शुल्क, कर भुगतान, व्यापारिक लेन-देन और वित्तीय अभिलेखों का सक्षम विभाग से ऑडिट कराने की मांग की गई है, ताकि किसी भी संभावित अनियमितता की स्थिति स्पष्ट हो सके। संचित दीक्षित ने मंडी सचिव की कथित संपत्ति और वित्तीय लेन-देन से संबंधित आरोपों की जांच सतर्कता विभाग अथवा भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी से कराने की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में भ्रष्टाचार, राजस्व की चोरी या आय से अधिक संपत्ति से जुड़े आरोप प्रमाणित होते हैं तो संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में मंडी सचिव का स्थानांतरण करने, नए योग्य अधिकारी की नियुक्ति करने, उनके कार्यकाल की उच्चस्तरीय जांच कराने, धान की तुलाई व्यवस्था में सुधार करने, आढ़त लाइसेंस आवंटन की समीक्षा करने और मंडी शुल्क व वित्तीय अभिलेखों का ऑडिट कराने सहित विभिन्न मांगें रखी गई हैं। साथ ही शिकायत पर की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया गया है। संचित दीक्षित ने कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने और उसकी तुलाई कराने में अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए मंडी में पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था जरूरी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से शिकायत का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराने तथा जांच में अनियमितताएं प्रमाणित होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

पीलीभीत में सुरक्षा जवानों और सुपरवाइजरों की भर्ती के लिए लगेंगे शिविर, 13 नवंबर तक चलेगी प्रक्रिया

पीलीभीत। जनपद में सुरक्षा जवानों और सुरक्षा सुपरवाइजरों की भर्ती के लिए अक्टूबर और नवंबर माह में विभिन्न विकासखंडों एवं तहसील क्षेत्रों में भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद, नई दिल्ली और एसआईएस इंडिया लिमिटेड, देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों का पंजीकरण कर परीक्षण किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक विजय सिंह यादव ने क्षेत्रीय कमांडेंट कार्यालय, रीजनल ट्रेनिंग अकादमी, देहरादून के 20 मार्च 2026 के पत्र तथा जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में भर्ती शिविरों की जानकारी दी। उन्होंने जनपद के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, स्ववित्तपोषित मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों और सीबीएसई बोर्ड के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से शिविरों के आयोजन में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 से 17 अक्टूबर तक राजकीय इंटर कॉलेज अमरिया में भर्ती शिविर लगाया जाएगा। सदर तहसील के सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, पीलीभीत में 21 से 22 अक्टूबर तक भर्ती प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद 23 से 24 अक्टूबर तक विकासखंड ललौरीखेड़ा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, खमरियापुर में, 27 से 28 अक्टूबर तक विकासखंड बरखेड़ा के पंडित देवदत्त शर्मा जनता इंटर कॉलेज में तथा 30 से 31 अक्टूबर तक विकासखंड बिलसंडा के गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में शिविर आयोजित होगा। विकासखंड बीसलपुर के एसआरएम इंटर कॉलेज में 2 से 3 नवंबर तक और विकासखंड पूरनपुर के पब्लिक इंटर कॉलेज में 5 से 6 नवंबर तक भर्ती शिविर लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त सदर तहसील स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में 13 से 14 नवंबर तक भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम 10वीं पास होना आवश्यक है। इसके लिए न्यूनतम लंबाई 168 सेंटीमीटर, वजन 56 से 90 किलोग्राम और आयु 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं, सुरक्षा सुपरवाइजर के पद के लिए अभ्यर्थी का 12वीं पास होना अनिवार्य है। इस पद के लिए न्यूनतम लंबाई 170 सेंटीमीटर, वजन 56 से 90 किलोग्राम और आयु 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। भर्ती से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थी भर्ती अधिकारी नरेंद्र कुमार के मोबाइल नंबर "9758323438" पर संपर्क कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से निर्धारित तिथियों पर शिविरों के सफल आयोजन के लिए आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने को कहा है।

मिशन शक्ति 5.0 और सेवा संकल्प अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

पीलीभीत। जिलाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण और सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला कल्याण विभाग की ओर से ग्राम पंचायत आमडाड़ी, थाना जहानाबाद, पीलीभीत में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही भारत की जनगणना 2026 के द्वितीय चरण के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया और जनगणना कार्य में सहयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सुवर्णा पांडे ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, महिला थाना प्रभारी रीता सिंह ने बच्चों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। जेंडर स्पेशलिस्ट जयश्री सिंह ने महिलाओं और बालिकाओं की सहायता के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबर 181, 1090 और 1098 की जानकारी देते हुए इनके उपयोग के बारे में समझाया। श्रेष्ठ महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष ने भी महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) तथा हब के कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग और महिला कल्याण विभाग के समन्वय से महिला शक्ति केंद्र में निस्तारित मामलों से संबंधित अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक कर उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने तथा सरकारी योजनाओं और सहायता सेवाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा।

शिक्षक निर्वाचन को लेकर सक्रियता बढ़ी, डॉ. सुनीत गिरि के समर्थन में शिक्षकों से एकजुट होने की अपील

बीसलपुर, पीलीभीत। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर शिक्षक संगठनों की सक्रियता बढ़ने लगी है। इसी क्रम में बीसलपुर स्थित शिशु विहार इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रभात सक्सेना से मुलाकात कर शिक्षक निर्वाचन और शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. सुनीत गिरि के समर्थन में शिक्षकों को एकजुट करने तथा शिक्षक हितों की रक्षा के विषय पर विचार-विमर्श हुआ। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. सुनीत गिरि को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। संगठन की ओर से उन्हें युवा, ईमानदार, कर्मठ और जुझारू शिक्षक नेता बताते हुए शिक्षकों से प्रथम वरीयता का मत देकर उन्हें विजयी बनाने की अपील की जा रही है। संगठन की जिला कार्यकारिणी ने बरेली-मुरादाबाद मंडल के सभी जनपदों के शिक्षकों से एकजुट होकर डॉ. सुनीत गिरि के समर्थन में मतदान करने का आह्वान किया। संगठन का कहना है कि शिक्षकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और शिक्षक हितों को प्राथमिकता देने के लिए योग्य प्रतिनिधि का चयन महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर शिक्षक एकता को मजबूत बनाने और संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों से आपसी एकजुटता बनाए रखने तथा निर्वाचन में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने 卐ओ.पी. शर्मा अमर रहें, पंचानन राय अमर रहें और शिक्षक एकता जिंदाबाद卐 के नारे लगाकर शिक्षक एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

शिशु विहार विद्यालय में ओलंपियाड प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

बीसलपुर, पीलीभीत। नगर के शिशु विहार विद्यालय में ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दीपशिखा मिश्रा मैडम चारु शंखधरअमित गुप्ता, संजीव सक्सेना, कंचन सक्सेना उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की मेहनत और प्रतिभा की प्रशंसा की थे तथा उन्हें भविष्य में भी इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उनमें प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि विकसित करना रहा। इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की भावना को मजबूत करने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के महत्व का संदेश दिया गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत

पत्रांक 586/न0पा0परि0पी0/2025-26 दिनांक 13/10/26

सीलबन्द निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मों/एजेन्सी को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा एकता सरोवर पार्क में कैंटीन, वाटर कूलर, प्रसाधन का संचालन एवं अनुरक्षण पार्क पार्किंग नौका बिहार के 05 वर्ष के लिए संचालन हेतु दिनांक 13/10/26 से दिनांक 20/10/26 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित करायी जाती हैं। जो कि दिनांक 21/10/26 समय सायं 04:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद पीलीभीत में समस्त ठेकेदारों/फर्मों/एजेन्सी की उपस्थिती में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेंगी।

क्रम सं०	कार्य का नाम	न्यूनतम आगणन धनराशि	जमानत धनराशि	निविदा मूल्य
1	एकता सरोवर पार्क में कैंटीन, वाटर कूलर, प्रसाधन का संचालन एवं अनुरक्षण पार्क पार्किंग नौका बिहार	231725/-	25,000/-	275/-

नोटः-उपरोक्त से सम्बन्धित शर्ते पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पीलीभीत

सुभाषित

अपने जीवनका अंत कर देनेमें कोई अच्छाई नहीं होती, सुख और आनन्दका रास्ता जीवनसे ही निकलता है। ❒ ओशो

संसदका विशेष सत्र

केन्द्र सरकार अब संसदका विशेष सत्र बुलानेकी तैयारीमें जुट गयी है। ऐसे संकेत मिले हैं कि अक्तूबरके अन्तिम सप्ताहमें यह सत्र बुलाया जा रहा है। संसदका मानसून सत्र १३ अगस्तको समाप्त हुआ था लेकिन अबतक सत्रावसान नहीं हुआ है। सत्र बुलानेकी सूचना एक सप्ताह पहले ही देनेकी परम्परा है। लोकसभा सीटें बढ़ाने और परिसीमन बिलसे सम्बन्धित बिल पेश करनेका अनुमान है। इसके माध्यमसे महिला आरक्षण लागू किया जायगा। संविधान (१३१वां संशोधन) विधेयक, २०२६ में लोकसभाकी सीटें ८५० करनेका प्रस्ताव है। राज्योंसे ८१५ और केन्द्रशासित प्रदेशसे ३५ सीटें हो सकती हैं। इसके साथ ही परिसीमन (संशोधन) विधेयक, २०२६ भी पेश किया जा सकता है। परिसीमनके लिए 'जनसंख्या' की परिभाषामें परिवर्तन किया जायगा। २०११ की जनगणनाको आधार बनाया जायगा। इसके अतिरिक्त केन्द्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, २०२६ भी है। यह विधेयक पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीरके कानूनोंमें संशोधन करता है, ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण बिल लागू हो सके। भाजपाके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन (राजग) के पक्षमें दो-तिहाई बहुमत आवश्यक है लेकिन राजग अभी इससे दूर है। लोकसभामें २० और राज्यसभामें नौ सांसदोंकी जरूरत है। लोकसभामें ५४३ सांसद हैं। तीन सीटें खाली हैं। इनमें राजगके ३१८ सांसद हैं। बिलको पास करानेके लिए लोकसभामें ३६० वोटकी आवश्यकता है। यदि द्रमुकके २२ सांसद बिलका समर्थन करते हैं तो बिलके समर्थनमें ३४० सांसद हो जायंगे। इसके बाद भी भाजपाको लगभग बीस सांसदोंकी जरूरत है। इसी प्रकार राज्यसभामें २४५ सीटें हैं। तीन खाली हैं। इनमें राजगके १५३ सांसद हैं। बिल पास करानेके लिए १६२ सांसद चाहिए। राजगको छोटी पार्टियोंके नौ सांसदोंकी जरूरत पड़ेगी। मानसून सत्रकी अन्तिम बैठक १३ अगस्तको हुई थी। दोनों सदनोंकी बिना सत्रावसानके यह अबतककी सबसे लम्बी अवधि है। इसके पूर्व १९८९ में दोनों सदन ६३ दिनतक ऐसी ही स्थितिमें रहे। संसदके विशेष सत्र बुलानेकी तैयारीको लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है। विपक्ष इसे हंगामे वाला सत्र बनानेकी तैयारीमें है। विशेष सत्र ऐसे समय हो रहा है जब मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारके इस्तीफेकी मांगपर देशभरमें माहौल काफी गर्म है। संसद सत्रमें इस प्रकरणको भी विपक्ष अवश्य उठा सकता है। विपक्ष और भी कई मुद्दे उठानेकी रणनीति बना रहा है। सत्ता पक्षकी ओरसे भी पूरी तैयारी की जा रही है। सत्तापक्ष यदि दो-तिहाई बहुमत जुटानेमें सफल रहता है तभी बिल पास हो पायंगे।

अवैध पटाखोंका कारोबार

उत्तर प्रदेशके वाराणसीमें सारनाथ क्षेत्रके पैगम्बरपुरमें गुरुवारको अवैध रूपसे पटाखा बनानेके दौरान हुए भीषण विस्फोटमें तीन मंजिला मकान पूरी तरह ढह गया। इस हादसेमें पटाखा कारोबारी मकान मालिककी ३८ वर्षीय पत्नी गम्भीर रूपसे झुलस गयी जबकि उसका १३ वर्षीय पुत्र मलबेमें दबनेसे घायल हो गया। दोनोंको मण्डलीय अस्पतालमें भर्ती कराया गया है। यह मकान पटाखा कारोबारी राजू खानकी पुस्तैनी है, जहां वह अपनी मां, पत्नी और एक पुत्र और पुत्रीके साथ रहता था। इस मकानमें कई पुश्तसे पटाखा बनानेका अवैध धंधा चल रहा था जिसकी जानकारी आसपासके लोगोंको बखूबी थी लेकिन पुलिस शायद अनभिज्ञ थी या अनभिज्ञ बनी हुई थी, यह तो जांचका विषय है लेकिन इतना तो तय है कि ऐसा हो नहीं सकता कि किसी थाना क्षेत्रमें अवैध कारोबार पुश्तोंसे हो रहा हो और स्थानीय पुलिसको इसकी खबरतक न हो। मकानमें विस्फोट शाम पांच बजे हुआ लेकिन जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक लगातार दो और धमाके हुए जिससे अफरा-तफरी मच गयी। विस्फोटकी भयंकरताका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि इस मकानसे सटे एक घरका अगला हिस्सा ढह गया और सात मकान क्षतिग्रस्त हो गये। हादसेके बाद मकान मालिक घायलोंको छोड़कर फरार हो गया जिसे देर रात सारनाथ पुलिसने सरायमोहना घाटके पाससे मुठभेड़के बाद गिरफ्तार कर लिया। घायलोंको लोगोंने मलबेसे निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मलबेमें किसी औरके दबे होनेकी आशंकासे पुलिसने दो घण्टे रेस्क्यू अभियान चलाया। राहतकी बात यह है कि और किसीके दबे होनेकी आशंका निर्मूल साबित हुई। पटाखोंका त्योहार दशहरा और दीपावलीके साथ शादी-विवाहकी तैयारियां भी जोरोंपर है। ऐसेमें अवैध पटाखोंकी निर्माणमें तेजी आयी है। गली-गलीमें अवैध तरीकोंसे पटाखोंका निर्माण हो रहा है। इस तरहकी अवैध पटाखोंका निर्माण उत्तर प्रदेशमें नहीं अन्य राज्योंमें भी हो रहा होगा जिसपर सख्त निगरानी रखनेकी जरूरत है वरना ऐसे और भी हादसोंसे इनकार नहीं किया जा सकता है। पुलिस प्रशासनको चुस्त और निगरानी तंत्रको और मजबूत करना होगा, ताकि हादसेकी पुनरावृत्ति रोका जा सके।

लोक संवाद

देशमें बढ़ती महंगी

महोदय,-देशमें थोक महंगी फिर तेजीसे बढ़ी है। सितंबरमें थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगी दर बढ़कर ११.३९ फीसदीपर पहुंच गयी। अगस्तमें यह ९.९२ फीसदी थी। सरकारी आंकड़ोंके मुताबिक, यह २०२२-२३ की नयी श्रृंखलामें अबतकका सबसे ऊंचा स्तर है। खाने-पीनेकी चीजों, ईंधन और कारखानोंमें बनने वाले सामानकी कीमतें बढ़नेसे थोक महंगीमें यह तेजी आयी है। सितंबरमें सभी वस्तुओंका थोक मूल्य सूचकांक भी अगस्तके ११०.८ से बढ़कर ११२.५ हो गया। सितंबरमें खाद्य महंगी दर बढ़कर ८.१४ फीसदीपर पहुंच गयी, जो पिछले २१ महीनेका सबसे ऊंचा स्तर है। अगस्तमें यह ५.६७ फीसदी थी। वहीं, प्राथमिक वस्तुओंकी महंगी दर अगस्तके ७.७६ फीसदीसे बढ़कर सितंबरमें ८.६७ फीसदी हो गयी। यह भी नयी श्रृंखलाका सबसे ऊंचा स्तर है। खनिजोंकी महंगी दर ८.२४ फीसदीसे बढ़कर ९.५१ फीसदी हो गयी। थोक महंगी बढ़नेकी एक बड़ी वजह कच्चे तेल और प्राकृतिक गैसकी कीमतोंमें तेजी रही। सितंबरमें ईंधन और बिजलीकी महंगी दर बढ़कर २५.८५ फीसदी हो गयी। अगस्तमें यह २२.९३ फीसदी थी। सबसे ज्यादा तेजी कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैसकी कीमतोंमें देखनेको मिली। इनकी महंगी दर अगस्तके ३४.४१ फीसदीसे बढ़कर सितंबरमें ५७.३२ फीसदी हो गयी। इसी तरह कोयले और लिग्नाइटकी महंगी दर १.५७ फीसदीसे बढ़कर ९.३१ फीसदी पहुंच गयी। खनिज तेलकी महंगी दर भी ३८.४८ फीसदीसे बढ़कर ४०.०२ फीसदी हो गयी। सितंबरमें कारखानोंमें बनने वाले सामानकी महंगी दर बढ़कर ९.७६ फीसदी हो गयी, जबकि अगस्तमें यह ८.३७ फीसदी थी। यह भी नयी श्रृंखलाका सबसे ऊंचा स्तर है। थोक महंगी सूचकांकमें इस श्रेणीकी हिस्सेदारी ६३.१ फीसदी है। इसलिए इसकी कीमतोंमें बदलावका कुल थोक महंगीपर बड़ा असर पड़ता है। कपड़े, तैयार परिधान, रसायन, धातुओं और बिजलीके उपकरणोंकी कीमतोंमें वृद्धि दर्ज की गयी। इसके अलावा कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पादोंकी महंगी दर बढ़कर चार फीसदी हो गयी। इससे पहले कई महीनोंतक इस श्रेणीमें कीमतोंमें गिरावट दर्ज की जा रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालयने सितंबरके लिए उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) के आंकड़े भी जारी किये हैं। यह सूचकांक बताता है कि उत्पादकोंको अपने सामानके लिए मिलने वाली कीमतोंमें कितना बदलाव हुआ है। पीपीआई बढ़कर ११२.५ हो गया। इसके साथ ही पीपीआईपर आधारित महंगी दर अगस्तके ९.८१ फीसदीसे बढ़कर ११.३९ फीसदी पहुंच गयी। सितंबरके आंकड़ोंसे साफ है कि महंगीका दबाव सिर्फ खाने-पीनेकी चीजोंतक सीमित नहीं है। ईंधन, कच्चे माल और कारखानोंमें बनने वाले सामानकी कीमतें भी तेजीसे बढ़ रही हैं। इससे कम्पनियोंकी उत्पादन लागत बढ़ सकती है। यदि कम्पनियां बढ़ी हुई लागतका बोझ ग्राहकोंपर डालती हैं तो आने वाले समयमें खुदरा कीमतोंपर भी दबाव पड़ सकता है। **-शैलजा पाठक, वाया ईमेल।**

भारतीय प्रतिभाओंपर अमेरिकी निर्भरता

ट्रम्प प्रशासनने स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रमके तहत विदेशी कामगारोंके लिए वीजापर रोक लगानेकी घोषणा कर दी। यह ऐसा कदम है, जिसका प्रभाव शीर्ष अमेरिकी प्रौद्योगिकी कम्पनियोंके साथ प्रमुख भारतीय आउटसोर्सिंग कम्पनियोंपर भी पड़ेगा। दलील है कि प्रौद्योगिकी उद्योग श्रम कार्यक्रमका दुरुपयोग करता है।

❒ दिनेश सिंह

हालमें ट्रम्प प्रशासनने स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रमके तहत विदेशी कामगारोंके लिए वीजापर रोक लगानेकी घोषणापर दलील दी है कि प्रौद्योगिकी उद्योग अमेरिकी कामगारोंको कामपर रखनेसे बचनेके लिए रोजगार-आधारित श्रम कार्यक्रमका दुरुपयोग करता है। नये प्रतिबंधोंसे बड़ी संख्यामें भारतीयों सहित सभी विदेशी प्रौद्योगिकी कामगारोंकी नियुक्तिपर प्रतिकूल प्रभाव पड़नेकी सम्भावना है, जिन्होंने ग्रीन कार्ड और अंतत: नागरिकता अर्जित करनेके लिए एच१बी वीजाका उपयोग किया था। एकके बाद एक आये अमेरिकी राष्ट्रपतियोंने घरेलू राजनीतिक उद्देश्योंके लिए एच१बी वीजा कोटाको लटकाये रखा। वर्ष २००८ में राष्ट्रपति ओबामाने विदेशोंसे आउटसोर्सिंग करवाने वाली कम्पनियोंके लिए कर छूट समाप्त करनेकी घोषणा की थी। बादमें जो बाइडेनने भी ऐसा ही किया। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कम्पनियोंने सस्ते श्रमकी उपलब्धताका लाभ उठानेपर ज्यादा ध्यान दिया। सन् १९६० के दशक में, उन्होंने सेमीकंडक्टर विनिर्माणके साथ ऐसा किया, जो उस समय भारी श्रम-साध्य कार्य था। कालांतरमें

उन्होंने सॉफ्टवेयर सेवाओं और प्रोग्रामिंगके मामलेमें यही किया। फेयरचाइल्ड सेमीकंडक्टर के अध्यक्ष रॉबर्ट नॉयसने विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करनेके उद्देश्यसे १९६० के दशकमें भारत आदि देशोंका दौरा किया। भारतने इनकार किया तो वे हांगकांग चले गये। नॉयसने कुछ साल बाद इंटेलकी स्थापना की। अन्य अमेरिकी कम्पनियोंने इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटीग्रेटेड सर्किट विनिर्माणके लिए सिंगापुर, मलयेशिया और ताइवानको चुना, जिससे ये देश अगले दो दशकोंमें प्रौद्योगिकी विनिर्माणके केन्द्र बन गये। भारतने १९७० और १९८० के दशकमें मौका संभालते हुए अमेरिकी ग्राहकोंके लिए सेमीकंडक्टर डिजाइनए सॉफ्टवेयर सेवाओं और प्रोग्रामिंगमें काम करना शुरू किया।

अमेरिकी प्रौद्योगिकी उद्योगके साथ भारतका जुड़ाव कई पड़ावोंसे गुजरा है। इसकी शुरुआत छोटे पैमानेपर 'बॉडी शॉपिंग' से हुई, जिसमें भारतीय इंजीनियर अमेरिकी ग्राहकोंके लिए अल्पकालीन अनुबंधके आधारपर काम करते थे। वे काम पूरा होनेके बाद लौट आते थे। अगले चरणमें, यह एक ऑनसाइट मॉडलके रूपमें विकसित हुआ, जिसमें भारतीय कम्पनियोंने अपने उन श्रमिकोंको भेजा, जो दीर्घकालिक परियोजनाओंपर काम करते हुए अमेरिकी कम्पनियोंके कार्यबलका हिस्सा बने। जैसे-जैसे भारतीय कम्पनियोंने अपने ग्राहकोंका विश्वास हासिल किया और संचार प्रणालीके बुनियादी ढांचेमें सुधार हुआ, इस ऑनसाइट कामका कुछ हिस्सा भारतसे ऑफशोर मॉडलके रूपमें निष्पादित होना शुरू हो गया। जल्द ही अमेरिकी कम्पनियोंको अहसास हुआ कि अमेरिकामें भारतीयोंको बुलाकर कामपर रखने और भारतीय कम्पनियोंपर निर्भर रहनेके बजाय, क्यों न वे सीधे खुद भारतीयोंको कामपर रखें और भारतमें परिचालन स्थापित करें। यह और भी किफायती था। वर्ष १९९० के दशकके अंतमें माइक्रोसॉफ्टने शुरुआत की और कई अन्य तकनीकी कम्पनियोंने इसका अनुसरण किया। फिर बैंकों, बीमाकर्ताओं, लॉजिस्टिक्स कम्पनियों, एयरलाइंस, कानूनी फर्मों, वैश्विक परामर्श और ऑडिटिंग दिग्गजों तथा अन्य कम्पनियोंने भी ऐसा ही किया। आज वे सभी अपने अधिकांश बैकरूम संचालन या व्यावसायिक प्रक्रियाओंको बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, नोएडा आदिमें स्थानांतरित कर चुके हैं। पिछले दो दशकोंमें इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास और उत्पाद विकासकी आउटसोर्सिंगके साथ-साथ आउटसोर्सिंग व्यवसाय और अधिक विविध होता गया। बड़े निगमोंने अपने कुछ मुख्य कार्योंको संभालनेके लिए भारतमें समर्पित इकाइयां स्थापित कीं। यह बदलाव लागत-बचतसे हटकर नवाचार, अनुसंधान और आईपी (बौद्धिक संपदा) निर्माणकी ओर बढ़ रहा था। आज लगभग हर फॉर्च्यून-५०० कम्पनीका बेंगलुरु या हैदराबादमें पूर्ण स्वामित्व वाला वैश्विक क्षमता केन्द्र (जीसीसी) है। वर्ष २०२५ में ऐसे केन्द्रोंकी संख्या २१०० से अधिक थी, जिनमें २३ लाख ६० हजार लोगोंको रोजगार मिला हुआ है। इससे लगभग सौ बिलियन अमेरिकी डालरका कारोबार होता है। प्रत्येक तकनीकी परिवर्तनमें मेनफ्रेमसे लेकर मिनी और माइक्रो कम्प्यूटर, इंटरनेट और डॉटकॉम, वाई२के, मोबाइल एवं सोशल मीडिया, क्लाउड और बिग डेटातक भारतीय प्रौद्योगिकी कम्पनियोंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब वे एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रोलआउट और विभिन्न क्षेत्रोंमें गहन तकनीकी तैनातीके क्षेत्रमें भी यही कर रही हैं तो प्रौद्योगिकी आउटसोर्सिंगकी प्रक्रिया अमेरिका और भारतमें गहराईसे जुड़ी है और अपरिवर्तनीय है। बड़ी तकनीकी कम्पनियोंको तेजीसे रोलआउट, वैश्विक सहायता, विस्तार और अन्य लाभोंके लिए भारतीय इंजीनियरों और तकनीकी प्रतिभाकी आवश्यकता है। वहीं, भारतीय कम्पनियोंको अपनी आय बनाये रखने, ऑपरेटिंग सिस्टम (विंडोज, ऐप्पल आईओएस, एंड्रॉइड) और विकासके लिए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चरतक पहुंचके लिए अमेरिकी व्यवसायकी आवश्यकता है। पिछले कुछ वर्षोंमें, भारतीय इंजीनियरोंने अपने फायदे स्पष्ट रूपसे प्रदर्शित किये हैं, जैसे कि बड़ी संख्यामें उनकी उपलब्धता, जो कम्पनियोंको अपना आकार बढ़ानेमें सहायक है, अंग्रेजी भाषाका ज्ञान, विभिन्न कार्य वातावरणोंमें अनुकूलनशीलता और समस्या-समाधानका दृष्टिकोण। आउटसोर्सिंग व्यवसायके अलावा, सिलिकॉन वैलीका प्रौद्योगिकी पावरहाउस काफी हदतक भारत एवं अन्य आप्रवासियोंकी प्रतिभाओंसे चलाया जाता है। अमेरिकी विश्वविद्यालयोंसे लेकर प्रौद्योगिकी उद्योगतक, प्रतिभाका स्रोत इन्हीं छात्रोंसे भरा हुआ है। सिलिकॉन वैलीमें दर्जनों नवाचार भारतीय मूलके उद्यमियों द्वारा स्थापित या संचालित किये जा रहे हैं। बाजारका तर्क सरल है। तकनीकी व्यवसाय प्रतिभापर निर्भर होते हैं। यदि वीजा प्रतिबंध उन्हें अमेरिकामें भारतीय इंजीनियरोंको नियुक्त करनेकी अनुमति नहीं देंगे तो वे उनमेंसे अधिकको भारतमें नियुक्त करेंगे। लिहाजा भारतसे संचालित होने वाले जीसीसीकी संख्या बढ़ेगी। यदि अमेरिकाके अलावा अन्य बाजारोंमें अवसर पैदा होंगे तो भारतीय कार्यबल उसका लाभ उठायेगा। वे भारतमें रह सकते हैं और जो अमेरिकामें हैं, वे वापस लौट सकते हैं। यदि भारत में उनके लिए चुनौतीपूर्ण और आकर्षक अवसर पैदा होते हैं। सवाल है कि क्या भारतीय कम्पनियां पश्चिमी बाजारोंपर इतनी ही निर्भर बनी रहेंगी। भारतीय कम्पनियोंने शुरुआत सेवा निर्यात और आउटसोर्सिंगसे की थी, क्योंकि प्रौद्योगिकी उत्पादों और सेवाओंके लिए कोई घरेलू बाजार नहीं था। न ही ऐसा कोई पारिस्थितिकी तंत्र था, जो स्थानीय प्रौद्योगिकी और उत्पाद विकासमें मददगार हो। पिछले दो दशकोंमें यह बदल गया है। नवाचारके लिए एक बड़ा स्थानीय बाजार और सहायता प्रणालियां हैं, जैसे कि उद्यम पूंजीतक पहुंच। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ेगा और भारतीय बाजार परिपक्व होगा, आउटसोर्सिंगपर निर्भरता और इससे जुड़ी अनिश्चितताएं कम होती जायंगी। इस प्रक्रियामें, वर्षोंसे संचित आउटसोर्सिंग, उत्पाद विकास, आईपी निर्माण और अनुसंधानका अनुभव काम आयेगा। भारत इस संक्रमण कालसे गुजर रहा है।

> **भारतीय कम्पनियोंने शुरुआत सेवा निर्यात और आउटसोर्सिंगसे की थी, क्योंकि प्रौद्योगिकी उत्पादों और सेवाओंके लिए कोई घरेलू बाजार नहीं था। न ही ऐसा कोई पारिस्थितिकी तंत्र था जो स्थानीय प्रौद्योगिकी और उत्पाद विकासमें मददगार हो। पिछले दो दशकोंमें बदल गया है। नवाचारके लिए बड़ा स्थानीय बाजार और सहायता प्रणालियां हैं, जैसे उद्यम पूंजीतक पहुंच। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ेगा और भारतीय बाजार परिपक्व होगा, आउटसोर्सिंगपर निर्भरता और इससे जुड़ी अनिश्चितताएं कम होती जायेंगी।**

चिकित्सा क्षेत्रमें बाजारीकरण

भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पिछले चार दशकोंमें बने नैतिक संकटका सामना कर रहा है। इसकी शुरुआत अस्पताल क्षेत्रमें कारपोरेट घरानोंके प्रवेशसे हुई और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, वेंचर कैपिटल एवं निजी निवेशसे इसने रफ्तार पकड़ी।

❒ चंद्रकांत

भारतीय निजी स्वास्थ्य सेवाके विकासने ऐसी व्यवस्थाएं बनायी हैं, जिनमें डाक्टरोंसे अस्पतालों, दवा कम्पनियों और संबंधित हितधारकोंके लिए मुनाफा कमानेकी अपेक्षा की जाती है। उपचार निर्णय, जो कि रोगीकी जरूरतसे निर्धारित होना चाहिए, उसपर व्यावसायिक प्रोत्साहनों और चिकित्साकरणका प्रभाव हावी हो गया है। इस परिवर्तनने डाक्टर-रोगी संबंधको बदल डाला। चिकित्सक अब मात्र स्वतंत्र पेशेवर नहीं रह गया जो रोगीके प्रति जवाबदेह हो। कई डाक्टर नैतिक बने हुए हैं और कई कारपोरेट अस्पताल भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं, तथापि प्रोत्साहन रूपी लालच पेशेवर आजादी कायम रखना मुश्किल कर देता है। मसलन कारपोरेट अस्पतालोंमें डाक्टरोंको वेतन तो मिलता है, लेकिन मालिकोंकी अपेक्षा होती है कि वे अधिकाधिक कमाई कर दिखायें, रोगी संख्या बढ़ायें, जांच, भर्ती और इलाज प्रक्रियाओंमें अधिक मुनाफा बनवायें। भारतमें स्वास्थ्य सेवाके कारपोरेटीकरणपर एक शोधमें उपार्जन लक्ष्य, डाक्टरी सलाहको अस्पताल भर्तीमें परिवर्तित करने या एक-दो दिन वाले इलाजको लम्बा खींचनेको दबाव बनाने और घटती स्वायत्तताको दर्ज किया है। ऐसे रंग-ढंगने अच्छे डाक्टरकी परिभाषा बदल दी है। जो चिकित्सक मरीजोंको नेक डाक्टरी सलाह देते हैं, बीमारीपर सावधानीभरा इंतजार करनेकी सलाह देते हैं या किसी महंगी प्रक्रियासे बचनेकी सलाह देते हैं, वे अधिक टेस्ट और उपचार करवाने वाले डाक्टरकी तुलनामें कम पैसा कमाते हैं। एक बार जब व्यावसायिक उत्पादकता कार्य क्षमताका पैमाना बन जाय तो नेक इरादे वाले डाक्टर भी मरीजोंके हितोंके विपरीत प्रोत्साहनोंके लालचमें फंस सकते हैं। कई चिकित्सकोंका इलाजके दाम तय करने, बिल बनाने या व्यावसायिक रणनीतिपर दखल नगण्य होता है, इसलिए विशेषज्ञता तो है लेकिन घटती स्वायत्तताके साथ।

दवा उत्पादन उद्योगमें भी इसी किस्मकी चिन्ताएं उपजी हैं। कम्पनियां उत्तरोतर ऐसी रणनीतियों अपना रही हैं जिनसे बाजारीकरण और नेक चिकित्सा शिक्षाके बीच भेद करना मुश्किल हो रहा है। सम्मेलन, सलाहकार बोर्ड, वक्ता कार्यक्रम और आतिथ्य सत्कार जैसे तरीकोंने इस लकीरको धुंधला कर रखा है। दवा उत्पादकोंके लिए बिक्री संबंधी संहितामें उपहार, यात्रा और आतिथ्य सत्कार जैसी सुविधाओंसे डाक्टरोंको प्रभावित करने संबंधी निर्देश हैं, फिर भी यह गोरखधंधा सूक्ष्म तरीकोंसे काम करता है। अस्पतालकी निजी दवा विक्रेता दुकानें इस इकोसिस्टमका उदाहरण हैं। कई अस्पताल चुनिंदा ब्रांडोंसे भरी आंतरिक फार्मेसियां संचालित करते हैं, डाक्टरोंको वहां रखी दवाएं ही लिखनेको कहा जाता है। इससे मरीजका क्रय चयन सीमित हो जाता है और हॉस्पिटलकी कमाई बढ़ जाती है। पिछले १८ महीनोंमें मोटापा कम करने वाली दवाओंकी बढ़ती मांग इस तनावको दिखाती है। जीएलपी-१ रिसेप्टर एगोनिस्ट और उनसे जुड़ी दवाओंका फायदा सहीमें चुने गये मरीजको हो सकता है। फिर भी, सम्मेलनों और मेडिकल प्रचार शिविरोंके जरिये की जाती इनकी आक्रामक मार्केटिंगपर सोचना जरूरी है। एक मेडिकल विशेषज्ञ ब्रांड एंबेसडर बननेकी बजाय सुबूतोंको समझने और व्याख्या करने वाला हो। उनकी भूमिका केवल यह बताना नहीं है कि दवा क्या कर सकती है, बल्कि यह बताना भी है कि किसे इसकी जरूरत नहीं है, क्या अनिश्चितताएं हैं, क्या-क्या बुरे असर और लागत है, कितने समयतक वास्तवमें इलाजकी जरूरत है और दवाके बिना कौनसे उपचार ढंगका महत्व कायम है। कारपोरेट स्वास्थ्य क्षेत्रमें दवाएं तेजीसे मुख्य भूमिकामें आ रही हैं। ये चिन्ताएं लम्बे समयसे चली आ रही हैं। २०१८ में समीरन नंदी, केशव देशिराजु और संजय नागरालने स्वास्थ्य सेवा रक्षक या भक्षक। भारतमें स्वास्थ्य सेवाओंमें भ्रष्टाचार नामक पुस्तक संपादितकी थी। इसमें हितोंका टकराव, कारपोरेट अस्पतालोंके तौर-तरीके, दवा उत्पादक कम्पनियोंका प्रभाव, मेडिकल नियमन और व्यावसायिक नैतिकताकी जांच की गयी थी। आज भी इसकी प्रासंगिकता चिन्ताजनक है। चिकित्सा जगतने बार-बार इस समस्याकी शिनाख्त तो की, लेकिन सुधार सीमित ही रहा। कमजोर नियमन मुख्य समस्या है। भारतमें डाक्टरोंके लिए नैतिकता संहिता और दवा उत्पादनकी मार्केटिंगका नियंत्रण करने वाले नियम हैं। रेफरल कमीशन, गलत प्रोत्साहन और व्यापारिक प्रभावोंके नाना तरीकोंपर रोक है। फिर भी, क्रियान्वयन एक समान नहीं और अक्सर काररवाई शिकायतों या घोटालोंके बाद होती है, न कि व्यवस्थित निगरानीके जरिये। जब क्रियान्वन ही अनिश्चित हो तो नैतिक संहिताका कोई खास मतलब नहीं। फिर भी, भारतमें हम दिखावेपर ज्यादा ध्यान देते हैं। २०२२ में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोगने मेडिकल पढ़ाई शुरू करने वाले छात्रोंके लिए नयी चरक शपथकी सिफारिश की। मकसद इसे नये चिकित्सकोंको ऐतिहासिक रूपसे दिलायी जाने वाली हिप्पोक्रेटिक शपथकी जगह लेना था। हालांकि दोनों सेवा एवं मरीजकी भलाईको चिकित्सा पेशेके केन्द्रमें रखती हैं। परन्तु शपथ तब दिखावा बनकर रह जाती है जब युवा डाक्टर ऐसी जगह ट्रेनिंग लेते हों जहां व्यापारिक ध्येय, हितोंका टकराव और गैर-जरूरी दखलका सामान्यीकरण हो चुका है। शपथसे ज्यादा अहम है कि क्या संस्थान चिकित्सकको सिद्धांतोंके अनुसार इलाज करने देते हैं। अन्य घटनाओंने भी इन दबावोंको बढ़ाया। देशमें विशेषज्ञता वाली चिकित्सा शिक्षा तेजीसे बढ़नेके मद्देनजर भारत खुदको मेडिकल टूरिज्मके मुकामके तौरपर रख रहा है। दोनोंके फायदे हैं, लेकिन इनसे अस्पताल नेटवर्ककी आर्थिक ताकत ज्यादा मजबूत हो सकती है। विशेषज्ञता वाले डाक्टर आधारभूत ढांचा, रोग पहचान तंत्र, मरीज प्रवाह और अपनी व्यावसायिक पहचानके लिए संस्थानोंपर निर्भर हो रहे हैं, जिससे क्लिनिक आधारित इलाजसे कमाईकी ताकत घट रही है।

मकसद पुराने दौरको बढ़िया बताकर पेश करना नहीं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रमें सदा ही धन, पदानुक्रम और हितोंका टकराव बना रहा है। न ही कारपोरेट अस्पताल और न ही दवा उत्पादक कम्पनियां अपने आपमें अनैतिक होती हैं। चिन्ता यह है कि स्वास्थ्य सेवाका मतलब अब ज्यादातर दवाएं, टेस्ट, सप्लीमेंट्स, प्रोसीजर और ज्यादा खर्च बन गया है। डाक्टर ऐसी चीजें सही ठहराने लगे हैं जिनकी बहुत ज्यादा जरूरत नहीं और मरीजोंको ऐसे इलाज भुगतने पड़ते हैं। अनिवार्य प्रश्न है कि क्या व्यापारिक लाभ चिकित्सकीय निर्णयोंके अधीन बने रहें या उनपर हावी होते जायं। चिकित्साका वजूद सर्वप्रथम मरीजके हितमें हो। पेशेवर आजादी, सही इलाज और जनताके भरोसेके लिए इस सिद्धांतको बनाये रखना जरूरी है। जब मरीजोंको शक हो जाय कि परीक्षणों, दवाकी पर्ची, इलाज प्रक्रियामें किसी औरके पास भेजने या उपचार क्रियाके पीछे छिपे आर्थिक मकसद हैं तो डाक्टरोंकी नैतिक साख कमजोर होती है और स्वास्थ्य देखभाल व्यापार बन जाता है। भारतीय चिकित्साके सामने संकट सिर्फ इलाजपर खर्चकी मात्राका नहीं, बल्कि इसका है कि चिकित्साका स्वरूप क्यासे क्या बनता जा रहा। भारतको एक ऐसे आधुनिक स्वास्थ्य तंत्रकी जरूरत है जिसमें पूंजी इलाज करनेमें लगे, तकनीक उपचारमें फैसले लेनेमें सहायक हो और संस्थान पेशेवर नैतिकतासे समझौता करनेके बजाय उसकी रक्षा करें। शपथका महत्व तभी होता है जब व्यवस्था उसे निभानेका मौका दे।

आत्मबोध

संस्कार

❒ अनुज आचार्य

संस्कार, संस्कृति और सभ्यता जीवनके तीन महत्वपूर्ण आधार हैं। संस्कार व्यक्तिको भीतरसे गढ़ते हैं, संस्कृति चेतनाको समाजतक पहुंचाती है और सभ्यता सामूहिक जीवनका बाहरी स्वरूप निर्मित करती है। संस्कारका मूल भाव है-मन, वचन और कर्मका परिष्कार। जब बालक अपने माता-पिता और गुरुजनोंका सम्मान करना सीखता है, सत्य बोलनेका प्रयास करता है, जरूरतमंदकी सहायता करता है, प्रकृतिके प्रति संवेदना रखता है और अपने कर्तव्यको ईमानदारीसे निभाता है, तब उसके भीतर संस्कारोंका निर्माण होता है। संस्कारकी सबसे बड़ी परीक्षा उस समय होती है जब व्यक्तिको देखने वाला कोई नहीं होता, फिर भी वह गलत रास्तेपर जानेसे स्वयंको रोक लेता है। यही भीतरकी जागरूकता संस्कारको केवल शिक्षासे अलग करके जीवन-मूल्य बनाती है। संस्कार जब व्यक्तिकी सीमाओंसे निकलकर परिवार, समाज और पीढ़ियोंके जीवनमें प्रवाहित होते हैं, तब संस्कृतिका निर्माण होता है। हमारी भाषा, साहित्य, लोकगीत, संगीत, कला, पर्व-उत्सव, पारिवारिक परम्पराएं, प्रकृतिके प्रति दृष्टिकोण, अतिथि-सत्कार, सह-अस्तित्व और आध्यात्मिक चिंतन- ये सभी संस्कृतिके व्यापक स्वरूपको व्यक्त करते हैं। इसलिए संस्कृति किसी समाजकी केवल पहचान नहीं, उसकी सामूहिक चेतना भी है। भारतीय संस्कृतिकी विशेषता रही है कि उसने जीवनको भौतिक उपलब्धियोंके साथ नैतिक और आध्यात्मिक मूल्योंसे जोड़कर देखा। वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिन: और प्रकृतिके प्रति सम्मान जैसे विचार मनुष्यको केवल अपने हिततक सीमित नहीं रखते, बल्कि उसे व्यापक जीवन-जगतसे जोड़ते हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृतिमें धर्मका अर्थ केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि कर्तव्य, सदाचार और लोकमंगलकी भावनासे भी जुड़ा रहा है। सभ्यताका संबंध मुख्यत: मनुष्यकी बाहरी और संस्थागत प्रगतिसे है। विज्ञान, तकनीक, परिवहन, संचार, भवन, सड़कें प्रशासन और आधुनिक संस्थाएं सभ्यताकी उपलब्धियोंको दर्शाती हैं। सभ्यता जीवनको सुविधाजनक बनाती है, लेकिन संस्कृति यह निर्धारित करती है कि उन सुविधाओंका उपयोग किस मानवीय उद्देश्यके लिए किया जाय। अत्याधुनिक साधन मनुष्यके हाथोंमें हों, लेकिन संवेदना और विवेकका अभाव हो तो विकास अधूरा रह जाता है। इसके विपरीत संस्कार और संस्कृतिसे जुड़ी आधुनिकता मानव कल्याणका प्रभावी माध्यम बन सकती है। संस्कार बीज हैं, संस्कृति उसका विकसित वृक्ष और सभ्यता उस वृक्षकी बाहरी छाया। बीज स्वस्थ होगा तो वृक्ष मजबूत होगा और वृक्ष मजबूत होगा तो उसके फल आने वाली पीढ़ियोंको मिलेंगे। इसलिए संस्कृतिकी रक्षा केवल बड़े आयोजनों और नारोंसे नहीं, बल्कि घर-परिवारके छोटे-छोटे आचरणोंसे होगी।

रुपयेमें गिरावट रोकनेके लिए कड़े कदम

❒ आर.पी. सिंह

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गत सप्ताह रुपयेको सहारा देनेके लिए कई उपायोंकी घोषणा की। इसके परिणामस्वरूप डालरके मुकाबले रुपयेमें तेजी आयी। आरबीआई द्वारा घोषित उपायोंमें रुपयेसे जुड़े विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंधोंके रद होनेके बाद उनकी दोबारा बुकिंगपर रोक लगाना शामिल है। यह रोक डिलिवरी वाले और बिना डिलिवरी दोनों तरहके अनुबंधोंपर लागू होगी। इसके अलावा जिन डीलरोंका आर्थिक हित डेरिवेटिवसे नहीं जुड़ा है, उनके लिए उसके जरिये विदेशी मुद्रा लेन-देन करनेकी सीमा दस करोड़ डालरसे घटाकर ५० लाख डालर कर दी गयी है। साथ ही अधिकृत डीलरोंको २० लाख डालरसे अधिकके सांकेतिक मूल्य वाले रुपयेसे जुड़े प्रत्येक विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंधके लिए उसके रुपये मूल्यके २० फीसदीके बराबर राशि आरबीआईके पास नकदके रूपमें रखनी होगी। साथ ही आरबीआईने सार्वजनिक क्षेत्रकी तीन तेल विपणन कम्पनियोंकी विदेशी मुद्रा संबंधी जरूरतोंको पूरा करनेके लिए एक विशेष विंडो खोलनेका फैसला किया है। उम्मीद है कि डेरिवेटिव कारोबारपर अंकुश लगाने या उसकी लागत बढ़ानेसे सट्टेबाजी कम होगी और रुपयेपर कुछ दबाव घटेगा। हालांकि ये उपाय अधिकसे अधिक अस्थायी समाधान हैं और मूल समस्याका समाधान नहीं करेंगे। वास्तवमें इनसे विदेशी मुद्रा जोखिमसे बचावके लिए हेजिंग करने वाले वास्तविक कारोबारोंको नुकसान पहुंच सकता है। खबरोंके मुताबिक बैंकोंने इस संबंधमें अपनी आपत्तियां भी दर्ज करायी हैं। इसके अलावा तेल विपणन कम्पनियोंकी मांगको हटानेसे विदेशी मुद्रा बाजारपर दबाव कम हो सकता है लेकिन इससे किसी भी तरह उनकी विदेशी मुद्राकी वास्तविक जरूरत कम नहीं होगी। इसलिए मुद्रा बाजारको मिलने वाली राहतके अल्पकालिक ही रहनेकी सम्भावना है। वास्तवमें रिजर्व बैंक रुपयेको सहारा देनेके लिए मुद्रा बाजारमें बड़े पैमानेपर हस्तक्षेप कर रहा है। रियायती स्वैप व्यवस्थाओंसे, जिनमें विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक), यानी एफसीएनआर (बी) जमाओंसे जुड़ी व्यवस्थाएं भी शामिल हैं, विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ानेमें मदद मिली। ४ सितंबरको समाप्त सप्ताहमें यह रिकॉर्ड ७८५.७ अरब डालरके स्तरपर पहुंच गया। यद्यपि इसके बाद इसमें ५१ अरब डालरसे अधिककी गिरावट आ चुकी है। केन्द्रीय बैंककी घोषित नीति है कि वह रुपयेके किसी निश्चित स्तरको लक्ष्य नहीं बनाता और केवल अत्यधिक उतार-चढ़ावको नियंत्रित करनेके लिए हस्तक्षेप करता है। लेकिन ऐसा लगता है कि वह अन्य उद्देश्योंपर भी नजर रख रहा है।

यह रेखांकित करना जरूरी है कि भुगतान संतुलनपर पड़ने वाले दबावसे निबटना केवल केन्द्रीय बैंककी जिम्मेदारी नहीं है। भारतको चालू खाते और पूंजी खाते दोनोंपर दबावका सामना करना पड़ रहा है और यह दबाव ईरान युद्धसे पहले से ही मौजूद है।

पिछले दो वर्षोंमें भारतको भुगतान संतुलनमें घाटेका सामना करना पड़ा, जिसका एक कारण पूंजीका बाहर जाना था। इस वर्ष एफसीएनआर (बी) के तहत मजबूत पूंजी प्रवाहके कारण भुगतान संतुलनमें अधिशेष रहनेकी संभावना है। हालांकि एफसीएनआर (बी) से होने वाला पूंजी प्रवाह भी केवल अल्पकालिक राहत देगा। आरबीआईकी हालिया काररवाईसे संकेत मिलता है कि इससे भी उतनी मदद नहीं मिल रही है जितनी कई लोगोंने उम्मीद की थी। उपाय यही है कि रुपयेको कमजोर होने दिया जाय। हालांकि इससे स्थितिमें बुनियादी सुधार तभी होगा जब भारतीय निर्यातक कमजोर मुद्राका लाभ उठानेमें सक्षम हों। इसके लिए सरकारको शुल्कसे जुड़े सुधारों सहित जरूरी सुधार लागू करने होंगे। इसके अलावा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करनेके लिए अनुकूल परिस्थितियां भी तैयार करनी होंगी। खबरोंके अनुसार सरकार द्विपक्षीय निवेश संधिके ढांचेकी समीक्षा कर रही है लेकिन इस संबंधमें बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। मौजूदा स्थिति व्यापार और निवेश संबंधी सुधारोंको लागू करनेका एक अच्छा अवसर है। ये सुधार बाहरी क्षेत्रमें स्थिरता प्रदान करनेके साथ-साथ मध्यमसे दीर्घावधिमें उच्च आर्थिक वृद्धिको सहारा दे सकते हैं।

नवंबर में शुरू होगा पांवधोई नदी की सफाई का अभियान

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। नगर निगम के शाकुंभरी सभागार में अपर नगरायुक्त सूरज कुमार यादव की अध्यक्षता में व्यापार बंधु व उद्योग बंधु की अलग-अलग बैठक हुयी। बैठक में व्यापारियों एवं उद्यमियों ने विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट, सफाई, नाला व सड़क निर्माण, जल निकासी तथा अतिक्रमण आदि समस्याएं उठाई और उनका शीघ्र निदान कराने पर जोर दिया। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान हेतु की गयी कार्रवाई से अवगत कराया तथा शेष समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

नगर निगम में व्यापार एवं उद्योग बंधु की बैठकों में स्ट्रीट लाइट, सफाई, सड़क-नाला निर्माण, जल निकासी और अतिक्रमण की समस्याओं पर चर्चा

व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारी नुसरत साबरी ने पांवधोई की सफाई का मुद्दा उठाया तो मुख्य अभियंता निर्माण सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि अभी ढमोला की सफाई का कार्य किया जा रहा था, नवंबर में पांवधोई की सफाई करा दी जायेगी। राजेश गुलाटी ने वार्डों में फॉगिंग व चूना छिड़काव न कराने की बात कही, जिस पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रवीण शाह ने बताया कि विशेष संचारी रोग अभियान के अंतर्गत रोस्टर बनाकर प्रतिदिन 14 वार्डों में साफ-सफाई, चूना, एंटीलार्वा का छिड़काव तथा फॉगिंग करायी जा रही है, इसके अतिरिक्त 22 वार्डों के बाहरी क्षेत्रों में जलभराव वाले स्थलों रोस्टर बनाकर दो वाहनों से एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है।

इसके अलावा नरेश गोयल ने पार्कों की सफाई व्यवस्था कराने, मुकुंद मनोहर गोयल ने डीएम आवास रोड व देहरादून रोड पर कुछ स्ट्रीट लाइट खराब होने का मामला उठाया। उन्होंने सीएम ग्रिड में बनायी जा रही सड़कों के फुटपाथ अधिक चौडे.बनाये जाने की ओर भी ध्यान दिलाया। व्यापारियों ने धोबीघाट के निकट स्थित दसवां घाट पर महिलाओं के लिए शौचालय व स्नानागार का मामला उठाया तो मुख्य अभियंता ने बताया कि उक्त स्थल पर आज-कल में ही कार्य शुरू हो जायेगा। गौरव चौहान, अंकित जैन, निखिल गोयल आदि ने अंबाला रोड व घंटाघर पर बस खड़ी कर सवारियां भरने और उससे लगने वाले जाम का मामला उठाया। जिसके लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों को अवगत कराते हुए समाधान कराने के निर्देश दिए गए।

उद्योग बंधु की बैठक में आईआईए द्वारा उठाये गए सड़क निर्माण के मामलों में मुख्य अभियंता ने बताया कि मैं.आरती प्रिंटर्स से सुपर पेंट तक तथा अंबे इण्डस्ट्रीज से रोहित के मकान तक नाली व सड़क निर्माण कार्य पूरा कराया जा चुका है। जबकि देहरादून रोड पर पंजाबी ढाबे से राजवाहे तक नाला निकासी का कार्य आरंभ करा दिया गया है। अनूप खन्ना ने सड़कों और फुटपाथ पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया तो मनजीत सिंह अरोड़ा, विकास मलिक व राजकुमार आदि ने पांवधोई नदी किनारे अतिक्रमण तथा शारदानगर पुल पर लाइट ठीक न होने की ओर ध्यान दिलाया। सहायक नगरायुक्त जे पी यादव ने व्यापारियों से एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) में सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों के आवेदन कराएं ताकि उन्हें बकाया टैक्स पर पूर्ण ब्याज की छूट का लाभ मिल सके। बैठक में अपर नगरायुक्त सूरज यादव के अतिरिक्त सहायक नगरायुक्त जे पी यादव व बिकास धर दुबे, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा, जीएम स्मार्ट सिटी दिनेश सिंघल व लेखाधिकारी मनोज त्रिवाठी उपस्थित रहे।

सहारनपुर में रामलीलाओं में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

कहीं लंका दहन तो कहीं सुग्रीव मित्रता,अंगद-रावण संवाद का मंचन, कलाकारों ने जीवंत किए रामायण के प्रसंग

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। शारदीय नवरात्र और दशहरा पर्व के अवसर पर शहर में आयोजित विभिन्न रामलीलाओं में रामायण के प्रसंगों का भव्य मंचन किया जा रहा है। कहीं हनुमान जी के पराक्रम और लंका दहन की लीला ने दर्शकों को रोमांचित किया, तो कहीं अंगद-रावण संवाद, सुग्रीव मित्रता और बाली वध के प्रसंगों ने धर्म, साहस, भक्ति और अहंकार त्यागने का संदेश दिया। रामलीला स्थलों पर दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय की सराहना की।

श्री आशुतोष रामलीला समिति के 15वें रामलीला एवं दशहरा महोत्सव में अशोक वाटिका और लंका दहन की लीला का मंचन हुआ। इसमें सुग्रीव-बाली युद्ध, बाली वध, सुग्रीव का राज्याभिषेक और माता सीता की खोज में हनुमान जी के लंका पहुंचने के प्रसंग दिखाए गए। हनुमान जी द्वारा माता सीता को श्रीराम की अंगूठी सौंपने, अक्षय कुमार वध और मेघनाद द्वारा उन्हें बंदी बनाकर रावण के दरबार में लाने के दृश्य भी प्रस्तुत किए गए। इसके बाद लंका दहन का प्रभावशाली मंचन हुआ। कार्यक्रम में लायंस क्लब मयूर के जोन चेयरमैन राजीव सचदेवा, हैंड्स टू केयर के अध्यक्ष परम बत्रा और विधायक राजीव गुम्बर मौजूद रहे। राम की भूमिका गौरव चानना, सीता की पूजा काला, लक्ष्मण की विनय दुग्गल, हनुमान की तरुण अरोड़ा और रावण की राजीव यादव ने निभाई। निर्देशन जय कालरा ने किया। बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई।

मानवीय कल्याण समिति की ओर से लेबर कॉलोनी में आयोजित रामलीला में लंका दहन की लीला ने दर्शकों को

आकर्षित किया। हनुमान जी के साहस, बुद्धिमत्ता और प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति का मंचन किया गया। इस दौरान जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुलबीर राणा, शगुन गुप्ता, मानू गुप्ता और पवन कुमार मुख्य अतिथि रहे। समिति अध्यक्ष प्रदीप कपिल, महामंत्री विश्वनाथ तिवारी, कोषाध्यक्ष संजय राय, संरक्षक एवं दशहरा प्रधान प्रदीप शर्मा (टीनू गुरुजी) और संयोजक ठाकुर रामाशंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन विजय गुप्ता और एडवोकेट सतीश चौधरी ने किया।

गोपाल नगर, नुमाइश कैंप में सुपर क्लब के 33वें रामलीला एवं दशहरा महोत्सव में अंगद-रावण संवाद का मंचन हुआ। अंगद ने रावण को अहंकार त्यागकर माता सीता को लौटाने की सलाह दी, लेकिन रावण ने इसे अनसुना कर दिया। रावण के दरबार में अंगद द्वारा पैर जमाकर उसे हिलाने की चुनौती वाला दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। विभीषण के रावण को समझाने और बाद में श्रीराम की शरण में जाने का प्रसंग भी दिखाया गया। अंगद की भूमिका आशीष गुम्बर, श्रीराम की कुशाग्र नैब और रावण की नितिन खुराना ने निभाई। निर्देशन शंकर सौदाई ने किया। क्लब अध्यक्ष राकेश सूरी सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभालीं।

श्री राधा कृष्ण मंदिर क्लब की ओर से गांधी पार्क में आयोजित रामलीला में अशोक वाटिका, माता सीता-रावण संवाद और हनुमान-रावण संवाद का मंचन किया गया। रामकिशन भारती ने हास्य अभिनय से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। हरविंदर गोसाई और आनंद कुमार के निर्देशन में आदित्य प्रजापति ने हनुमान, आशु सहगल ने रावण और सलोनी ने सीता की भूमिका निभाई। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की भूमिका निभाने वाले अतुल सचदेवा के भजन वृंदावन बुलाया है के पोस्टर का क्लब प्रधान जोगेंद्र कुमार ने उद्घाटन किया।

श्री कृष्णा राम नाटक क्लब की ओर से जुबली पार्क में सुग्रीव मित्रता और बाली वध की लीला प्रस्तुत की गई। हनुमान जी के प्रवेश, श्रीराम से मिलन और उनकी मध्यस्थता में राम-सुग्रीव मित्रता के प्रसंगों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बाली वध के बाद सुग्रीव के राज्याभिषेक का दृश्य भी दिखाया गया। कार्यक्रम में क्लब प्रधान महेंद्र तनेजा, महामंत्री विक्की दुआ, राजकुमार नरूला, साजन गंगा, नीरज कामरा और अन्य पदाधिकारियों ने आरती की। विभिन्न रामलीलाओं के माध्यम से संदेश दिया गया कि अहंकार, अन्याय और अधर्म का अंत निश्चित है, जबकि सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने वालों की विजय होती है। रामलीला भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

ऑनलाइन अपॉइंटमेंट से आसान होगा आधार संबंधी कार्य, समय की भी होगी बचत

सहारनपुर। आधार सेवा केंद्रों पर भीड़ और अनावश्यक इंतजार से बचने के लिए नागरिकों से घर से निकलने से पहले ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करने की अपील की गई है। इसके लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) की आधिकारिक वेबसाइट https://bookappointment.uidai.gov.in/ पर जाकर अपनी सुविधानुसार उपलब्ध समय का चयन किया जा सकता है। ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुकिंग पूरी तरह निःशुल्क है। इसके लिए किसी बिचौलिए या साइबर कैफे को अतिरिक्त शुल्क देने की जरूरत नहीं है। नागरिक निर्धारित समय पर केंद्र पहुंचकर अपने आधार संबंधी कार्य करा सकते हैं। आधार सेवाओं की जानकारी के लिए वक्ळअक की आधिकारिक वेबसाइट का ही उपयोग करें।

मां शाकुंभरी देवी मेले में महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सहारनपुर, । मां शाकुंभरी देवी मेले में महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मिशन शक्ति के तहत विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। महिला हेल्प डेस्क और पर्यटक पुलिस के माध्यम से महिलाओं को सहायता एवं मार्गदर्शन दिया जा रहा है। मेला क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग शौचालय और स्नानागार की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मेले में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महिला सफाईकर्मी सड़कों, रास्तों और महिला सुविधाओं की साफ-सफाई में जुटी हैं प्र शासन का उद्देश्य मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के मां शाकुंभरी देवी के दर्शन कर सकें। प्रशासन ने महिला सुरक्षा और स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया है।

जनता इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति फेस -6 कार्यक्रम छात्राओं को आत्मरक्षा की शपथ

बेहट,कस्बे के जनता इंटर कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मिशन शक्ति फेस 6 कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को जनता इंटर कॉलेज के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मिशन शक्ति फेस 6 कार्यक्रम आयोजित किया गया स्वय सेवको को संबोधित करते हुए अरुण कुमार गौतम ने कहा कि सभी स्वयंसेवक बालिकाएं अपनी आत्मरक्षा के लिए तथा आत्मसम्मान के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण तथा स्वयंलंबन के लिए, सशक्त बनाने के लिए तथा आत्मनिर्भर होने के लिए अपने आप को तैयार करें,तथा किसी भी विषम परिस्थिति में अपने आप को पुरुषों के समान ही भागीदारी करने का प्रयास करें। वह अपने स्वयंसेवकों को शारदीय नवरात्रि के अंतर्गत मिशन शक्ति फेस 6 के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा कर रहे थे। कार्यक्रम में मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण फेज6 कार्यक्रम के आरंभ में सभी बालिका स्वयंसेवकों को अपनी सुरक्षा को सम्मान के लिए तत्पर रहने हेतु शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने बालिकाओं को पुरुषों के समान ही निरंतर आगे बढ़ने,हर क्षेत्र में अपनी सेवा देने को प्रोत्साहित किया तथा सामाजिक तत्वों से अपनी सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930,112 तथा साइबर अपराध शाखा से संपर्क करने को कहा। इस मौके पर ऋषिपाल,हरपाल सिंह, पूनम शर्मा,मनीषा राठौर,राजेश त्यागी, राजीव रुहेला,आकाश कुमार आदि ने अपने विचार रखें। स्वयंसेवकों में आयुष गर्ग,आरजू, अनुष्का,जिया खान, रिहान,आरजू,गुड्डी देवी आदि उपस्थित रहे

उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण: डीएम

सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की बैठक हुई। इसमें उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर निर्धारित समयसीमा के बाद भी लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण को निर्धारित समयसीमा से अधिक लंबित न रखा जाए। नगर निगम से संबंधित लंबित मामलों को भी शीघ्र निस्तारित करने को कहा गया। ग्राम द्रोणपुरी कॉलोनी (मेघ छप्पर), अंबाला रोड से जुड़े मामले के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता और जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को अलग से बैठक कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

सीआईएस की ओर से दिल्ली रोड फोरलेन बाईपास तक के क्षेत्र को थाना सदर बाजार के अंतर्गत शामिल करने के संबंध में परिसीमन कर सूचना पुलिस विभाग को भेजने को कहा गया। प्लेज पार्क योजना के तहत विकसित किए जा रहे निजी औद्योगिक पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर उसकी अद्यतन प्रगति से अवगत कराने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए गए।

जिला व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों ने कारोबार के दौरान आने वाली समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने नगर निगम, विद्युत विभाग गंगोह और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के पिछले दो माह के कार्यों की समीक्षा के लिए कमेटी गठित करने और लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, उपायुक्त प्रशासन राज्य कर अरुणेश कुमार यादव, आईआईए से अनूप खन्ना, हॉजरी एसोसिएशन से मनजीत अरोड़ा, लघु उद्योग भारती से अजय शर्मा सहित अन्य अधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।

अरबीन चौहान हत्याकांड में छठे आरोपी गिरफ्तार

गंगोह- पुलिस ने अरबीन चौहान हत्याकांड के छठे आरोपी आदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल डंडा भी बरामद किया। पुलिस ने शुक्रवार को सलारपुरा-बिश्नोट मार्ग स्थित अंडरपास से गांव कल्लरहेड़ी निवासी आदेश पुत्र भंवर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल डंडा भी बरामद किया। गौरतरब है कि गांव बिश्नोट निवासी किशन सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें बताया गया कि कुछ लोगों ने फैक्ट्री मालिक अरबीन चौहान और सादिक पर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे दोनों गंभीर घायल हुए। आरोपियों पर वाहन के शीशे तोड़ने का भी आरोप है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह, अंकुश व दीपक सागर शामिल रहे।

श्री आशुतोष रामलीला समिति ने 350 से अधिक जरूरतमंदों को कराया भोजन

आज समाचार सेवा

- प्रभु श्रीराम के रथ के सारथी संजीव टंडन और समिति अध्यक्ष गौरव चौधरी का शीतल टंडन ने पगड़ी व अंगवस्त्र पहनाकर किया सम्मान

सहारनपुर, 16 अक्टूबर। श्री आशुतोष रामलीला समिति, गुरुद्वारा रोड की ओर से शुक्रवार को स्थानीय जनमंच के निकट स्थित प्रभु जी की रसोई में 350 से अधिक गरीब और असहाय लोगों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर प्रभु जी की रसोई के सचिव एवं प्रसिद्ध व्यापारी नेता शीतल टंडन ने श्री आशुतोष रामलीला समिति के अध्यक्ष गौरव चौधरी और प्रभु श्रीराम के रथ के सारथी संजीव टंडन का पगड़ी व अंगवस्त्र पहनाकर तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया।

समिति की इस वर्ष की शोभायात्रा में संजीव टंडन को प्रभु श्रीराम के रथ का सारथी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। शीतल टंडन ने इस अवसर पर संजीव टंडन और समिति के सदस्यों को सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के उज्ज्वल एवं उन्नतिशील भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष गौरव चौधरी, महामंत्री राकेश छाबड़ा, मुख्य संयोजक संजय भसीन, प्रभु श्रीराम के सारथी संजीव टंडन, स्वागताध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह चावला, संयोजक विजय कुमार, अमन भाटिया, रवि बख्शी और संजय आनंद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में पंचायत सहायिका की मौत, हत्या की आशंका

नागल। थाना क्षेत्र के गांव लाखनोर में शुक्रवार सुबह एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई ।घटना से गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोमल आयु करीब 27 वर्ष पुत्री विजेंद्र अपने गांव में ही पंचायत सहायिका के पद पर तैनात थी शुक्रवार सुबह उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों के चलते चारपाई पर पड़ा होने से स्वजन घबरा गए। ग्रामीण की सूचना पर पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम ने शव को कब्जे में लेते हुए घटना की जांच पड़ताल कर हत्या के कारण की जानकारी के लिए कानूनी कार्रवाई करते हुये शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम यादव ने बताया कि मृतक पंचायत सहायिका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर तथा पीड़ित स्वजनों की ओर से तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी। फोटो। घटना की जांच करती पुलिस एवं मौके पर इकट्ठा हुए ग्रामीण।

गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में तैयार हुआ 25 फीट ऊंचा रावण का पुतला

स्कूल कर्मचारियों ने एक सप्ताह की मेहनत से बांस और गत्ते से बनाया पुतला, शनिवार को रामलीला मंचन के बाद होगा रावण दहन

आज समाचार सेवा

गंगोह। दशहरा पर्व को लेकर नगर और क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं। जगह-जगह रावण के पुतले तैयार किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में स्कूल कर्मचारियों ने 25 फीट ऊंचा रावण का पुतला तैयार किया है। इसे बनाने में कर्मचारियों ने अपनी कला और मेहनत का प्रदर्शन किया है।

स्कूल के कर्मचारी मांगेराम उर्फ आशु और सुमित कुमार ने बांस, गत्ता और अन्य सामग्री की मदद से रावण का पुतला बनाया है। पुतले को लाल और काले कपड़े से सजाया गया है। दोनों कर्मचारियों ने बताया कि पुतला तैयार करने में करीब एक सप्ताह का समय लगा और शुक्रवार को इसे अंतिम रूप दिया गया।

स्कूल के उपप्रधानाचार्य दीपक सैनी ने बताया कि शनिवार को स्कूल परिसर में सुबह रामलीला का मंचन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर में आतिशबाजी के साथ रावण दहन होगा। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थी और समस्त स्टाफ मौजूद रहेगा।

दशहरा पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। विभिन्न स्थानों पर रावण के पुतले तैयार कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने की तैयारियां की जा रही हैं।

छह दिवसीय 'रामकथा रसायन' के चतुर्थ एवं पंचम दिवस जारी

आज समाचार सेवा

गंगोह- नामदेव पब्लिक स्कूल में छह दिवसीय 'रामकथा रसायन' के चतुर्थ एवं पंचम दिवस पर स्वर्ण मृग प्रसंग, मारीच वध, माता सीता हरण, श्रीराम-हनुमान मिलन, सुग्रीव मित्रता, लंका प्रवेश, विभीषण भेंट व माता सीता से मिलन जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। अतिथि विकास सिंघल, शुभम अग्रवाल, नमिता सिंघल, नितिन गोयल, इति गोयल, प्रधानाचार्या रजनी राजपूत, प्रबंधक पंकज राजपूत, वरिष्ठ अध्यापक अरविंद कुमार गुरुजी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कथा वाचिकाओं देवी अनुनित्या एवं देवी वंशिका ने स्वर्ण मृग प्रसंग, मारीच वध, माता सीता हरण, श्रीराम-हनुमान मिलन, सुग्रीव मित्रता, लंका प्रवेश, विभीषण भेंट एवं माता सीता से मिलन जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के माध्यम से विद्यार्थियों को छल-कपट एवं प्रलोभन से बचने तथा मित्रता, एकता और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांशी बंसल व परिधि गर्ग ने रामकथा पर आधारित प्रश्न पूछकर विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। इस अवसर पर कथा वाचिकाओं देवी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके पश्चात बच्चों को भेंट प्रदान की गई। महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

लाखों रुपए की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नागल। ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 12 लाख रुपए की कीमत की स्मैक बरामद की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय पेश कर दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम यादव ने बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे कस्बे के पांडोली रोड स्थित रेलवे अंडरपास के निकट उप निरीक्षक नितिन कुमार पुलिस टीम के साथ संदिग्ध चेकिंग कर रहे थे इसी दौरान दो युवको से तलाशी के दौरान 52.37 ग्राम स्मैक (अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 लख रुपए) बरामद करते हुए उनसे1300 रुपए की नगदी भी बरामद की है। पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम मोनिस जिसके कब्जे से 32 ग्राम स्मैक तथा दूसरे ने अपना नाम शोएब दोनों निवासी बेलडा जुनारदार थाना नागल वताये उसके पास से 20.37 ग्राम स्मैक तथा 1300 रुपए की नगदी बरामद हूई है। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं में मामला दर्ज करते हुए दोनों को न्यायालय पेश कर दिया।

रोहित कौशिक को मिली बड़ी जिम्मेदारी, राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बने

आज समाचार सेवा

- राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. प्रवेश दत्त भारद्वाज और प्रदेश अध्यक्ष पं. अरविंद शर्मा ने सौंपी जिम्मेदारी, समाज के लोगों ने दी बधाई

नकुड़ (सहारनपुर)। राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ ने संगठन के विस्तार और समाज को मजबूत एवं संगठित करने की दिशा में रोहित कौशिक को पश्चिम उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रवेश दत्त भारद्वाज और प्रदेश अध्यक्ष पंडित अरविंद शर्मा ने की। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने रोहित कौशिक पर विश्वास जताते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी।

नवनियुक्त अध्यक्ष रोहित कौशिक ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के

साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने और समाज के लोगों को जोड़ने के लिए प्रयास किए जाएंगे। समाज में एकता, शिक्षा, संस्कार, सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। साथ ही युवाओं को संगठन से जोड़कर समाजहित के कार्यों को गति दी जाएगी।

रोहित कौशिक की नियुक्ति पर सांसद राघव लखनपाल शर्मा, समाजसेवी राकेश शर्मा, अमेरिका, समाजसेवी अतुल पाराशर, दुष्यंत शर्मा, श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष, हनुमान धाम के महंत आचार्य मोहित गौतम, आचार्य वासुदेव भारद्वाज, शुभम वत्स और संजय प्रपन्नाचार्य सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं और समाज के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि रोहित कौशिक के नेतृत्व में संगठन पश्चिम उत्तर प्रदेश में अपनी गतिविधियों का विस्तार करेगा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रवेश दत्त भारद्वाज और प्रदेश अध्यक्ष पंडित अरविंद शर्मा ने भी रोहित कौशिक को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने और समाजहित में सक्रियता से कार्य करने की अपेक्षा जताई।

विश्व खाद्य दिवस पर शीतल टंडन ने दिया अन्न बचाने का संदेश

व्यापार मंडल की बैठक में भोजन की बबार्दी रोकने, जरूरतमंदों की मदद करने और किसानों के योगदान को सम्मान देने का आह्वान

आज समाचार सेवा

सहारनपुर, । विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर जिला व्यापार मंडल, सहारनपुर की बैठक रेलवे रोड स्थित जिला मुख्यालय कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में अन्न के महत्व, खाद्य सुरक्षा, कुपोषण और भोजन की बबार्दी रोकने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष शीतल टंडन तथा जिला महामंत्री रमेश अरोड़ा ने कहा कि अन्न जीवन का आधार है और इसकी बबार्दी रोकना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

शीतल टंडन ने कहा कि दुनिया में आज भी करोड़ों लोग भूख और कुपोषण से जूझ रहे हैं, जबकि दूसरी ओर बड़ी मात्रा में भोजन बर्बाद हो जाता है। शादी-ब्याह, होटलों और सामाजिक कार्यक्रमों में जरूरत से अधिक भोजन तैयार करने तथा उसे फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगनी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी थाली में उतना ही भोजन लेना चाहिए, जितनी आवश्यकता हो। बचा हुआ भोजन किसी जरूरतमंद की भूख मिटाने में काम आ सकता है। उन्होंने कहा कि अन्नदान केवल धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने के लिए आगे आना चाहिए। साथ ही अन्न के प्रत्येक दाने का महत्व समझते हुए खाद्य पदार्थों की बबार्दी रोकने का संकल्प लेना चाहिए।

जिला महामंत्री रमेश अरोड़ा ने कहा कि विश्व खाद्य दिवस का उद्देश्य दुनिया से भूख मिटाने, खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सभी लोगों को पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराने के प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर किसानों के योगदान पर चर्चा करते हुए शीतल टंडन ने कहा कि किसान कठिन परिश्रम से अनाज पैदा करते हैं, जबकि व्यापारी उसे बाजार के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाते हैं। किसान और व्यापारी एक-दूसरे के पूरक हैं। दोनों के सहयोग से देश की खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। बैठक में विश्व खाद्य दिवस के इतिहास और महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। व्यापार मंडल ने आह्वान किया कि अन्न की बबार्दी रोकने, जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने और किसानों की मेहनत का सम्मान करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं। बैठक में जिलाध्यक्ष शीतल टंडन, जिला महामंत्री रमेश अरोड़ा, जिला कोषाध्यक्ष कर्नल संजय मिड्ढा, मेजर एसके सूरी, पवन कुमार गोयल, रमेश डावर, संदीप सिंघल, संजय महेश्वरी, मुरली खन्ना और अशोक मलिक सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत चारु गुर्जर बनीं एक दिन की प्रधानाचार्य, रौनक सैनी को बनाया प्रबंधक

आज समाचार सेवा

केएलजीएम इंटर कॉलेज में छात्राओं को दिलाया नेतृत्व का अनुभव, नेहा गुप्ता ने अधिकारों के प्रति किया जागरूक

नकुड़ (सहारनपुर)। केएलजीएम इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पहल की गई। जिले में नौवां स्थान प्राप्त करने वाली दो छात्राओं में से चारु गुर्जर को एक दिन का प्रधानाचार्य तथा रौनक सैनी को एक दिन का प्रबंधक बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन कर छात्राओं को उनके अधिकारों और नेतृत्व क्षमता के प्रति जागरूक किया गया।

संगोष्ठी में नगर पालिका चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता की पत्नी नेहा गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



एक दिन की प्रधानाचार्य बनीं चारु गुर्जर ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए तथा विद्यालय पहुंचे अभिभावकों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए पहल की। वहीं, एक दिन की प्रबंधक बनीं रौनक सैनी ने विद्यालय कर्मचारियों के साथ बैठक की और परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सरस कुमार गोयल, प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा, नोडल अधिकारी संध्या सिंह, सलीम मोहम्मद, पूनम त्यागी, भारत धीमान सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

बालि वध से लंका दहन तक जीवंत हुई प्रभु की लीला

रामपुर। भक्ति, आस्था और धर्म की त्रिवेणी से सराबोर रामपुर का धार्मिक वातावरण उस समय और अधिक दिव्य हो उठा, जब श्री गोविंद गोपाल लीला संस्थान वृंदावन के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीलाओं का मनोहारी मंचन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। संस्थान के निदेशक कन्हैया लाल दत्ता त्रय के कुशल निर्देशन में सुबह की बेला में जहां श्री रुक्मणी-कृष्ण लीला ने भक्तों के हृदय में भक्ति का संचार किया, वहीं रात्रि में आयोजित श्री राम महोत्सव में बालि वध से लेकर लंका दहन तक के प्रसंगों ने दर्शकों को रामायण के भक्तिमय संसार में पहुंचा दिया।

सुबह आयोजित श्री रुक्मणी-कृष्ण लीला में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का सुंदर चित्रण किया गया। कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से भगवान के प्रति प्रेम, समर्पण और अटूट विश्वास का संदेश दिया। श्रीकृष्ण की मनमोहक लीलाओं ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और वातावरण भक्तिरस से भर उठा।

रात्रि की बेला में श्री राम महोत्सव के अंतर्गत रामायण के रोमांचक और प्रेरणादायी प्रसंगों का मंचन किया गया। कलाकारों ने बालि वध, मायावी की कथा, माता सीता की खोज, सम्पाती मिलन और लंका दहन के दृश्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

सीता माता की खोज के दौरान सम्पाती से मिलन का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सम्पाती द्वारा माता सीता के लंका में होने की जानकारी मिलने के बाद वानर सेना में नई आशा का संचार हुआ। इसके बाद पवनपुत्र हनुमानजी के अद्भुत पराक्रम और प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति से जुड़ा लंका दहन का दृश्य मंचित किया गया।

लंका दहन के दृश्य ने दर्शकों में विशेष उत्साह भर दिया। हनुमानजी के जयकारों और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलाकारों की सजीव अभिनय शैली, प्रभावशाली संवाद और आकर्षक मंच सज्जा ने रामायण के प्रसंगों को मानो आंखों के सामने जीवंत कर दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरविंद नंदा, शरद गुप्ता और धीरेंद्र कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। धार्मिक लीलाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति, मर्यादा, भक्ति और धर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास की सराहना की गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सह-अध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष निर्भय गर्ग, ईश्वर शरण अग्रवाल, जुगेश अरोड़ा कुक्कू भाई, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. सुमित गोयल, मनोज अग्रवाल, अरविंद कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राजीव शरण गर्ग, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, आकाश बंसल, शांति शरण राठौर, संजय कुमार अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, रविंद्र कुमार मिश्रा सहित कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

22.34 करोड़ की लागत से होगा भाखड़ा नदी के सेतु का पुनर्निर्माण

बिलासपुर। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने शुक्रवार को हाईवे स्थित भाखड़ा नदी पर सेतु के पुनर्निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि 22 करोड़ 34 लाख 32 हजार रुपये की लागत से बनने वाले इस सेतु का निर्माण कार्य 18 महीने के भीतर पूरा कराकर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। सेतु के पुनर्निर्माण से क्षेत्रवासियों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। भाखड़ा बांध में सुरंग और रिसाव के कारण उत्पन्न हुई स्थिति एक प्राकृतिक आपदा थी। इसके बावजूद विपक्ष ने सात करोड़ रुपये की लागत से बांध पर ऑटोमैटिक गेटों के निर्माण को लेकर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उन्हें विकास कार्यों के लिए पहचाना जाता है और उनके कार्यकाल से पहले क्षेत्र के हालात क्या थे, यह जनता भली-भांति जानती है।इससे पूर्व राज्यमंत्री ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान रामलीला कमेटी और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, बीडीओ राजेश कुमार सिंह, सिंचाई विभाग के एक्सईएन नवीन कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर शशिकांत, रवि यादव, चेतन पारूथी, धन्नूमल बंसल, बूटा सिंह, समाजसेवी अमीर अहमद, सुरेंद्र कुमार कुक्कू, रोहताश मौर्य, जोगपाल सिंह, योगेश झाम, मधुबाला गुगलानी, रीतु अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, जसविंदर पाल सिंह, दुष्यंत अग्रवाल, रविंद्र सिकदार और परवेज अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन अंगनलाल राजपूत ने किया।

भाविप द्वारा आयोजित शिविर में 25 रक्तदाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

बिलासपुर। भारत विकास परिषद शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार को वीर कैप्टन स्मित मच्छार को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चित्रक मित्तल ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस अवसर पर अतिथियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे मानवता और समाजसेवा का महत्वपूर्ण कार्य बताया।शिविर में 25 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता के लिए योगदान दिया।मातृ शक्ति रेनू गुप्ता एवं राधा गोयल ने भी रक्तदान कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।शिविर का आयोजन रुद्रपुर चैरिटेबल ब्लड बैंक के सौजन्य से किया गया।इसमें मीना छाबड़ा,राजवीर यादव एवं चिकित्सकों का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम संयोजक दीपक गुप्ता रहे।आयोजन में सुनील गुप्ता, धन्नूमल बंसल, कोतवाल जीत सिंह, चेतन परुथी, अनिल मदान, आदेश जैन, जोगराज सिंह, श्रेया मदान सहित परिषद के अनेक सदस्यों ने सहयोग किया।अंत में परिषद अध्यक्ष सपन अग्रवाल एडवोकेट ने अतिथियों, रक्तदाताओं और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

कच्चे और जर्जर मकान में रहने को मजबूर मुन्नी ने लगाई गुहार

सैफनी। क्षेत्र की ग्राम पंचायत नया रायपुर निवासी एक आर्थिक रूप से कमजोर महिला ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पक्के मकान की मांग की है। पीड़ित महिला मुन्नी पत्नी जाकिर ने ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव को प्रार्थना पत्र देकर योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है। प्रार्थना पत्र में मुन्नी ने बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। उसके पास रहने के लिए अपना कोई पक्का मकान नहीं है, जिसके कारण वह अपने पूरे परिवार के साथ कच्चे और बेहद जर्जर मकान में रहने को मजबूर है। आर्थिक तंगी के चलते वह स्वयं पक्का मकान बनवाने में पूरी तरह असमर्थ है और परिवार को लगातार आवास की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।पीड़िता ने ग्राम प्रधान और सचिव से मांग की है कि उसकी पारिवारिक स्थिति और आवास की समस्या को संज्ञान में लेते हुए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत जांच कराई जाए। उसने अनुरोध किया है कि जांच में पात्र पाए जाने पर उसका नाम जल्द से जल्द लाभार्थी सूची में शामिल कर नियमानुसार योजना का लाभ प्रदान किया जाए। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारी इस गरीब महिला की शिकायत पर कितना संज्ञान लेते हैं और उसे सरकारी योजना के तहत पक्का मकान कब तक मिल पाता है।

अक्टूबर माह में 4.19 लाख राशन कार्डधारकों को मिलेगा खाद्यान्न, मोटे अनाज का भी होगा वितरण

रामपुर। अक्टूबर माह के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न वितरण की प्रक्रिया 25 अक्टूबर 2026 तक चलेगी। इस माह अन्त्योदय और पात्र गृहस्थी योजना के लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में गेहूं, चावल और मक्का का वितरण किया जाएगा। इस बार लाभार्थियों को मोटे अनाज के रूप में मक्का भी वितरित किया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि अक्टूबर माह में जनपद के कुल 4,18,822 राशन कार्डों के सापेक्ष खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था की गई है। इनमें 34,660 अन्त्योदय कार्ड तथा 3,84,162 पात्र गृहस्थी कार्ड शामिल हैं। इन कार्डों से जुड़े कुल 17,24,412 यूनिटों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय योजना के तहत 95,988 यूनिटों के लिए 4,852.40 कुंतल गेहूं और 7,278.60 कुंतल चावल आवंटित किया गया है। वहीं, पात्र गृहस्थी योजना के तहत 16,28,424 यूनिटों के लिए 48,242.55 कुंतल गेहूं, 32,100.20 कुंतल चावल और 2,721.13 कुंतल मक्का आवंटित किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में लाभार्थियों को मोटे अनाज के वितरण पर भी जोर दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से पात्र परिवारों को निर्धारित खाद्यान्न उपलब्ध कराने के साथ मोटे अनाज को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने सभी राशन कार्डधारकों से अपील की कि वे निर्धारित अवधि के भीतर अपनी उचित दर की दुकान से नियमानुसार खाद्यान्न प्राप्त कर लें। वितरण प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित पूर्ति निरीक्षक अथवा जिला पूर्ति कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

ट्रैक्टर-ट्राली और कार की आमने-सामने भिड़ंत, चालक की मौत

बिलासपुर। चड्ढा पेपर मिल-बंगाली कॉलोनी मार्ग पर गुरुवार की रात ट्रैक्टर-ट्राली और स्विफ्ट कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के गांव हामिदनगर निवासी जगदीप सिंह (35) पुत्र गुरुचरण सिंह पेशे से किसान थे। गुरुवार रात करीब 11 बजे वह मानपुर ओझा बंगाली कॉलोनी से अपनी स्विफ्ट कार से घर लौट रहे थे।इसी दौरान चड्ढा पेपर मिल के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से उनकी कार की भीषण टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और जगदीप सिंह अंदर ही गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को कार से बाहर निकलवाया और उपचार के लिए भिजवाया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।मृतक के परिजनों की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है।तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

सेंट पॉल स्कूल में स्वच्छता एवं गंगा संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

रामपुर। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन एवं प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी के मार्गदर्शन में जिला गंगा समिति द्वारा स्वच्छता ही सेवा एवं विशेष अभियान के तहत सेंट पॉल स्कूल में नदी, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पोस्टर, रंगोली, भाषण, निबंध एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त गंगा का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लव कुमार ने कहा कि गंगा केवल नदी नहीं, बल्कि हमारी जीवनदायिनी है। इसे स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों ने गंगा संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ ली।

रामलीला में राम वनवास लीला का मार्मिक मंचन, भरत के प्रेम और राम के त्याग को देख भावुक हुए श्रद्धालु

शाहाबाद। सनातन धर्म श्री रामलीला सभा, शाहाबाद के तत्वावधान में चल रही ऐतिहासिक रामलीला में गुरुवार रात राम वनवास लीला का अत्यंत भावपूर्ण और मार्मिक मंचन किया गया। मंचन का प्रारंभ कैकेयी द्वारा राजा दशरथ से दो वरदान मांगने के प्रसंग से हुआ। पुत्र मोह में बंधे दशरथ की व्याकुलता, कैकेयी की हठ और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम द्वारा पिता के वचन की रक्षा के लिए हंसते-हंसते राजसिंहासन का त्याग करने के दृश्य ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। जब भगवान श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण जी ने राजसी वस्त्रों का त्याग कर वनवासी वेश धारण किया, तो पंडाल में उपस्थित सैकड़ों दर्शकों की आंखें नम हो गईं। कलाकारों के सजीव अभिनय ने ऐसा समां बांधा कि लगा मानो त्रेता युग साक्षात जीवंत हो उठा हो। लीला में त्याग, प्रेम और कर्तव्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मार्मिक प्रसंग ने यह संदेश दिया कि सच्चा धर्म पद में नहीं, बल्कि कर्तव्य के पालन में है। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और देर रात तक लीला का आनंद लिया।

सूफी महबूब हसन का 18वां सालाना उर्स कुल शरीफ और दुआ के साथ संपन्न

मिलक (रामपुर)। नगर स्थित दरगाह हजरत सूफी अल्हाज महबूब हसन शाह का दो दिवसीय 18वां सालाना उर्स मुबारक बुधवार को कुल शरीफ और खास दुआ के साथ संपन्न हो गया। उर्स का आयोजन सज्जादानशीन हजरत सूफी मोहम्मद यासीन शाह की सरपरस्ती और नायब सज्जादानशीन सूफी सलमान मियां यासीनी महबूबी की निगरानी में किया गया।उर्स के दूसरे और अंतिम दिन सुबह कुरआन ख्वानी का आयोजन हुआ। इसके बाद सुबह 11 बजे कुल शरीफ की शुरुआत हुई। इसमें उलेमा-ए-किराम ने नातिया कलाम पेश किए और तकरीर के जरिए लोगों को नेक रास्ते पर चलने तथा आपसी भाईचारे का पैगाम दिया।कुल शरीफ के बाद मुल्क में अमन-ओ-अमान, खुशहाली और तरक्की के साथ सभी अकीदतमंदों की सलामती के लिए खुसूसी दुआ की गई। इसके बाद महफिल-ए-रंग का आयोजन हुआ और जायरीन के बीच लंगर तकसीम किया गया। दस्तारबंदी के साथ दो दिवसीय उर्स का समापन हुआ।उर्स में दूर-दराज के इलाकों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और दरगाह पर हाजिरी देकर अपनी अकीदत का इजहार किया।

आर्य समाज नगरिया खाता का 44वां वार्षिकोत्सव भव्य रूप से शुरू

मिलक (रामपुर)। आर्य समाज नगरिया खाता का 44वां वार्षिकोत्सव भव्य रूप से शुरू हो गया। वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस की शुरुआत प्रातःकालीन सत्र में यज्ञ के साथ हुई। इस दौरान वक्ताओं ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे मानव जीवन का श्रेष्ठ कर्म बताया।

बिजनौर से पधारे भजनोपदेशक पं. योगेश दत्त आर्य ने यज्ञ के महत्व को समझाते हुए कहा कि यज्ञ मनुष्य का सर्वश्रेष्ठ कर्म है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन यज्ञ करना चाहिए। इससे परिवार, समाज और देश का कल्याण होता है।वहीं, बदायूं से पधारे भजनोपदेशक आचार्य पुष्पदास जी ने अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। भजनोपदेशक पं. वीरदेव आर्य ने कहा कि वेदों का पढ़ना-पढ़ाना और सुनना-सुनाना सभी आर्यों का परम धर्म है। उन्होंने वैदिक विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्येन्द्र कुमार आर्य ने की, जबकि संचालन डॉ. करन सिंह ने किया। इस अवसर पर आर्य समाज नगरिया खाता के प्रधान अनुज कुमार आर्य सहित यतेन्द्र आर्य, गोकन लाल, हेमेंद्र आर्य, राजेन्द्र आर्य, सुरेश आर्य, मोहर सिंह पटेल, शांति स्वरूप सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

श्रीराम की शरण में सुग्रीव, छल और अत्याचार से मुक्ति दिलाकर प्रभु श्रीराम ने निभाई मित्रता



रामपुर। श्री आदर्श रामलीला कमेटी ज्वाला नगर के तत्वाधान में रामलीला महोत्सव मे ब्रज विलास रामलीला मंडल वृंदावन, मथुरा के कलाकारों द्वारा शुक्रवार रात्रि के मंचन में धर्म, नीति और भक्ति से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण प्रसंगों का जीवंत चित्रण हुआ। सबसे पहले सुग्रीव-राम मित्रता का प्रसंग प्रस्तुत हुआ। राम ने किष्किंधा पहुँचकर सुग्रीव से मित्रता की और उसे बाली से मुक्ति दिलाने का वचन दिया। इस मित्रता ने धर्म और न्याय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। इसके बाद बाली वध का दृश्य हुआ। भगवान राम ने छिपकर बाली का वध कर सुग्रीव को राज्य दिलाया। इस प्रसंग में बाली और सुग्रीव का युद्ध, बाली की शक्ति और राम का धर्मसंकट दर्शकों के सामने गहराई से प्रस्तुत हुआ। कलाकारों ने बाली के पतन और सुग्रीव के राज्यारोहण को भव्य मंच सज्जा और गूंजते जयकारों के साथ दिखाया। यह दृश्य धर्म और नीति पर गहन विमर्श का संदेश लेकर आया, जहाँ अधर्म और अन्याय का अंत हुआ। अंत में सीता जी की खोज का मार्मिक प्रसंग मंचित हुआ। राम और लक्ष्मण ने वन-वन भ्रमण कर सीता जी की खोज की। इस खोज यात्रा में जटायु की मृत्यु का करुण दृश्य, शबरी से मिलन का भावुक प्रसंग और हनुमान से भेंट की तैयारी का संकेत दर्शकों को भावविभोर कर गया। कलाकारों ने सीता जी की करुण पुकार और राम की व्याकुलता को इतनी गहराई से प्रस्तुत किया कि पूरा पंडाल मौन और भावनाओं से भर गया। यह प्रसंग भक्ति, समर्पण और संघर्ष का अद्भुत संदेश लेकर आया। भीड़ उमड़ी रही, तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ा और पूरा नगर धार्मिक भावनाओं से सराबोर हो गया।

इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डा. तेजवीर यादव, अनुज सक्सेना, त्रिभुवन पंडित, आशु गुप्ता, चितरंजन श्रीवास्तव, अनिल सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, संजू शर्मा, संजीव दयाल सक्सेना, पीयूष कुमार, राजेश नायक, नवनीत सक्सेना, मक्खनलाल सैनी, दिनेश कश्यप, संजू प्रजापति, विनोद कश्यप, देवेश गुप्ता, सुभाष सक्सेना, अनु गंगवार, विशाल शर्मा, पुनीत अग्रवाल, अंकुश सक्सैना, विक्की सक्सेना, अरुण कीर्ति, सोनू शर्मा, अनुज भारद्वाज, प्रमोद लोधी, अखिलेश बिसारिया, विजय चौहान, रवि रामपुरी, धर्मवीर यादव, अनु सक्सेना, संतोष प्रसाद, नंदकिशोर शर्मा, राहुल शर्मा, मिंटू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

प्रतिबंधित कोडीन सिरप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, 95 शीशी बरामद

रामपुर। थाना कोतवाली पुलिस एवं औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम ने अवैध बिक्री व भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत दो आरोपियों को प्रतिबंधित कोडीन सिरप के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार दिनांक 16.10.2026 को मुखबिर की सूचना पर आश्रम पद्धति स्कूल के पास मोड़ से दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 95 शीशी प्रतिबंधित ख्र्यष्ठक्रङ्गरु कफ सिरप बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान महफूज पुत्र शिफ्ते हसन निवासी ग्राम इमरता थाना अजीमनगर व किशन कुमार पुत्र मेघराज निवासी ग्राम दिलपुरा थाना अजीमनगर के रूप में हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 158/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में औषधि निरीक्षक नेहा वैश, उ0नि0 पवन कुमार, उ0नि0 पुष्पेन्द्र कुमार, हे0का0 अमित तोमर, का0 विपुल चौधरी, का0 दिपांशु कुमार, का0 दीपक नागर शामिल रहे।

त्योहारों को लेकर सीओ देवकीनंदन अलर्ट, शाहबाद के बाजारों में पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

शाहबाद (रामपुर)। आगामी त्योहारों के मद्देनजर कस्बा शाहबाद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने कस्बे के प्रमुख बाजारों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पैदल गश्त के दौरान सीओ देवकीनंदन ने बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया तथा पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया।

सीओ देवकीनंदन की सक्रियता और मुस्तैदी से पुलिस प्रशासन की सतर्कता साफ नजर आई। त्योहारों के दौरान आमजन को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उनका प्रयास सराहनीय है। पुलिस की इस सक्रियता से जहां असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने में मदद मिलेगी, वहीं आम नागरिकों में भी सुरक्षा का विश्वास मजबूत होगा। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हों। इसके लिए पुलिस लगातार क्षेत्र में निगरानी बनाए हुए है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की समस्याओं का कराया समाधान, महिलाओं को किया सम्मानित

शाहबाद, रामपुर। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और सम्मान को लेकर विशेष पहल की। इस दौरान महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। साथ ही महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनमें सुरक्षा का भाव जागृत करना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर एसआई रमेश यादव, महिला उपनिरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

मिशन शक्ति केंद्र द्वारा एक दिवसीय अभियान का आयोजन, महिलाओं को किया जागरूक

मिलक, रामपुर। 16 अक्टूबर 2026 को थाना मिलक परिसर में मिशन शक्ति केंद्र द्वारा एक दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और उनकी समस्याओं का समाधान करने में सहायता प्रदान करना रहा।कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनकी आवश्यकताओं के अनुसार काउंसलिंग की। इस दौरान महिलाओं को अपनी समस्याओं के प्रति जागरूक रहने, किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर संबंधित विभाग से संपर्क करने तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।अभियान के अंतर्गत महिलाओं को विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी विस्तार से दी गई, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे समय रहते सहायता प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। टीम ने महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में उचित माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए जागरूक किया।कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा संबंधी सुविधाओं, सहायता प्राप्त करने के तरीकों और उपलब्ध सरकारी संसाधनों के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास किया गया। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज में उनके सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर महिला सुरक्षा दल थाना मिलक से उप निरीक्षक अंशु कुमार, कांस्टेबल आंचल रानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा, जागरूकता और सरकारी योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गईं।

मिलक रामलीला में चित्रकूट प्रसंग का भावपूर्ण मंचन, उमड़े श्रद्धालु

मिलक, रामपुर। नगर रामलीला कमेटी मिलक के तत्वावधान में आयोजित ऐतिहासिक रामलीला में बुधवार देर रात चित्रकूट प्रसंग का सजीव एवं भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के शानदार अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।रामलीला के प्रसंग के अनुसार, वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण नदी पार कर महर्षि वाल्मीकि के आश्रम पहुंचते हैं। वहां ऋषि-मुनियों से आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद तीनों चित्रकूट धाम की ओर प्रस्थान करते हैं। चित्रकूट में माता अनसूया के आश्रम पहुंचने पर माता अनसूया द्वारा माता सीता को पतिव्रत धर्म की शिक्षा देने तथा उन्हें दिव्य वस्त्र और आभूषण प्रदान करने के प्रसंग का कलाकारों ने बेहद मार्मिक चित्रण किया माता अनसूईया माता सीता के मिलन का दृश्य इतना भावपूर्ण रहा कि पंडाल में मौजूद महिलाओं की आंखें नम हो गईं। कलाकारों के सजीव अभिनय और मधुर संवादों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, महामंत्री सुरेंद्र कुमार शर्मा, भुवनेश भार्गव, राजू गुप्ता सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी और नगर के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। देर रात तक चले मंचन के दौरान पूरा रामलीला परिसर भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा।

अवैध तमंचा और दो कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

चन्दौसी। थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने शुक्रवार तड़के बरी चैराहे पर चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी की बाइक के आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखाने पर उसे भी सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी क्रम में 16 अक्टूबर को तड़के करीब 3रू50 बजे बरी चैराहे पर चेकिंग के दौरान युवक को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी की पहचान श्रीओम (22) पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी पृथ्वीपुर, थाना बिसौली, जिला बदायूं के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कुढ़फतेहगढ़ थाने में मुकदमा अपराध संख्या 181/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, बाइक के आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत उसे सीज कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सुमित सुधाकर रामटेके के नेतृत्व और क्षेत्राधिकारी चन्दौसी विवेक जावला के निर्देशन में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बलराम सिंह, आरक्षी मुकुल कुमार और आरक्षी रवि कुमार शामिल रहे।

परिवार परामर्श केंद्र से विवाद सुलझाने वाले 50 से अधिक दंपती सम्मानित

चन्दौसी। मिशन शक्ति अभियान-6.0 के तहत शुक्रवार को पुलिस लाइन संभल स्थित सभागार में परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से पारिवारिक विवादों का निस्तारण कराने वाले 50 से अधिक दंपतियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दंपतियों से काउंसलिंग के बाद उनके पारिवारिक जीवन में आए बदलावों को लेकर फीडबैक भी लिया गया। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जनपद और सर्किल स्तर पर संचालित परिवार परामर्श केंद्रों तथा थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से पारिवारिक विवादों को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। काउंसलिंग के जरिए पति-पत्नी के बीच आपसी मतभेद दूर कराकर परिवारों को टूटने से बचाया जा रहा है।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत और मिशन शक्ति टीम ने दंपतियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एएसपी ने दंपतियों से संवाद कर उनका हालचाल जाना और काउंसलिंग के बाद हुए बदलावों की जानकारी ली। उन्होंने दंपतियों को आपसी संवाद, विश्वास, पारस्परिक सम्मान और सामंजस्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीओ बहजोई स्तुति सिंह, महिला थाना प्रभारी रेनू सिंह, मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. रुकमपाल सिंह सहित टीम मौजूद रही।

मिशन शक्ति फेज 6.0 – उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा का नया अध्याय

बदायूँ - उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-6.0) के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,बदायूँ सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में आज दिनाँक 16.10.2026 को मिशन शक्ति केन्द्र द्वारा सम्मान व फीडबैक कार्यक्रम के अन्तर्गत थाना कादरचौक, फैजगंज बेहटा,बिनावर ,कुवरगांव,उघैती पर नियुक्त मिशन शक्ति टीम द्वारा सफलता पूर्वक निस्तारण कराये गये परिवारिक प्रकरण के अभिभावको /परिवारीजनो को बुलाकर सम्मानित किया गया तथा उनका फीडबैक लिया गया इसी दौरान मिशन शक्ति 6.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी गयी। शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया। इस दौरान साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट व साइबर क्राइम से बचाव हेतु जागरुक किया गया एवं सभी से अपील की गयी कि किसी अनजान व्यक्ति से अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर इत्यादि साझा ना करे।

फेस, आइरिस स्कैन के बाद परीक्षार्थी कर सकेंगे प्रवेश

बदायूँ। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश अधिनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कराई जा रही प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (पैट) को सकुशल निर्विघ्न, निष्पक्षतापूर्ण एवं सुचितापूर्वक सम्पन्न कराने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही को क्षम्य नहीं किया जाएगा।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी अवनीश राय ने प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (पैट) की तैयारियों की केन्द्र व्यवस्थापक, जोनल, सैक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ गहन समीक्षा बैठक आयोजित की। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा आयोजन में लगे सभी अधिकारी आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए परीक्षा को सम्पन्न कराएं।

पैट परीक्षा 25, 30 अक्टूबर तथा 01 नवम्बर को दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से सांय 05 बजे तक आयोजित होगी। जनपद में 24 परीक्षा केन्द्रों पर 58896 परीक्षार्थी पैट परीक्षा हेतु पंजीकृत हैं।

डीएम ने कहा कि कोई भी परीक्षार्थी फेस एवं आइरिस स्कैन कराए बिना परीक्षा केन्द्र के अन्दर नहीं जाने दिया जाएगा। परीक्षा केन्द्र में ड्यूटी करने वाले समस्त स्टाफ से नो रिलेशन का प्रमाण-पत्र भी प्राप्त किया जाए कि इस केन्द्र में उनका रिलेशन किसी परीक्षार्थी से नहीं है। परीक्षा केन्द्रों की सीसीटीवी से गहन निगरानी कराई जाएगी। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केन्द्रों में प्रकाश, पंखा, सफाई, महिला-पुरुष के अलग-अलग शौचालय तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

परीक्षा केन्द्र में कोई भी परीक्षार्थी मोबाइल फोन, टैबलेट, पेनड्राइव, हार्ड डिस्क, डेटाकार्ड, कैल्कुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, कलाई घड़ी, एटीएम कार्ड आदि सहित अन्य किसी प्रकार का इलैक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं ले जा सकेगा। सहायक परिवहन अधिकारी राज्य सड़क परिवहन निगम बसों के परिचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने स्टेशन मास्टर रेलवे को भी निर्देश दिए कि टेऊनों के आने-जाने के सम्बंध में निरन्तर घोषणा कराने की व्यवस्था करेंगे। कोई भी अभ्यर्थी टेऊन की छत पर चढ़कर यात्रा न करे, यह भी सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने परीक्षा केंद्रों के आसपास एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के बाहर पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाएगा। इस अवसर अपर जिलाधिकारी मान्वेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंजुम बी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सहसवान में धूमधाम से निकाली गई राम बारात, कमेटी के साथ प्रशासन रहा मौजूद

सहसवान। नगर में राम बारात धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। राम बारात का शुभारंभ प्रमोद संस्कृत पाठशाला के मैदान से हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष मीर हादी अली उर्फ बाबर मियां ने हरी झंडी दिखाकर राम बारात को रवाना किया। राम बारात प्रमोद संस्कृत पाठशाला से प्रारंभ होकर सहवाजपुर, जहांगीराबाद चौराहा, नयागंज, नवादा चौराहा, कोतवाली, रोडवेज बस स्टैंड, नसरुल्लागंज बाजार, विल्सन गंज और पठान टोला होते हुए तहसील परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। राम बारात के दौरान नगर में उत्साह का माहौल रहा। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस भी मौजूद रहे। इस मौके पर उपजिलाधिकारी शौर्य अरोड़ा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार, प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष बॉबी माहेश्वरी, हैदर मियां, आदर्श सक्सेना, अवधर शर्मा, पियूष महेश्वरी, शिशिर माहेश्वरी, सौरभ सक्सेना, नितिन माहेश्वरी और अबीर सक्सेना सहित कमेटी के कार्यकर्ता एवं नगर के लोग मौजूद रहे।

दांडिया उत्सव में महिलाओं ने गरबा और डांडिया से बांधा समां

चन्दौसी। सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में अग्रवाल युवा महिला मंडल की ओर से नवरात्रि दांडिया उत्सव-2026 धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष प्रज्ञा अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की थीम 'ढोल की थाप, गरबे की ताल, रंगों से सजेगा हर एक द्वार' रही। महिलाओं ने गरबा और डांडिया नृत्य का आनंद लिया। इस दौरान विभिन्न खेलों और दांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संयोजिका इंदु अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मानसी अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल, निमिषा अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल सहित मंडल की सदस्य मौजूद रहीं।

मिशन शक्ति और स्वच्छता अभियान से महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

चन्दौसी। नगरपालिका परिषद चन्दौसी और आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्वच्छता ही सेवा 2026 एवं मिशन शक्ति अभियान-6.0 के तहत वार्ड 13 स्थित आवास विकास कॉलोनी में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं, नागरिकों और मनोकामना इंटर कॉलेज की छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता निरीक्षक प्रियंका सिंह ने महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन का संदेश दिया। उन्होंने 1090 महिला पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन सहित विभिन्न सहायता नंबरों की जानकारी दी। वहीं, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से लोगों को कचरे के उचित निस्तारण के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं और छात्राओं को गीला, सूखा, सेनेटरी और घरेलू हानिकारक कचरा अलग-अलग रखने, घरों में होम कंपोस्टिंग अपनाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छ चन्दौसी के निर्माण में सहभागिता निभाने की अपील की गई। कार्यक्रम में मनोकामना इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य, आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर करन सिंह, कपिल कुमार, आईईसी टीम और नगर पालिका के स्वच्छता कर्मी मौजूद रहे।

एफ.आर. इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

चन्दौसी। एफ.आर. इंटर कॉलेज चन्दौसी में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत लैंगिक भेदभाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन साहब ने छात्राओं को संबोधित करते हुए महिला-पुरुष समानता, महिला अधिकारों तथा बेटा-बेटी के बीच भेदभाव समाप्त करने पर जोर दिया। इस अवसर पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लैंगिक भेदभाव के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अब्दुल जाहिद ने किया। इस दौरान शिक्षक मोहम्मद एजाज, शाजिया खानम, भावना गुप्ता, रेखा चैधरी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

जर्जर मकान में पन्नी डालकर रहने को मजबूर परिवार, पीएम आवास की मांग

चन्दौसी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का प्रावधान है, लेकिन पात्र होने के बावजूद कुछ लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मोहल्ला डहरिया निवासी रेखा पत्नी विपिन कुमार ने मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली का आरोप लगाया है। रेखा का कहना है कि उनका मकान बेहद जर्जर हालत में है। परिवार छोटे-छोटे बच्चों के साथ छत पर पन्नी डालकर रहने को मजबूर है। उनके पति मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। रेखा के मुताबिक, उन्हें आवास के लिए पात्र बताया गया था, लेकिन बाद में अप्रत्यक्ष रूप से सुविधा शुल्क की मांग किए जाने की बात सामने आई। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कराकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की मांग की है।

टीएससीटी ने शिक्षक लक्ष्मीनारायण को सौंपा 51 हजार रुपये का चेक

चन्दौसी। टीएससीटी जिला संभल की ओर से शुक्रवार, 16 अक्टूबर को ब्लॉक पंवासा के शिक्षक लक्ष्मीनारायण को 51 हजार रुपये का चेक सौंपा गया। जिला कन्यादान प्रभारी कविता शर्मा ने शिक्षक के आवास पर पहुंचकर उन्हें चेक प्रदान किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रवक्ता सचिन शर्मा, खम्मन सिंह, वसीम और मधुर वार्ष्णेय मौजूद रहे।

थाना बिसौली पुलिस द्वारा 25000/-रु0 के इनामिया वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

बदायूँ- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ सुश्री अंकिता शर्मा के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी बिसौली के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत आज दिनाँक 16.10.2026 को थाना बिसौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 396/26 धारा 108/69 बीएनएस व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 से सम्बन्धित 25000/-रु0 के इनामिया वांछित एक अभियुक्त जीशान पुत्र एहसान निवासी ग्राम करखेडी थाना बिसौली जनपद बदायूँ को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय से समक्ष पेश किया जा रहा है ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त— 1. जीशान पुत्र एहसान निवासी ग्राम करखेडी थाना बिसौली जनपद बदायूँ उम्र करीब 26 वर्ष आपराधिक इतिहास अभियुक्त आकाश कुमार 1. मु0अ0स0 396/26 धारा 108/69 बीएनएस व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम - प्रभारी निरीक्षक सर्वेन्द्र कुमार शर्मा थाना बिसौली बदायूँ मय पुलिस टीम प्रभारी एसओजी मय टीम जनपद बदायूँ

समरेर के सिसईया गुसाई में 18 अक्टूबर से दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण

बदायूँ। राजकीय फल सरंक्षण एंव प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी नवीन चन्द्र आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय फल सरंक्षण एंव प्रशिक्षण केन्द्र बदायूँ द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजनान्तर्गत ग्राम-सिसईया गुसाई न्याय पंचायत-सिसईया गुसाई विकासखण्ड-समरेर में 18 से 19 अक्टूबर 2026 तक दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरा जलवा

चन्दौसी। सनातन संस्कृति मंच की ओर से शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में रामबाग धाम के विशाल रंगमंच पर भव्य एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्प अर्पित करके किया। प्रतियोगिता में पांच से 12 वर्ष तक की आयु के करीब 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। नन्हे कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मिहारिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें बड़े आकार का किड्स ट्रॉली बैग, घड़ी और नृत्य प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रगति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्हें मध्यम आकार का किड्स ट्रॉली बैग, घड़ी और नृत्य प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं मिषिका अग्रवाल तीसरे स्थान पर रहीं। उन्हें छोटे आकार का किड्स ट्रॉली बैग, घड़ी और नृत्य प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी बच्चों को भी प्रोत्साहन स्वरूप घड़ी और नृत्य प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। निर्णायक मंडल में अलीगढ़ से आईं गौरी आर्या और चन्दौसी की आकांक्षा भार्गव शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा टंडन ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अखिलेश कुमार खिलाड़ी, सचिन गुप्ता, मौसम गुप्ता, मयंक अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, सौम्य अग्रवाल, पंकज शर्मा, अर्चित अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, दुर्गपाल और आकाश अग्रवाल सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। सनातन संस्कृति मंच के अध्यक्ष मुदित गर्ग, उपाध्यक्ष अभिनव शर्मा, अभिषेक गुप्ता और आयुष शंखधार, महामंत्री आलोक वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष सचिन दयाल, उपकोषाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, मंत्री मानिक वार्ष्णेय और सुभाष चंद्रा, उपमंत्री गिरीश शैलू सहित अन्य पदाधिकारियों ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक में कार्यक्रम आयोजित

चन्दौसी। बदायूं रोड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसरों की जानकारी देने के साथ ही स्वरोजगार और उद्यमिता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ), राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह पाल और राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से किया। मां सरस्वती की आराधना के बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रामा पल्सेज और साहू खान चंद कोल्ड स्टोरेज के प्रबंधकों एवं काउंसलरों ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर रोजगार और व्यवसाय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

काउंसलरों ने कहा कि देश में प्रत्येक व्यक्ति को नौकरी देना संभव नहीं है। इसलिए युवाओं को नौकरी पाने के प्रयासों के साथ अपना उद्यम स्थापित करने की दिशा में भी आगे बढ़ना चाहिए। नौकरी से व्यक्ति मुख्य रूप से अपने परिवार का खर्च चलाता है, जबकि सफल व्यापार के माध्यम से वह दूसरे बेरोजगार लोगों को भी रोजगार दे सकता है। उद्यम छोटा हो या बड़ा, वह रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है। पढ़ाई के दौरान ही अपने उद्देश्य को तय करके उसकी प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। आईटीआई के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह पाल ने छात्र-छात्राओं से सवाल-जवाब कर उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि देश की जीडीपी और राष्ट्र का विकास युवाओं के योगदान पर निर्भर करता है। युवाओं को रोजगारपरक व्यवसाय अपनाकर नौकरी तलाशने वाले के बजाय नौकरी देने वाला बनने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए लक्ष्य निर्धारित कर उस पर दृढ़ता से आगे बढ़ना आवश्यक है।

सीडीओ ने भी छात्र-छात्राओं को रोजगार के विभिन्न अवसरों और स्वरोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चन्दौसी के तत्वावधान में किया गया। इस दौरान पंकज कुमार, संजीव कुमार सक्सेना, मनोज कुमार सहित राजकीय पॉलिटेक्निक का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए आज, 24 को होगा विशेष कार्यक्रम

बदायूँ। उत्तर प्रदेश विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में एक जनवरी 2027 की अर्हता के आधार पर फोटोयुक्त वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए आज 17 अक्टूबर से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जनपद में चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 17 एवं 24 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम 2778 मतदेय स्थलों पर आयोजित होगा। सभी बीएलओ बूथों पर उपस्थित रहकर नाम जुड़वाने के लिए सहयोग करेंगे। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी अवनीश राय ने सम्बंधित अधिकारियों सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन आयोग की मंशा से अवगत कराया। मतदेय स्थलों का संभाजन और पुनर्गठन 02 नवंबर 2026 तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद 12 नवंबर 2026 को एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशित होगा। इसके बाद मतदाता सूची से संबंधित दावे और आपत्तियां 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 04 जनवरी 2027 को प्रकाशित होगी। डीएम ने बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे विशेष पंजीकरण अभियान का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 से पहले मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए इस अभियान को महत्वपूर्ण बताया गया।

बदायूँ के आलू उत्पादक किसानों के लिए 1340 कुंतल आलू बीज आवंटित

बदायूँ। जिला उद्यान अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी सीजन 2026-27 के लिए जनपद बदायूँ के आलू उत्पादक किसानों को 1340 कुंतल आलू बीज आवंटित किया गया है। जिला उद्यान अधिकारी आर0एन वर्मा ने बताया कि इच्छुक किसान आलू बीज की खरीद के लिए विभागीय ऑनलाइन पोर्टल चवजंजवण्नचीवतजपबनसजनतमण्पद के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आवंटित आलू बीज में कुफरी किरन, कुफरी फाईसोना, कुफरी आनंद, कुफरी ख्याति, कुफरी चिप्सोना-1, कुफरी चिप्सोना-3, कुफरी सूर्या, कुफरी मोहन एवं कुफरी बहार का आवंटन किया गया है। आलू बीज आधारीय प्रथम सीड साइज रू0 3630 एवं आधारीय द्वितीय सीड साइज रू0 3480, आधारीय प्रथम ओवर साइज रू0 3040 रूपये प्रति कुंतल की दर से उपलब्ध है।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि यदि भविष्य में शासन द्वारा आलू बीज की खरीद पर कोई अनुदान अनुमन्य किया जाता है, तो उसका भुगतान भी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के जरिये किया जायेगा। जिन किसानों ने पूर्व में कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन किया है, उन्हें भी पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। आलू बीज की उपलब्धता एवं आवेदन प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान किसी भी कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बदायूँ में संपर्क कर सकते हैं।

नगर आयुक्त हिमांशु कौशिक ने सुबह-सुबह लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

मुरादाबाद। महानगर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों को स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में आज नगर आयुक्त श्री हिमांशु कौशिक ने आज सुबह-सुबह महानगर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बुध बाजार एवं सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालयों और पिंक शौचालयों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति को परखा।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त श्री हिमांशु कौशिक ने शौचालयों में साफ-सफाई, स्वच्छता की स्थिति तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए और वहां आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिन स्थानों पर व्यवस्थाओं में कमियां पाई गईं, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त श्री हिमांशु कौशिक ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सार्वजनिक एवं पिंक शौचालयों का रखरखाव निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए तथा सफाई कार्यों की नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान सामने आने वाली कमियों का समयबद्ध निस्तारण कराया जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

नगर निगम का उद्देश्य महानगर में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाना, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई बनाए रखना और नागरिक सुविधाओं में निरंतर सुधार करना है। नगर आयुक्त द्वारा सुबह के समय किए गए इस निरीक्षण को व्यवस्थाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा सफाई कार्यों में जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निरीक्षण एवं निगरानी की प्रक्रिया आगे भी जारी रखी जाएगी, जिससे महानगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के प्रयासों को गति मिल सके।

मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम आयोजित

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। नगर निगम, मुरादाबाद की अनुबंधित आई.ई.सी. टीम द्वारा वार्ड संख्या-63, जामा मस्जिद स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय% में मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की बालिकाओं एवं स्टाफ को महिला सुरक्षा, नारी सम्मान, आत्मरक्षा, आत्मनिर्भरता तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं एवं विद्यालय स्टाफ को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं, सुविधाओं एवं सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में बिना किसी भय के उचित माध्यम से सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में मिशन शक्ति अभियान एवं महिला सशक्तिकरण की थीम पर आकर्षक रंगोली बनाकर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन का संदेश दिया गया। रंगोली के माध्यम से समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता एवं सुरक्षा की भावना को प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं को जूडो कराटे एवं आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों की जानकारी देने के साथ उनका अभ्यास भी कराया गया। उन्हें बताया गया कि विपरीत परिस्थितियों में सतर्कता बरतना, आत्मविश्वास बनाए रखना तथा आत्मरक्षा के तरीकों की जानकारी होना बेहद महत्वपूर्ण है।

बालिकाओं को दी गई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

जागरूकता कार्यक्रम में बालिकाओं को विभिन्न आपातकालीन एवं सहायता हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई, जिनमें प्रमुख रूप से 112 आपातकालीन सहायताए 1090 महिला पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन। बालिकाओं को इन हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग एवं उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे समय रहते संबंधित सहायता प्राप्त कर सकें।

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में उचित सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। नगर निगम, मुरादाबाद की आई.ई.सी. टीम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं में सुरक्षा, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं आत्मरक्षा की भावना को मजबूत करने तथा महिला सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

विधि अध्ययन संस्थान के प्रो बोनो क्लब ने लगाया विधिक जागरूकता शिविर

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के विधि अध्ययन संस्थान के प्रो बोनो क्लब की ओर से शुक्रवार को ग्राम हसनपुर कलां, ब्लॉक माछरा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। न्याय बन्धु योजना के अंतर्गत आयोजित शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों और युवाओं को सरकारी योजनाओं, शिक्षा, रोजगार तथा विधिक जागरूकता से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना रहा।

संस्थान के समन्वयक डॉ. विवेक कुमार ने शिविर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रो बोनो क्लब की अध्यक्षा डॉ. सुदेशना के नेतृत्व में ग्राम सचिवालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। क्लब सदस्य आशीष कौशिक ने ग्राम पुस्तकालय एवं डिजिटल लाइब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को केंद्र सरकार की स्वयं प्रभा और स्वयं पोर्टल जैसी शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी दी।

डॉ. अपेक्षा चौधरी ने उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग की नि:शुल्क कोचिंग एवं आवासीय सुविधाओं के बारे में बताया। डॉ. सुदेशना ने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. विकास कुमार ने राज्य सरकार की योजनाओं, जबकि डॉ. महिपाल ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के तरीकों पर प्रकाश डाला। ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार ने आयोजन में सहयोग किया।

इस दौरान स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने विद्यालय में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्त भारत और जल संचय का संदेश दिया। कार्यक्रम में आशुतोष, अभिषेक, हरिश, अंकित, रितिका, वंशिका, अंशिका, निशा, आराध्या, नेहा, विशाखा, प्रीति, कुलदीप, अनमोल और अंकुर सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कौटिल्य के सिद्धांतों से जोड़ी आरटीआई की भावना ~ डॉ. विवेक कुमार त्यागी

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के विधि अध्ययन संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार त्यागी ने सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 को भारतीय चिंतन परंपरा से जोड़ते हुए शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही का महत्व बताया। उन्होंने शुक्रवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी की ओर से आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने विचार रखे। संगोष्ठी का विषय 'सूचना का अधिकार अधिनियम 2005~ चुनौतियां एवं समकालीन विमर्श' रहा।

डॉ. त्यागी ने कौटिल्य के अर्थशास्त्र के श्लोक 'प्रजासुखे सुखं राज्ञ: प्रजानां च हिते हितम्' का उल्लेख करते हुए कहा कि शासक का हित प्रजा के हित में निहित है। उन्होंने बताया कि प्राचीन भारतीय शासन व्यवस्था में अक्षपटल की लेखा प्रणाली राजकीय अभिलेखों और अधिकारियों की निगरानी का महत्वपूर्ण माध्यम थी। आधुनिक समय में यह भावना अभिलेखों के रखरखाव, आरटीआई की धारा-4 के तहत सक्रिय सूचना प्रकटीकरण और सूचना आयोगों की निगरानी में दिखाई देती है। उन्होंने राजधर्म, ऋत, सत्य और लोकसंग्रह की अवधारणाओं को भी शासन की जवाबदेही से जोड़ा।

विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत मुरादाबाद जंक्शन पर कार्यालय एवं कार्यस्थल की स्वच्छता पर विशेष बल

मुरादाबाद। विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल द्वारा स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुरादाबाद जंक्शन स्थित कार्यालयों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

इस विशेष अभियान के तहत रेलवे कार्यालयों में सोफे, दीवारों, टाइल्स तथा अन्य सतहों की गहन सफाई की जा रही है। सफाई कर्मचारियों द्वारा आधुनिक सफाई मशीनों एवं उपकरणों का उपयोग करते हुए कार्यालय परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया जा रहा है। साथ ही,कार्यालयों में स्वच्छता बनाए रखने तथा साफ-सुथरे वातावरण को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

विशेष अभियान 6.0 का उद्देश्य केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि कार्यालयों में लंबित कार्यों के निस्तारण, अनुपयोगी सामग्री के निपटान, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा कार्यस्थलों को अधिक स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाना भी है।

मुरादाबाद मंडल द्वारा स्वच्छता को दैनिक कार्यप्रणाली का अभिन्न अंग बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान में सफाई कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिनके समर्पित प्रयासों से कार्यालयों एवं कार्यस्थलों को स्वच्छ और बेहतर बनाए रखने में सहायता मिल रही है।

उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल स्वच्छता, सुव्यवस्थित कार्यस्थल एवं सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत मंडल के 316 मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित फिजिक्स वाला संस्थान से मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के मेधावी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में मंडल स्तर पर एक अभिनव पहल की गई है। मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से प्रतिष्ठित फिजिक्स वाला कोचिंग संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया है।

जिलाधिकारी श्री अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना माननीय मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन एवं आवश्यक शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा और क्षमता के बल पर निर्धारित लक्ष्य हासिल कर सकें तथा अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें।

उन्होंने बताया कि मंडलायुक्त के निर्देशन में की गई इस पहल के तहत मुरादाबाद मंडल के 316 विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस), यूपीपीएटी तथा उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक (यूपीएसआई) सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी।

इसमें जनपदवार विद्यार्थियों में मुरादाबाद के 71, बिजनौर के 31, अमरोहा के 40, रामपुर के 82 तथा संभल के 92 विद्यार्थी शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभिनव पहल का शुभारंभ 21 अक्टूबर 2026 को पंचायत भवन सभागार, मुरादाबाद में किया जाएगा। इस पहल से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें अपने लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी।

उ0प्र0 विधान परिषद मेरठ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रो के मतदेय स्थलो पर भारत निर्वाचन आयोग का अनुमोदन प्राप्त

मेरठ। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र/अपर आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ अमित कुमार सिंह ने मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल में अवस्थित सभी जनपदों के नागरिकों को सूचित करते हुये बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिये मतदेय स्थलों पर भारत निर्वाचन आयोग का अनुमोदन प्राप्त हो गया है। आयोग के अनुमोदनोपरान्त अन्तिम रूप से प्रकाशित मतदेय स्थलों की सूची के अनुसार वर्तमान में विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में सम्मिलित मतदेय स्थलों का विवरण निम्नवत् है:- उन्होने बताया कि जनपद सहारनपुर में मेरठ खंड स्नातक के लिए 80 व मेरठ खंड शिक्षक के लिए 15, जनपद मुजफ्फरनगर में मेरठ खंड स्नातक के लिए 42 व मेरठ खंड शिक्षक के लिए 14, जनपद शामली में मेरठ खंड स्नातक के लिए 16 व मेरठ खंड शिक्षक के लिए 06, जनपद मेरठ में मेरठ खंड स्नातक के लिए 77 व मेरठ खंड शिक्षक के लिए 30, जनपद बागपत में मेरठ खंड स्नातक के लिए 14 व मेरठ खंड शिक्षक के लिए 07, जनपद गाजियाबाद में मेरठ खंड स्नातक के लिए 60 व मेरठ खंड शिक्षक के लिए 15, जनपद हापुड में मेरठ खंड स्नातक के लिए 23 व मेरठ खंड शिक्षक के लिए 06, जनपद बुलन्दशहर में मेरठ खंड स्नातक के लिए 45 व मेरठ खंड शिक्षक के लिए 20, जनपद गौतमबुद्ध नगर में मेरठ खंड स्नातक के लिए 25 व मेरठ खंड शिक्षक के लिए 17 मतदेय स्थल है। इस प्रकार मेरठ खंड स्नातक हेतु कुल 382 तथा मेरठ खंड शिक्षक हेतु 130 मतदेय स्थल है।

विश्व खाद्य दिवस पर वेंक्टेश्वरा में किसान सम्मान समारोह आयोजित

मेरठ। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर कृषि में महिला सशक्तीकरण, सुरक्षित भोजन एवं समृद्ध भविष्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 300 से अधिक प्रगतिशील किसानों, विशेषकर महिला किसानों को शॉल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्रगतिशील महिला किसान श्रीमती हितेश चौधरी तथा किसान श्री सुरेन्द्र त्यागी को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

नगर आयुक्त हिमांशु कौशिक ने सुबह-सुबह लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड) के कार्यों में तेजी लाने के लिए नगर आयुक्त श्री हिमांशु कौशिक द्वारा दिसंबर तक सभी परियोजनाएं पूरी करने के दिये सख्त निर्देश मानसरोवर रोड का 600 मीटर मार्ग 15 नवंबर तक का दिया लक्ष्य, खुदाई और गैस कनेक्शन को लेकर भी दिए कड़े निर्देश

पीली कोठी स्थित नगर निगम कार्यालय में मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड) के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने के लिए नगर आयुक्त हिमांशु कौशिक ने सख्त रुख अपनाया है। नगर आयुक्त श्री हिमांशु कौशिक की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में सीएम ग्रिड के अंतर्गत चयनित आठ मार्गों पर चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी परियोजनाओं को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना सुनिश्चित करें।

बैठक में अतुल कुमार अपर नगर आयुक्त, अजीत कुमार अपर नगर आयुक्त, मोईननुद्दीन मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता पश्चिमाचल विद्युत वितरण निगम लि0 सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा संबंधित परियोजनाओं के डायरेक्टर उपस्थित रहे।

समय सीमा में काम पूरा नहीं हुआ तो बढ़ेगी जिम्मेदारी

नगर आयुक्त हिमांशु कौशिक ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के डायरेक्टरों को निर्देशित किया कि वे अपनी-अपनी परियोजनाओं की नियमित निगरानी करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाने चाहिए। बैठक में मानसरोवर रोड के 600 मीटर हिस्से को 15 नवंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जबकि सीएम ग्रिड के अंतर्गत संचालित समस्त कार्यों को दिसंबर माह तक पूरा करने के निर्देश दिए गए।

विद्युत विभाग से संबंधी बाधाएं तत्काल दूर करने के निर्देश

निर्माण कार्यों के दौरान विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए नगर आयुक्त ने अधीक्षण अभियंता हाइडिल को निर्देश दिए कि वे संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के डायरेक्टरों से समन्वय स्थापित कर विद्युत संबंधी सभी बाधाओं का शीघ्र निस्तारण कराएं, ताकि परियोजनाओं की प्रगति प्रभावित न हो और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरे किए जा सकें।

खुदाई के दौरान टोरेंट गैस का इंजीनियर रहेगें मौजूद

बैठक में टोरेंट गैस के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि सीएम ग्रिड के अंतर्गत मार्गों पर खुदाई के दौरान टोरेंट गैस की ओर से एक इंजीनियर मौके पर मौजूद रहेगा, जिससे गैस पाइपलाइन को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे और लीकेज जैसी घटनाओं की आशंका को रोका जा सके। नगर आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि जहां हाउस कनेक्शन अभी तक अधूरे हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाए। सीएम ग्रिड के कार्य पूर्ण होने के बाद किसी भी प्रकार की खुदाई की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए संबंधित विभाग और एजेंसियां समय रहते अपने सभी लंबित कार्य पूरे कर लें।

नगर आयुक्त हिमांशु कौशिक ने स्पष्ट किया कि शहर में विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ नागरिकों की सुरक्षा, निर्माण की गुणवत्ता और निर्धारित समय सीमा का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सीएम ग्रिड परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

विकास एवं निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए समयबद्ध लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान सहायक निदेशक मत्स्य के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के आधार पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जननी सुरक्षा योजना, फैमिली आईडी, पोषण ट्रैकर, टूल किट योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित उद्यान, ऊर्जा, स्वास्थ्य, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, पशुधन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समेत विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), जननी सुरक्षा योजना, फैमिली आईडी तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने पर विशेष जोर दिया। इसके लिए जिलाधिकारी ने आगामी 10 दिनों के लिए विभागवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष कार्यों को प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने तथा कार्यों के प्रभावी अनुश्रवण पर भी बल दिया।

निर्माण कार्यों की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं एवं विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे निर्माण कार्य जिनकी प्रगति धीमी है और निर्धारित समय सीमा में पूर्ण नहीं हो रहे हैं उनकी समय सीमा बढ़ाने के लिए शासन स्तर से स्वीकृति प्राप्त करें साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि जो कार्य अंतिम चरण में है उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि जनपद की रैंकिंग में सुधार के साथ-साथ उन निर्माण कार्यों को जनोपयोगी बनाया जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने जनपद के ऐसे परिषदीय विद्यालयों की सूची जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जहां अभी तक विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर की व्यवस्था नहीं है। इसका उद्देश्य संबंधित विद्यालयों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करना है।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करते हुए विकास कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि जनपद में विकास योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी श्री कुलदीप संत, जिला विकास अधिकारी श्री श्वेतांग पांडे और डीसी एनआरएलएम श्री आरपी भगत के साथ-साथ विकास एवं निर्माण विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मवाना (मेरठ)

पत्रांक 424 / न0पा0परि0 मवाना / मेरठ / ई-निविदा/2026-27 दिनांक: 15/10/26

ई-निविदा निरस्तीकरण सूचना

कार्यालय संख्या नगर पालिका परिषद् मवाना द्वारा पत्र 1415/न0पा0परि0 मवाना / मेरठ / ई-निविदा/2026-27 दिनांक 13-10-2026 एवं पत्र संख्या 1420/ न0पा0परि0 मवाना / मेरठ / ई-निविदा/2026-27 दिनांक 14-10-2026 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी, उक्त निविदा में कार्यालय जिलाधिकारी मेरठ के पत्र संख्या 1683/एल0बी0सी0-21 / मिस0 गा0फा0/2026-27 दिनांक 09-10-2026 के साथ संलग्न प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, नगर विकास अनुभाग-7, लखनऊ के पत्र संख्या-1/1488233/नौ-7-2026-com-No-2092073 दिनांक 09-10-2026 जिसमें लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश में समस्त मार्गों के अनुबन्धों में 05 वर्षिय अनुरक्षण का प्राविधान किये जाने हेतु उक्त निविदाएँ निरस्त की जाती है।

(कृष्ण कान्त मिश्रा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, मवाना,
मेरठ

(अखिल कुमार कौशिक)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, मवाना,
मेरठ

बिलाई मिल से भुगतान न मिलने पर डीएम की कोठी में गन्ना भरने का एलान

बिलाई मिल के 20 हजार किसानों के शपथ पत्र सौंपे, शीरा और खोई की रकम डायवर्ट करने का मामला भी उठाया

आज समाचार सेवा

बिजनौर। भाकियू अराजनैतिक की मासिक बैठक में बिलाई मिल को गन्ना न देने के किसानों के 20 हजार शपथ पत्र प्रशासन को सौंपे गए। युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने कहा कि इन किसानों ने बिलाई मिल को गन्ना न देने की मांग की गई है। अगर मिल चलने से पहले इन्हें भुगतान न मिला और बिलाई मिल से इनका गन्ना न काटा गया तो किसान डीएम के घर मे गन्ना भरेंगे। प्रशासन ने कलक्ट्रेट में तो रेत बजरी डलवा दी लेकिन डीएम के घर मे बहुत जगह है। कहा कि मिल ने आठ करोड़ का शीरा और दस करोड़ की खोई बेच कर किसानों को भुगतान नहीं किया और प्रशासन को पता तक नहीं चला। संगठन ने पेराई सत्र शुरू होने से पहले गन्ने का मूल्य 500 प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग की। फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर 20 अक्टूबर तक रिपोर्ट न भेजने पर 20 हजार किसानों से आईजीआरएस पोर्टल से शिकायत दर्ज कराने की चेतावनी दी।

प्रदर्शन के बाद अपर जिलाधिकारी अंशिका दीक्षित को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान बिलाई शुगर मिल के खिलाफ चल रहे ह्यभुगतान नहीं तो गन्ना नहींद्ध आंदोलन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। संगठन ने आरोप लगाया कि बिलाई शुगर मिल के शीरे से संबंधित लगभग 8 करोड़ 15 लाख रुपये तथा खोई से संबंधित करीब 10 करोड़ रुपये की राशि डायवर्ट की गई है। दिगम्बर सिंह ने कहा कि मिल के अधिकारी चोरी से माल बेचते रहे और अधिकारी सोते रहे। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी और मिल प्रबंधन की भूमिका की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने जिला आबकारी अधिकारी को अपने बीच बैठाकर इस मामले में जवाब भी मांगा। जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने कहा कि 31,753 किसानों में से 20 हजार किसानों के शपथ पत्र भरवाना किसानों के असंतोष को दशार्ता है। पंचायत की अध्यक्षता मुखिया रामफल सिंह ने की तथा संचालन जिला महासचिव नितेंद्र प्रधान ने किया। अपर जिलाधिकारी अंशिका दीक्षित, उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार की मौजूदगी में हुई वार्ता में अपर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान लोकेंद्र सिंह डोडवाल, दुष्यंत कुमार राणा, अजय कुमार चैहान, महबूब प्रधान, राकेश प्रधान, अरविंद राजपूत, नवबहार सिंह, उदयवीर सिंह, शंकर सिंह, चैधरी बलराम सिंह, सरदार इकबाल सिंह, कुलबीर सिंह, समरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, सरदार महल सिंह, पवन कुमार, बृजेश राजपूत और चैधरी विजयपाल सिंह सहित संगठन के जिला व ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

न0पा0परि0 ने चलाया आवारा कुत्तों को पकड़ने का सघन अभियान, बधियाकरण हेतु भेजा गया

आज समाचार सेवा

किरतपुर। नगर पालिका परिषद किरतपुर द्वारा नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों के आतंक से आम नागरिकों को निजात दिलाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। पालिका अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता एवं अध्यक्ष अब्दुल मन्नान के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न वार्डों और गलियों में कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष टीम लगाई गई। पिछले काफी समय से नगर के विभिन्न मोहल्लों में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने से मोहल्लेवासियों, खासकर स्कूल जाने वाले मासूम बच्चों और बुजुर्गों में भय का माहौल बना हुआ था। नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए पालिका प्रशासन द्वारा डॉग कैचर वाहन और विशेष जालियों के साथ टीम को मैदान में उतारा गया। अभियान के अंतर्गत नगर के मोहल्लों में सुबह-सवेरे चलाई गई कार्यवाही के दौरान आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़ा गया। नगर से पकड़े गए सभी कुत्तों को नियमित प्रक्रिया के तहत बधियाकरण हेतु भेजा गया है, ताकि नगर में इनकी बढ़ती आबादी पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जा सके। पालिका प्रशासन ने बताया कि नगरवासियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कुत्तों को पकड़ने की इस कार्रवाई पर नगरवासियों ने राहत की सांस ली है।

सेवा के रंग राष्ट्र के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया

आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। सेवा संकल्प अभियान विकसित भारत 2047 के अंतर्गत तहसील परिसर नजीबाबाद में सेवा के रंग, राष्ट्र के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भव्य रंगोली बनाकर रचनात्मकता, विभागीय एकता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। रंगोली निर्माण में बेसिक शिक्षा विभाग नजीबाबाद की टीम और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सहयोग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र सिंह, बीडीओ दीपक तेवतिया और खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन ने संयुक्त रूप से किया। रंगोली निर्माण में नंदिनी बंसल, हिमानी प्रजापति, नीतू शर्मा, चित्रा राजपूत, नीता तोमर, पूनम चैधरी, किरन राजपूत और दीपिका यादव का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर एआरपी डॉ. राहुल वर्मा, एआरपी रितेश भाटिया, वरिष्ठ सहायक सुनील शर्मा, कनिष्ठ सहायक शिवम, अरविंद आदि मौजूद रहे।

भोजपुर में बड़े पैमाने पर कथित अवैध भरान किए जाने का मामला चचाओं में

आज समाचार सेवा

किरतपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर में बड़े पैमाने पर कथित अवैध भरान किए जाने का मामला चर्चा में है। स्थानीय स्तर पर इस गतिविधि को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

आसपास के जागरूक लोगों का कहना है कि यदि भरान का कार्य नियमों के विपरीत किया जा रहा है, तो संबंधित विभागों की ओर से अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई? मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि आखिर किसकी अनुमति से भरान का कार्य किया जा रहा है और क्या इसके लिए निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है? लोगों का कहना है कि यदि कार्य अवैध है, तो संबंधित विभाग को तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करनी चाहिए और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए। मामले को लेकर यह सवाल भी उठ रहा है कि संबंधित विभागों को इसकी जानकारी है या नहीं।

यदि जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है, तो इसके पीछे क्या कारण हैं? हालांकि, इस संबंध में संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आना और भरान की वैधता की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर भरान स्थल की जांच कराने, अनुमति संबंधी अभिलेखों की पड़ताल करने और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग मामले की जांच कर स्थिति स्पष्ट करते हैं या ग्राम भोजपुर में कथित अवैध भरान को लेकर उठ रहे सवाल यूं ही बने रहेंगे।

हाजी रफीक अंसारी ने सपा के प्रचार-प्रसार के साथ ग्रामीणों से जनसंपर्क किया

आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी रफीक अंसारी ने ग्राम ताहरपुर (गुज्जर बस्ती) में समाजवादी पार्टी के प्रचार-प्रसार के साथ ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। बस्ती में पहुँचने पर ग्रामवासियों ने हाजी रफीकछ अंसारी का फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान हाजी रफीक अंसारी ने ग्रामीणों से मुलाकघत कर उनका हालचाल जाना और क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा पर चर्चा करते हुए आगामी मिशन 2027 के संदर्भ में पार्टी कार्यकताओं और ग्रामीणों से संवाद किया। हाजी रफीक अंसारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी आवाज उठाने और उनके मुद्दों को प्रमुखता से रखने में विश्वास रखती है। जनसंपर्क का उद्देश्य लोगों से सीधा संवाद स्थापित करना और उनकी बातों को सुनना है।उन्होंने ग्रामीणों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की। इस अवसर पर समस्त ग्रामीण एवं समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

हल्दौर में श्री रामलीला कमेटी की और से भव्य राम बारात निकाली गई

आज समाचार सेवा

राम बारात का लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

हल्दौर। नगर में गुरुवार की देर शाम श्री रामलीला कमेटी (दशहरा) के तत्वावधान में भगवान श्रीराम की भव्य बारात बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। बारात में उमड़ा जनसैलाब,जय श्री राम के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। गुरुवार को देर शाम को रामलीला मैदान से राम बारात की शुरूआत हुई। श्रीराम बारात का शुभारंभ चेयरपर्सन विमला देवी एवं समाजसेवी दीपक सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बारात में आकर्षक विद्युत झालरों से सजे रथ पर भगवान राम, लक्ष्मण,भरत और शत्रुघ्न विराजमान थे। बारात के आगे-आगे घोड़े पर सवार बच्चे, बैंड-बाजे और डीजे पर बज रहे भजनों पर नाचते-गाते श्रद्धालु चल रहे थे,बारात में चल रही आकर्षक झांकियों में महाराजा दशरथ एवं गुरु वशिष्ठ, देवी सरस्वती, मां शेरावाली, मां काली अखाड़ा, ऊँटों पर विराजमान भगवान कृष्ण के साथ गोपियों की रासलीला, राजस्थानी नृत्य, अघोड़ी अखाड़ा, श्रावण कुमार द्वारा माता पिता को तीर्थ कराना, भगवान विष्णु लक्ष्मीजी, भगवान शिव स्तुति, एवं दो गोरिल्ला की झांकी जो कि शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बने रहे। बारात जैसे ही मुख्य बाजार में पहुंची, नगरवासियों ने फूलों की वर्षा कर श्रीराम बारात का स्वागत किया। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे और महिलाओं ने छतों से पुष्प वर्षा की। बारात लकड़ शाह चौराहे से बाजार, माहौल पहाड़, रहिसान, जामा मस्जिद, टाटमोहरा, मोहल्ला खेड़ा, शहीद स्मारक होते हुए रामलीला ग्राउंड पर पहुंच कर समापन हुई। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष दीपांशु चौहान, विकास चौहान, आयुष राजपूत, पृथक राजपूत, निकुंज चौहान, सुधांशु चौहान, कुणाल, शिव, तुषार, कृष्णा आदि सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

भव्य रामलीला मंचन का आयोजन हुआ

बिजनौर। नगर में रामलीला मैदान में रामलीला के मंचन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मुरादाबाद से आई रामलीला पार्टी के कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन किया जा रहा है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विकास गुप्ता उर्फ रॉकी ने बताया कि रामलीला के कलाकार मुरादाबाद बहुत ही सुंदर राम लीला का प्रदर्शन कर रहे हैं। रामलीला मैदान में दर्शकों के लिए कुर्सियों तथा साफ सफाई की व्यवस्था उच्च स्तर पर की गई है।

मेडिकल कॉलेज में सर्पदंश से बचाव एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने दिया जागरूकता का संदेश

मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. ललिता चौधरी के निर्देशन में हुआ कार्यक्रम आयोजित

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रजनीश शर्मा एवं डॉ. हरिओम ने बताए सर्पदंश से बचाव के उपाय

आज समाचार सेवा

बिजनौर। महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर की प्राचार्य डॉ. ललिता चैधरी के मार्गदर्शन में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय, सम्बद्ध महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर में सर्पदंश से बचाव एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों सहित आमजन को सर्पदंश के खतरों, बचाव के उपायों तथा समय पर उचित चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (ब्डै) डॉ. रजनीश शर्मा एवं डॉ. हरिओम ने लोगों को सर्पदंश से बचाव, प्राथमिक उपचार तथा समय पर अस्पताल पहुंचने के महत्व के बारे में जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि सांप के काटने पर झाड़-फूंक या घरेलू उपचार में समय बर्बाद करने के बजाय मरीज को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल ले जाना चाहिए, ताकि उसे समय पर उचित उपचार मिल सके। कार्यक्रम के दौरान इंटर्न द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सर्पदंश से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने तथा सही उपचार अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक (डै) डॉ. सुनील मलिक, उप चिकित्सा अधीक्षक (क्डै) डॉ. दिनेश गोस्वामी, कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. नितिन पाठक, डॉ. अजय प्रजापति, डॉ. स्नेहा मित्तल, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. सूर्यकांत, डॉ. पीयूष, डॉ. मोहित सैनी, डॉ. दीपिका सिंह, शिवानी शर्मा एवं अन्य इंटर्न उपस्थित रहे। महाविद्यालय द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने तथा समय पर उचित चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने के प्रति जागरूक किया जा रहा।

नगीना से इस बार गिरेगा सपा का विकेट: फहाद खान

आज समाचार सेवा

किरतपुर। आजाद समाज पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष फहाद खान ने कहा कि नगीना विधानसभा क्षेत्र में इस बार बदलाव की लहर चल रही है। जनता झूठे वादों से परेशान होकर बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनाव में आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। फहाद खान ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि नगीना विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे मनोज पारस अब क्षेत्र में चुनावी गतिविधियों में नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का गढ़ कहे जाने वाले किरतपुर नगर में भी पार्टी की स्थिति कमजोर दिखाई दे रही है। उनके अनुसार, नगर में सपा के नगर अध्यक्ष तक को ढूंढना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर और वि ानसभा क्षेत्र की जनता अब बदलाव चाहती है। आजाद समाज पार्टी के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है।फहाद खान ने विश्वास जताया कि आगामी चुनाव में जनता के समर्थन से पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी और नगीना विधानसभा क्षेत्र में नया राजनीतिक समीकरण देखने को मिलेगा।

सेंट मैरी स्कूल में हुआ मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

आज समाचार सेवा

नगीना। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सेंट मैरी स्कूल में मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा,सम्मान एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, फिशिंग,सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा व्यक्तिगत जानकारी,पासवर्ड एवं ओटीपी साझा करने से होने वाले संभावित खतरों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने,अनजान व्यक्तियों के साथ निजी जानकारी साझा न करने तथा किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त महिला सुरक्षा एवं आपातकालीन सहायता के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की छेड़छाड़,उत्पीड़न अथवा असुरक्षा की स्थिति में बिना किसी संकोच के पुलिस से सहायता लेने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारी ने महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन भी बताए।

बिजनौर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा जागरूकता सुनिश्चित करने और साइबर अपराधों के प्रति आमजन को सजग बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सेंट मैरी स्कूल के प्रधानाचार्य फादर सायजू राफेल सीएम,शिक्षक शिक्षिकाएं,स्टॉफ तथा समस्त छात्राएं मौजूद रहे।

1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर जनपद में चलेगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

आज समाचार सेवा

बिजनौर। निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही मतदेय स्थलों के युक्तिकरण, पुनर्व्यवस्थापन एवं पुनर्निर्धारण की कार्यवाही भी की जा रही है। इस संबंध में शुक्रवार को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

नगर पालिका परिषद बिजनौर ने बच्चों को बांटी पोषण आहार किट

बिजनौर नगर को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए पालिका की अनोखी पहल, चेयरपर्सन इंदिरा सिंह का अहम योगदान

अब तक 1,000 से अधिक बच्चे कुपोषण से हुए मुक्त, अध्यक्ष इंदिरा सिंह ने सामूहिक प्रयासों को सराहा

अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ कार्यक्रम, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ0 बीरबल सिंह ने किया संबोधित

आज समाचार सेवा

बिजनौर। नगर को पूरी तरह कुपोषण से मुक्त करने के संकल्प के साथ नगर पालिका परिषद ने एक विशेष मुहिम शुरू की है। इसके तहत नगर पालिका परिषद द्वारा चिन्हित कुपोषित व अति-कुपोषित बच्चों को श्पोषण आहार किटश का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष इंदिरा सिंह ने बताया कि बिजनौर में अब तक 1,000 से अधिक बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराया जा चुका है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सभागार में आयोजित श्कुपोषित बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने हेतु अंतर विभागीय समन्वय बैठकश को संबोधित करते हुए उन्होंने आंकड़े साझा किए।

उन्होंने कहा कि जून 2025 से सितंबर 2026 के बीच 169 सैम तथा 912 मैम श्रेणी के बच्चों को कुपोषण से बाहर निकाला जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब पूरे बिजनौर नगर में मात्र 22 कुपोषित बच्चे शेष रह गए हैं, जिनमें से 18 सैम और 4 मैम श्रेणी में हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि सामूहिक प्रयासों से जल्द ही नगर को पूरी तरह कुपोषण मुक्त कर लिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रामपाल सिंह यादव के कुशल संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम को भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह और जिला कार्यक्रम विभाग की सुपरवाइजर भावना भारद्वाज ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अपने हाथों से अभिभावकों के साथ आए बच्चों को पोषण आहार किट सौंपी। इस मौके पर कर अधीक्षक नरेश पाल सिंह, सफाई निरीक्षक गोविंद चैधरी, अवर अभियंता (जल) गौरव शर्मा, अवर अभियंता (सिविल) यशवंत सिंह, स्वच्छता लिपिक संदीप कुमार सहित सभासद आशीष अग्रवाल, घनश्याम दास गुप्ता, संजय बिश्नोई और अमित ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर की दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भी हिस्सा लेकर अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

दिवाली से पहले सफाई और सड़कों की मरम्मत के निर्देश
31 अक्टूबर तक सभी सड़कों की रिसर्फेसिंग का लक्ष्य

नोएडा प्राधिकरण ने त्योहारों से पहले सफाई, रोशनी और जलापूर्ति दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। 31 अक्टूबर तक सड़कों की रिसर्फेसिंग, बकायेदारों से वसूली तेज करने, अवैध निर्माण पर कार्रवाई और न्यू नोएडा में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने पर जोर दिया गया।

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने 15 अक्टूबर 2026 को विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा करते हुए शहर की सफाई, सड़कों की मरम्मत, प्रदूषण नियंत्रण और प्रमुख परियोजनाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में आगामी त्योहारों के मद्देनजर साफ-सफाई, लाइटिंग, जलापूर्ति और विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को मूर्ति विसर्जन और अर्घ्य के लिए कृत्रिम तालाब तैयार कराने, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन मजबूत करने और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा गया। इसके अलावा 31 अक्टूबर तक सड़कों की रिसर्फेसिंग कराने, बकायेदारों से वसूली तेज करने और न्यू नोएडा में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए गए।समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने निर्देश दिए कि त्योहारों को देखते हुए शहर के सभी जरूरी स्थलों पर सफाई, सड़क मरम्मत और रोशनी की व्यवस्था समय से पूरी कर ली जाए। मूर्ति विसर्जन और अर्घ्य के लिए उपयुक्त स्थान चिह्नित कर कृत्रिम तालाब भी तैयार किए जाएं। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गांवों में अतिरिक्त वाहन खरीदकर तैनात करने को कहा गया। प्राधिकरण कचरा उठाने वाले वाहनों में 70 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन और 30 प्रतिशत सीएनजी वाहन शामिल करने की दिशा में काम कर रहा है। इसके लिए तैयार किया गया आकलन परीक्षण के लिए आईआईटी भेजा जा चुका है। अधिकारियों को सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी करने और फील्ड स्टाफ को समय पर क्षेत्र में पहुंचने के निर्देश भी दिए गए। अवर अभियंताओं को सुबह 8 बजे और प्रबंधकों को सुबह 9 बजे तक क्षेत्र में पहुंचकर निरीक्षण करना होगा। निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारियों को अपनी लाइव लोकेशन भी साझा करनी होगी। ठेकेदारों के साथ बैठक कर मुख्य बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाने तथा अव्यवस्थित तरीके से फैले कबाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में भंगेल एलिवेटेड रोड के नीचे सड़क, नाली, पुलिया और सेंट्रल वर्ज का निर्माण जल्द पूरा कराने को कहा गया। चिल्ला बॉर्डर से महामाया फ्लाईओवर तक निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड के पूरा होने के बाद अंतिम छोर पर जाम की समस्या न हो, इसके लिए अभी से योजना बनाने के निर्देश दिए गए। यमुना के समानांतर प्रस्तावित पुस्ता मार्ग के निर्माण को लेकर उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग से पत्राचार कर आगे की कार्रवाई तेज करने को कहा गया। इस मार्ग के अतिरिक्त हिस्से में हरित विकास और सौंदर्यीकरण के काम कराने के निर्देश भी दिए गए। वहीं चिल्ला से यमुना पुस्ता तक प्रस्तावित एलिवेटेड रोड की डीपीआर स्वीकृत होने और सैद्धांतिक मंजूरी मिलने की जानकारी दी गई। इस परियोजना के लिए एक से दो सप्ताह में निविदाएं आमंत्रित किए जाने की संभावना जताई गई। इंजीनियरिंग विभागों को स्वीकृत कार्यों की निविदा प्रक्रिया जल्द पूरी कर निर्माण शुरू कराने तथा सिविल, बिजली, जल और सीवर से जुड़े कामों के लिए एकीकृत आकलन तैयार करने को भी कहा गया।

नोएडा में बने शौचालयों और यूरिनल्स के रखरखाव की समीक्षा करते हुए वरिष्ठ प्रबंधकों को प्रमाण-पत्र देने के निर्देश दिए गए कि उनके क्षेत्र में सभी शौचालय पूरी तरह अनुरक्षित और संचालित हैं। यह भी स्पष्ट किया गया कि शौचालयों के संचालन के लिए तैनात विज्ञापन एजेंसियां केवल शौचालय या यूरिनल के ऊपर ही विज्ञापन लगाएं। शहर में अवैध वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने और जब्त ठेलियों, खोखों व कार्ट को रखने के लिए प्रत्येक वर्क सर्किल में एक स्टोर की व्यवस्था करने को कहा गया। आगामी महीनों में लागू होने वाले ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (तन्नक्क) को देखते हुए वायु प्रदूषण रोकने के उपाय अभी से शुरू करने के निर्देश दिए गए। इसके तहत 31 अक्टूबर तक सड़कों की रिसर्फेसिंग, इमारतों में रूफटॉप स्प्रिंकलर लगाने के लिए एडवाइजरी जारी करने और शहर में विभिन्न स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक प्रदर्शित करने की व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में बताया गया कि 88 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए कार्यादेश जारी हो चुके हैं। इसके अलावा 77 अन्य स्थानों को भी चार्जिंग स्टेशन के लिए चिह्नित किया जाना है। पार्कों में ओपन जिम का नियमित रखरखाव करने, उनकी संख्या बढ़ाने और बच्चों के लिए पीपीपी मॉडल पर गेम व स्पोर्ट्स जोन विकसित करने के निर्देश दिए गए।प्राधिकरण की संपत्तियों के बकायेदारों की समीक्षा में निर्देश दिया गया कि एक करोड़ रुपये से अधिक के ऐसे बकायेदारों से वसूली 1 नवंबर तक पूरी की जाए, जिनका मामला किसी न्यायालय में लंबित नहीं है। निर्धारित समय तक भुगतान नहीं होने पर संबंधित बकायेदारों के खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर करने, रिकवरी आदेश जारी कराने और मामला आर्थिक अपराध शाखा (EOW) को भेजने की कार्रवाई करने को कहा गया। सेक्टर-145 में पांच प्रतिशत आबादी श्रेणी के तहत आवंटित भूखंडों का कब्जा देने की प्रक्रिया दीपावली से शुरू करने के निर्देश दिए गए। प्राधिकरण क्षेत्र की अधिसूचित और अधिग्रहित भूमि पर अवैध निर्माण के खिलाफ भी कार्रवाई करने को कहा गया। सलारपुर, भंगेल, गेझा, शाहपुर गोवर्धनपुर और हाजीपुर के चिह्नित खसरा नंबरों पर बने अवैध निर्माण सील करने के निर्देश दिए गए। संबंधित सूचना सब-रजिस्ट्रार को भेजने को भी कहा गया, ताकि इन संपत्तियों के पट्टा प्रलेख किसी अन्य के पक्ष में निष्पादित न हों। दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन यानी न्यू नोएडा में भूमि अधिग्रहण की समीक्षा के दौरान प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि भूमि अधिग्रहण की दरें तय हो चुकी हैं और क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक भी हो चुकी है। अब तक 281 काश्तकार आपसी सहमति से भूमि देने के लिए अपने प्रपत्र जमा करा चुके हैं। समीक्षा बैठक में नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी, विशेष कार्याधिकारी क्रांतिशेखर सिंह, महिमा, इंदुप्रकाश सिंह, एन.के. सिंह और संतोष कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा महाप्रबंधक सिविल ए.के. अरोड़ा और एस.पी. सिंह, महाप्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिकी आर.पी. सिंह, महाप्रबंधक नियोजन मीना भार्गव, उद्यान विभाग के निदेशक आनंद मोहन सिंह तथा विभिन्न वर्क सर्किल, जल खंड और विद्युत एवं यांत्रिकी खंडों के वरिष्ठ प्रबंधक और प्रबंधक भी बैठक में शामिल हुए।

एक नज़र

दशहरे के पर्व का महत्व बताया

ग्रेटर नोएडा। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में गुरुवार को प्री-प्राइमरी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों के लिए दशहरा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को दशहरे के पर्व का महत्व बताया गया। शिक्षकों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और रावण से जुड़ी रामायण की कहानी सरल एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत की। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश सीखा। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और अच्छे संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम ने बच्चों को सत्य, सदाचार और अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोग पर चर्चा

ग्रेटर नोएडा। इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन (आईबीए) और नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एनआईईटी) के बीच उद्योग-अकादमिक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोग, कौशल विकास और रोजगारोन्मुख शिक्षा पर चर्चा हुई। बैठक में प्रशिक्षु, औद्योगिक भ्रमण, परियोजना, अनुसंधान एवं विकास, कौशल विकास, अतिथि व्याख्यान, नियोजन और नवाचार जैसे विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन और छात्रों को व्यावहारिक अनुभव की जरूरत है। इस मौके पर उद्यमी संगठन आईबीए के अध्यक्ष अमित कुमार उपाध्याय, सुनील दत्त शर्मा, नरेश चौहान, अजय राणा, सुधीर त्यागी, वीरेंद्र प्रताप रावल, विकास राय आदि उद्यमियों के अलावा संस्थान की अतिरिक्त प्रबंध निदेशक डॉ नीमा अग्रवाल, निदेशक डॉ. विनोद एम. कापसे आदि उपस्थित रहे।

दुकानदारों को नकली नोट थमाकर कमाते थे मुनाफा, ग्रेटर नोएडा पुलिस ने 200 रुपये के 920 जाली नोट किए बरामद

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने नकली नोट छापकर बाजार में चलाने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 84 हजार रुपये के जाली नोट बरामद किए हैं। इनमें 200-200 रुपये के कुल 920 नोट शामिल हैं। इसके अलावा एक हजार रुपये की असली नकदी, मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी भीड़भाड़ वाले इलाकों में दुकानदारों को नकली नोट देकर उन्हें बाजार में चलाते थे और इस तरह मुनाफा कमाने की कोशिश करते थे। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने और यह पता लगाने में जुटी है कि नकली नोट छापने और उन्हें बाजार में खपाने का नेटवर्क कितना बड़ा है। नकली नोटों के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी जाली नोट तैयार करने के बाद उन्हें बाजार में चलाने का काम करते थे। जांच में सामने आया कि वे भीड़भाड़ वाले इलाकों में दुकानदारों को निशाना बनाते थे, ताकि नकली नोट आसानी से चलाए जा सकें। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के बाद उनके पास मौजूद सामान की तलाशी ली। इस दौरान बड़ी संख्या में 200 रुपये के जाली नोट बरामद हुए। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ और बरामद सामान की जांच के आधार पर मामले की अन्य कड़ियां जोड़ने में जुटी है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 1 लाख 84 हजार रुपये के जाली नोट बरामद किए हैं। बरामद नोट 200 रुपये के हैं और उनकी संख्या 920 बताई गई है। इसके अलावा एक हजार रुपये की असली नकदी, मोबाइल फोन और कथित तौर पर वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी पुलिस ने अपने कब्जे में ली है। बरामदगी के बाद पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नोट कहां छापे जाते थे और उन्हें बाजार तक पहुंचाने में किन लोगों की भूमिका थी। फिलहाल इस मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी भीड़भाड़ वाले बाजारों में दुकानदारों को नकली नोट देकर उन्हें चलाने की कोशिश करते थे। इस तरीके से वे जाली नोटों के बदले असली सामान या रकम हासिल कर मुनाफा कमाना चाहते थे। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपियों ने पहले किन बाजारों में नकली नोट चलाए और इस गतिविधि में कितने लोग शामिल थे। मोबाइल फोन और कार समेत बरामद सामान की जांच से भी मामले से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस की जांच अब गिरोह के संभावित अन्य सदस्यों और नकली नोटों की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क पर केंद्रित है। जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि जाली नोट छापने का काम कहां होता था और उन्हें बाजार में चलाने के लिए किन तरीकों का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस के मुताबिक, मामले में आगे की कार्रवाई जांच से सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर की जाएगी।

पुरानी रंजिश में इमरान की गोली मारकर हत्या, साजिश रचने और आरोपियों को भगाने के आरोप में चार गिरफ्तार

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्धनगर के जेवर थाना क्षेत्र में इमरान हत्याकांड के मामले में पुलिस ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, इन पर हत्या की साजिश रचने, षड्यंत्र में शामिल होने, वारदात को अंजाम देने में सहयोग करने और आरोपियों को भगाने में भूमिका निभाने का आरोप है। चारों को 15 अक्टूबर 2026 को झाझर रोड स्थित नगला तिराहे से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इमरान की हत्या को लेकर उसके भाई ने 8 अक्टूबर को जेवर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पुरानी रंजिश के चलते जान मोहम्मद और इदरीश ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इमरान को गोली मार दी थी। जेवर थाना पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से इब्राहिम, रिजवान, समरीन और मुस्कान को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, इब्राहिम पुत्र सईद की उम्र करीब 48 वर्ष है। रिजवान इब्राहिम का पुत्र है। समरीन पुत्री यूसुफ की उम्र करीब 21 वर्ष और मुस्कान पत्नी फैजान की उम्र करीब 22 वर्ष बताई गई है। चारों आरोपी जहांगीरपुर कस्बे के मोहल्ला व्यापारियान के निवासी हैं। पुलिस का आरोप है कि इनकी भूमिका हत्या की साजिश, घटना में सहयोग और मुख्य आरोपियों को भगाने में रही। मामले में उनकी भूमिका को लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, इमरान की हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 8 अक्टूबर को जान मोहम्मद और इदरीश ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके भाई इमरान, जिसकी उम्र करीब 36 वर्ष थी, को गोली मार दी। इस शिकायत के आधार पर जेवर थाने में मुकदमा संख्या 332/2026 दर्ज किया गया। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं 191(2), 191(3), 190, 103(1), 3(5) और 61(2) के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच के दौरान अन्य आरोपियों की भूमिका सामने आने पर उनकी गिरफ्तारी की गई।

ध्रुव राठी की गिरफ्तारी का दावा फर्जी, नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने दिए कार्रवाई के निर्देश

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध यूट्यूबर ध्रुव राठी की नोएडा में गिरफ्तारी को लेकर प्रसारित हो रही खबर को नोएडा पुलिस ने भ्रामक बताया है। पुलिस के अनुसार, ध्रुव राठी की गिरफ्तारी का दावा निराधार है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर पुलिस मीडिया सेल ने मामले का फैक्ट चेक कर वायरल दावे की सच्चाई स्पष्ट की है। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ गिरफ्तारी का दावा सोशल मीडिया के कुछ हैंडल्स पर ध्रुव राठी की गिरफ्तारी से संबंधित पोस्ट साझा की जा रही थीं। इन पोस्ट के तेजी से प्रसारित होने से लोगों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हुई। मामले का संज्ञान लेते हुए नोएडा पुलिस ने स्पष्ट किया कि गिरफ्तारी से जुड़ी वायरल खबर सही नहीं है और इस पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए।नोएडा पुलिस ने गलत और भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि अफवाह फैलाने या झूठे दावे साझा करने वालों के खिलाफ लागू कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस ने नागरिकों से अपुष्ट खबरों को आगे साझा करने से बचने की अपील की है। पुलिस मीडिया सेल ने जारी किया फैक्ट चेक पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर पुलिस मीडिया सेल ने व्हाट्सएप समूह 'संवाद' के माध्यम से फैक्ट चेक संबंधी जानकारी साझा की। इसका उद्देश्य वायरल दावे की वास्तविकता स्पष्ट करना और लोगों तक सही जानकारी पहुंचाना है। खबर साझा करने से पहले आधिकारिक पुष्टि जरूरी नोएडा पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली खबरों की सत्यता जांचने के बाद ही उन्हें साझा करें। विशेष रूप से गिरफ्तारी और पुलिस कार्रवाई जैसी संवेदनशील घटनाओं से जुड़ी जानकारी के मामले में आधिकारिक पुष्टि को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी खबर का सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होना उसकी सत्यता का प्रमाण नहीं है। नागरिकों से जिम्मेदारी के साथ डिजिटल मंचों का इस्तेमाल करने और अफवाहों के प्रसार को रोकने में सहयोग करने की अपील की गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में किसानों की बैठक, 10% भूखंड और 64.7% अतिरिक्त प्रतिकर की मांग

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। भारतीय किसान यूनियन (कृषक) ने किसानों की समस्याओं को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में महत्वपूर्ण बैठक की। राष्ट्रीय संगठन मंत्री हरवीर नागर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में किसानों की लंबित मांगों और गांवों के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, ओएसडी अजय शर्मा और ओएसडी गिरीश कुमार झा मौजूद रहे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण नागर ने कहा कि वर्ष 1997 से 2001 के बीच जिन गांवों की भूमि का अधिग्रहण हुआ था, उन किसानों को भी 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर दिया जाए। इसके साथ ही सभी शेष पात्र किसानों को 10 प्रतिशत भूखंड देने की मांग उठाई गई। संगठन के जिलाध्यक्ष विक्रम भाटी ने ऐंच्छर, हल्दौना, गुर्जरपुर और कासना के किसानों के 26 रुपये प्रति वर्गमीटर प्रतिकर से संबंधित मुद्दे को उठाया। इस पर एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने कहा कि शासन से स्वीकृति मिलते ही शेष किसानों को प्रतिकर वितरित कर दिया जाएगा। वहीं, 10 प्रतिशत भूखंड को लेकर पहले हुए शासनस्तरीय समझौते पर जल्द ही यूपीएसआईडीसी और शासन स्तर पर चर्चा की जाएगी। संगठन के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री विजय भाटी ने गांवों में बारात घर, बिजली, पानी, स्ट्रीट लाइट और सड़कों के निर्माण सहित विकास से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने होंडा चौक से 130 मीटर रोड तक जर्जर सड़क की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों से सड़क निर्माण कार्य कराने की मांग की। बैठक में प्रताप नागर, हरवीर सिंह, सतपाल नागर, विजय भाटी, अनिल नागर, सोविंदर चेची, भरत भाटी, यायीन, साबू, जगपाल, श्याम सिंह, विकास हल्दौना और हरिचंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शारदा यूनिवर्सिटी में 'एंडो कर्व' अकादमिक कार्यक्रम आधुनिक उपचार पर विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। शारदा यूनिवर्सिटी के शारदा स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज में विश्व एंडोडॉन्टिक दिवस के अवसर पर 'एंडो कर्वः मास्टरिंग द आर्ट एंड साइंस ऑफ कर्व्ड कैनाल मैनेजमेंट' विषय पर विशेष अकादमिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिपार्टमेंट ऑफ कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडॉन्टिक्स की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में दांतों की जड़ों में मौजूद घुमावदार रूट कैनाल के उपचार की आधुनिक तकनीकों, क्लिनिकल दक्षता और वैज्ञानिक उपचार पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दंत चिकित्सा के विद्यार्थियों और विशेषज्ञों को जटिल रूट कैनाल के उपचार से जुड़ी नवीन प्रक्रियाओं की जानकारी देना तथा मरीजों के इलाज में सटीकता और गुणवत्ता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में डीजे स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल धींगरा मुख्य अतिथि और विशेषज्ञ वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने घुमावदार रूट कैनाल के उपचार में आने वाली चुनौतियों, सही तकनीक के चयन और दांतों की प्राकृतिक संरचना को सुरक्षित रखने के महत्व पर अपने विचार साझा किए।डॉ. अनिल धींगरा ने कहा कि घुमावदार रूट कैनाल का उपचार एंडोडॉन्टिक्स का एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण हिस्सा है। ऐसे मामलों में चिकित्सक के अनुभव, धैर्य और तकनीकी सटीकता की अहम भूमिका होती है। उपचार के दौरान कैनाल की प्राकृतिक बनावट को सुरक्षित रखते हुए उसकी उचित सफाई और शेपिंग करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित उपचार पद्धतियों की जानकारी दंत चिकित्सकों को बेहतर क्लिनिकल निर्णय लेने में मदद करती है। उनके अनुसार, इस प्रकार के अकादमिक आयोजन विशेषज्ञों के बीच ज्ञान और अनुभव साझा करने के साथ-साथ उपचार की गुणवत्ता में सुधार लाने का अवसर प्रदान करते हैं। व्यावहारिक ज्ञान और आधुनिक तकनीकों पर शारदा यूनिवर्सिटी का जोर इस अवसर पर शारदा स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज के डीन डॉ. हेमंत सहानी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण डेंटल एजुकेशन के लिए सैद्धांतिक अध्ययन के साथ आधुनिक क्लिनिकल तकनीकों की व्यावहारिक समझ भी आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों को नई उपचार पद्धतियों से परिचित होने तथा अपने क्लिनिकल कौशल को बेहतर बनाने का अवसर देते हैं।

गौतमबुद्ध नगर की तीनों तहसीलों में लगा स्पेशल पिंक समाधान दिवस

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। गौतमबुद्धनगर में महिलाओं की समस्याओं के समाधान और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शनिवार, 17 अक्टूबर को जिले की तीनों तहसीलों में स्पेशल पिंक समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। मिशन शक्ति विशेष अभियान 5.0 के तहत होने वाले इस आयोजन में महिलाओं की शिकायतों को प्राथमिकता से सुना जाएगा। इसके साथ ही महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर शारदीय नवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को अपनी समस्याएं प्रशासन तक पहुंचाने के लिए एक सुलभ मंच उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और महिला कल्याण से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। महिलाओं के लिए स्थापित होगा विशेष हेल्प डेस्कपिंक समाधान दिवस के दौरान महिलाओं की सुविधा के लिए विशेष पिंक हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। यहां महिलाएं अपनी शिकायतें संबंधित अधिकारियों के सामने रख सकेंगी। प्रशासन की ओर से शिकायतों को गंभीरता से सुनने और उनका प्रभावी ढंग से निस्तारण करने पर जोर दिया गया है। इस पहल के जरिए महिलाओं को अपनी समस्याएं दर्ज कराने में सहूलियत देने के साथ ही उन्हें सरकारी व्यवस्था से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए भी जागरूक किया जाएगा। समाधान दिवस में स्वास्थ्य जांच की भी सुविधा इस विशेष आयोजन में केवल शिकायतों की सुनवाई ही नहीं, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा, जहां महिलाएं उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगी। मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी ने जिले की महिलाओं से अपील की है कि वे 17 अक्टूबर को अपनी संबंधित तहसील में पहुंचकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाएं। महिलाएं अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख सकती हैं और स्वास्थ्य जांच शिविर में भी शामिल हो सकती हैं। महिलाओं को एक मंच पर मिलेंगी कई सुविधाएं स्पेशल पिंक समाधान दिवस के माध्यम से प्रशासन का प्रयास है कि महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने, सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए एक ही स्थान पर अवसर मिल सके। ऐसे आयोजन महिलाओं की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने और उनके त्वरित समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।